सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 06 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 65, पेज 12, 2.00 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 195 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स 195 अंक के नुकसान में रहा। } 11

कर्नाटक सरकार पर जमकर बरसे जेपी नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पाक समर्थक नारे के मुद्दे पर कर्नाटक सरकार और उसके नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा अगर कर्नाटक में कुछ भी मुफ्त उपलब्ध है तो वह आतंकवाद है। } 12

संक्षेप

नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपति गिरफ्तार

प्रयागराज। यूपी एटीएस ने प्रयागराज से कृपा शंकर सिंह और उसकी पत्नी बिंदा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को गिरफ्तार किया है। यूपी एटीएस ने प्रयागराज से नक्सली गतिविधियों में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, दोनों रिश्ते में पति-पत्नी हैं। दरअसल थाना एटीएस लखनऊ में साल 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें सभी आरोपियों पर देशभर में हो रही नक्सली वारदातों में शामिल होने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्तों मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। **(विस्तृत भीतर)**

अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर (उप्र)। जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनायेगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने यहां बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइनबाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके साथी विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में आरोप लगाया गया था कि विक्रम ने अपने दो साथियों के साथ पहले उनका अपहरण किया और फिर उन्हें पूर्व सांसद धनंजय सिंह के आवास पर ले गया। सिंघल ने आरोप लगाया था कि वहां धनंजय सिंह पिस्टल लेकर आए और गालियां देते हुए धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद इस मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली।

सड़क हादसों में छह लोगों की मौत

लखनऊ। शाहजहांपुर और कौशांबी जिले में हुए सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई जबकि दस लोग घायल हो गए जिनमें सात की हालत गंभीर बताई जा रही है। शाहजहांपुर के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना कलान क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर गांव में रहने वाले लोग मोहल्ले से गई एक बारात में मदनापुर गए थे। ये लोग सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब सवा दो बजे वापस अपने घर आ रहे थे तभी नरसुइया गांव के पास उनकी कार तेज गति से आ रहे एक ट्रक से टकरा गयी। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को नजदीकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर गिरी गाज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर आखिरकार आज गाज गिर ही गई। योगी सरकार ने उन्हे आनन फानन में हटा दिया है। पिछले दिनों सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में योगी सरकार ने उनके विरुद्ध कार्रवाई की है। आइपीएस अफसर रेणुका मिश्रा को सरकार ने प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। उनके स्थान पर आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को भर्ती बोर्ड की अहम जिम्मेदारी दी गयी है। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान के साथ ही डीजी पुलिस भर्ती बोर्ड की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। इसको लेकर नियुक्ति विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए है। आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के मामले में पुलिस और एसटीएफ ने मिलकर परीक्षा समाप्त होने तक तमाम लोगो को पकड़ा और इस तरह के लोगो की अभी भी गिरफ्तारी कर रही है। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा को निरस्त कर दिया था। इस ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ आईपीएस अफसर राजीव कृष्णा को सौंपी गई डीजी भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी पेपर लीक मामले में हटाई गई डीजी भर्ती बोर्ड

राजभर, दारा चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार ने ली मंत्री पद की शपथ

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल में मंगलवार शाम को पहली बार हुए मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान समेत चार मंत्रियों को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंगलवार शाम पांच बजे यहां राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चारों को कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल (2022-2027) के पहले विस्तार में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पुरकाजी के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के विधानपरिषद सदस्य दारा सिंह चौहान तथा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद के विधायक सुनील शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सभी ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली है। राजभर गाजीपुर जिले के जहूराबाद क्षेत्र से विधायक हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2022 में मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 18 कैबिनेट मंत्री हैं तथा 14 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल अधिकतम 60 मंत्रियों की सीमा के भीतर 52 सदस्य हैं। इस विस्तार के माध्यम से भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले राज्य के विभिन्न क्षेत्रों और विभिन्न जातियों के बीच अपनी मजबूत पकड़ बनाने की पहल की है। राजनीतिक जानकार इसे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के सापेक्ष एक नया पीडीए फार्मूला मान रहे हैं जिसमें पीडीए का निहितार्थ पिछड़ा, दलित और अगड़ा के रूप में निकाला जा रहा है। शपथ लेने वालों में राजभर और चौहान ...शेष पृष्ठ 10 पर

डेढ़ करोड़ किसानों का बिजली बिल माफ

❍ दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर होगा लखनऊ सीमा का विस्तार ❍ चारबाग से बसंतकुंज मेट्रो को मंजूरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र के तौर पर लखनऊ और उसके आसपास के पांच जिलों को मिलाकर एससीआर गठन के अध्यादेश को मंजूरी दी है। इसके साथ ही बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दी है। साथ ही अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट की बैठक के बाद लोकभवन में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की है। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि जो राज्य राजधानी क्षेत्र हैं खासतौर पर बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव सहित वो जिले जो लखनऊ के पड़ोसी हैं वहां अनियोजित विकास न हो। इसका उद्देश्य ये है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए किसानों के निजी नलकूपों पर बिजली बिल में 100 प्रतिशत तक की छूट दे दी है। इस निर्णय से प्रदेश के 1.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लायेगी। इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस करने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मुहर लग गई। पांच वर्ष के लिए बनी इस योजना के तहत 40 लाख स्मार्टफोन व टैबलेट की खरीद इस साल व अगले साल भी की जाएगी। इसके लिए 4000 करोड़ रुपये के बजट की व्यवस्था की गई है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे। सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सरकार ने ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। योगी सरकार ने लखनऊ मेट्रो के फेज-1 बी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के प्रस्ताव को भी हरी झंडी दिखा दी है। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी मेट्रो संचालित की जाएगी। कैबिनेट ने आबकारी विभाग को अपना बकाया धनराशि को वसूलने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस स्कीम) लाने की मंजूरी प्रदान कर दी है। यमुना विकास प्राधिकरण में एक हजार एकड़ जमीन पर फिल्म सिटी को विकसित करने का रास्ता साफ हो गया। कैबिनेट ने विकासकर्ता चयन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोनी कपूर की कंपनी इसे विकसित करेगी। होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने प्रयागराज में अति विशिष्ट अतिथि गृह बनाने के लिए राज्य संपत्ति विभाग को निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह अतिथि गृह सिविल स्टेशन की नजूल भूमि पर बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 11,433 वर्ग मीटर है। पीलीभीत के मेडिकल कॉलेज में नए नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। अब डिपो स्टेशन से एमएमटीएच ...शेष पृष्ठ 10 पर

मंत्रिमंडल के अन्य निर्णय

- एससीआर गठन के अध्यादेश को मिली मंजूरी
- अनपरा में लगेंगी 800 मेगावाट की दो इकाइयां
- स्मार्टफोन-टैबलेट खरीदने के लिए 4000 करोड़
- आबकारी विभाग लायेगा एकमुश्त समाधान योजना
- यूपी में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का रास्ता साफ
- होमगार्ड स्वयंसेवकों का आहार भत्ता चार गुना बढ़ा
- प्रयागराज में बनेगा अति विशिष्ट अतिथि गृह
- पीलीभीत में नर्सिंग कॉलेज के लिए दी जायेगी भूमि
- नोएडा में एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार को मंजूरी
- आगरा के 5 जोन में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति जल्द
- बीमा अस्पताल में मरीजों को मिलेगा अच्छा भोजन
- बोनी कपूर की कंपनी प्रदेश में करेगी इंटरनेशनल फिल्म सिटी का विकास

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विवि के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

नागपुर। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी.एन. साईबाबा को बरी कर दिया जिन्हें कथित माओवादी संबंध मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा। अदालत ने 54 वर्षीय साईबाबा को दी गई आजीवन कारावास की सजा को रद्द कर दिया और कड़े गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत अभियोजन की मंजूरी को अमान्य ठहराया। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने अपने आदेश के क्रियान्वयन पर यह देखते हुए रोक लगाने से भी इनकार कर दिया कि यदि आदेश पर रोक लगाई जाती है, तो यह बरी किए गए आरोपी व्यक्तियों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। फैसला मौखिक रूप से सुनाए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने अदालत से फैसले के क्रियान्वयन पर छह सप्ताह के लिए रोक लगाने का अनुरोध किया ...शेष पृष्ठ 10 पर

फेसबुक व इंस्टाग्राम का सर्वर हुआ डाउन, यूजर्स रहे परेशान

एजेंसी

नई दिल्ली। मेटा का सर्वर मंगलवार शाम अचानक डाउन हो गये। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड के यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका असर भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखने को मिला, हालांकि कंपनी ने जल्द ही समस्या का निदान कर लिया और थोड़ी ही देर बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम फिर से शूरू हो गया।

इस दौरान यूजर्स का अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट हो गया। इसके बाद उन्हें लॉगिन करने में काफी समस्या आयी। लॉगिन का प्रयास करने पर लोगों के मेल पर ओटीपी जाने की बात कही जा रही है, लेकिन व्यक्तिगत डीटेल का ब्योरा भी गलत दिखा रहा है। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, परेशानी रात साढ़े 8.52 बजे के बाद शुरू हुई। हालांकि, कुछ आईफोन यूजर्स को यह समस्या नहीं आ रही है। फेसबुक की ओर से अधिकारिक बयान जारी किया गया जिसमें मार्क जुकरबर्ग ने लोगों से निवेदन किया कि कृपया आप लोग धैर्य रखें कुछ समय में समस्या का निदान कर लिया जायेगा। जिसके बाद लगभग 10 बजे फेसबुक व इंस्टाग्राम के अकांउट फिर से चालू हो गये। उधर राजधानी लखनऊ...शेष पृष्ठ 10 पर

❍ कुछ देर बाद बहाल हुई सेवाएं

पीएम मोदी ने तेलंगाना में 7,200 करोड़ की परियोजनाएं शुरू कीं

140 करोड़ भारतीय देश को बनायेंगे विकसित

एजेंसी

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां से करीब 60 किलोमीटर दूर संगारेड्डी में 7,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। तेलंगाना की प्रगति के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि वह इस भावना के साथ काम करते हैं कि राज्यों का विकास ही देश का विकास है।

उन्होंने यहां एक आधिकारिक कार्यक्रम में कहा आज 140 करोड़ भारतीय विकसित भारत के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसलिए केंद्र ने इस साल के बजट में बुनियादी ढांचे के लिए 11 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं और केंद्र चाहता है कि तेलंगाना को इसका फायदा मिले। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्ष से केंद्र सरकार तेलंगाना को विकास की ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रधानमंत्री ने ओडिशा को दिये 19,600 करोड़

चंडीखोल (ओडिशा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	21.00 डिसे.
न्यूनतम	:	15.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- स्मार्टफोन और टैबलेट से लैस होंगे यूपी के युवा (पृष्ठ-07)
- अफसरों का जवाब न आने पर हाईकोर्ट सख्त (पृष्ठ-07)
- बीते साल बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत पर आई (पृष्ठ-11)
- रुपया तेजी के साथ 82.89 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-11)
- वृद्धि के लिए निवेशकों का भरोसा जरूरी (पृष्ठ-11)

विशेष खबर नौसेना की तत्परता से समुद्री क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है भारत : राजनाथ सिंह

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को कोई नहीं दबा सकता

एजेंसी



पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन की बढ़ती सैन्य ताकत के परोक्ष संदर्भ में मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी देश अपनी जबरदस्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के मित्र देशों को दबा नहीं सके। सिंह ने गोवा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वायत्तता और संप्रभुता की रक्षा करने में मदद की जाए। सिंह ने गोवा की राजधानी पणजी में नौसेना युद्ध महाविद्यालय के नये प्रशासनिक भवन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा हमने यह सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी भी तरह का आधिपत्य न हो।

इस अवसर पर, उन्होंने पड़ोसी राज्य कर्नाटक के कारवार में सी बर्ड नौसैनिक अड्डे पर एक विमान वाहक और सहायक पोत गोदी का भी वीडियो कांफ्रेंस के जरिये लोकार्पण किया। सिंह ने यह भी कहा कि नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में तटीय देशों को पूरी मदद कर रहा है। उन्होंने कहा हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश अपनी सशक्त आर्थिक और सैन्य शक्ति के बल पर हमारे मित्र देशों को दबा न सके या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उनकी संप्रभुता को कुचल न सके। उन्होंने कहा जिस तत्परता के साथ भारतीय नौसेना अपने सहयोगियों के साथ खड़ी है, वह भारत के वैश्विक मूल्यों को ठोस ताकत प्रदान करती है। नौसेना की तत्परता के कारण भारत अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है और हिंद महासागर में मित्र देशों को पूरी मदद दे रहा है। सिंह ने कहा हिंद महासागर में हमारी नौसेना की मौजूदगी हमारे बाकी सहयोगियों को किसी भी दबाव में आने से रोकती है। उन्होंने कहा, भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि हिंद महासागर क्षेत्र में पड़ोसी देशों की स्वायत्तता और संप्रभुता सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा हमने यह सुनिश्चित किया है कि हिंद महासागर में किसी भी तरह का आधिपत्य न हो। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरे की धारणा से निपटने में बदलाव के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा पहले लगभग सभी सरकारें जमीनी सीमाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करती थीं, लेकिन समुद्री खतरों को उतना महत्व नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा हिंद महासागर क्षेत्र में हमारे विरोधियों की बढ़ती आवाजाही और क्षेत्र के व्यावसायिक महत्व को देखते हुए हमारी खतरे की धारणा का फिर से आकलन करना और उसके अनुसार हमारे सैन्य संसाधनों और रणनीतिक चौकसी को फिर से संतुलित करना आवश्यक था।

भारतीय ऐप को बहाल करने पर गूगल सहमत : वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियो के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है।

दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को गूगल और स्टार्टअप को बातचीत की मेज पर बुलाया था। उन्होंने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी कंपनी भारत की प्रौद्योगिकी विकास यात्रा का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, और हमारे बीच बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने इन-ऐप भुगतान दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को अपने प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के ऐप को हटा दिया था। इनमें लोकप्रिय मैट्रीमोनी डॉटकॉम और रोजगार ऐप नौकरी डॉट कॉम शामिल थे। सरकार ने गूगल के इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताई, और कहा कि इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद गूगल ने शनिवार से कुछ ऐप को बहाल कर दिया। ये ऐप 11-25 प्रतिशत शुल्क का भुगतान करने या ऐप के बाहर वित्तीय लेनदेन करने के लिए उसके दिशानिर्देश का पालन करने को सहमत हो गए थे।

आध्यात्मिक-सांस्कृतिक नगरों से भी मिली आर्थिक संजीवनी



उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, तो यहां निवेश आना भी शुरु हुआ। हर सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के निवेश से रोजगार के लाखों अवसर सृजित हुए, तो यूपी से युवाओं के पलायन पर भी विराम लग गया। योगी सरकार ने विकास की श्रृंखला को महज औद्योगिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि आध्यात्मिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत संजोने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया, नतीजन आज ऐसे शहर भी प्रदेश को भरपूर राजस्व उपलब्ध करा रहे हैं। अयोध्या हो या काशी, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन हो या प्रयागराज, नैमिषारण्य हो या बौद्ध आध्यात्मिक स्थल, हर तीर्थ स्थल आज पर्यटकों का प्रमुख गंतव्य बन गया। प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ते हुए एनसीआर की तर्ज पर यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें लखनऊ सहित आस-पास जनपदों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, निवेशक और तेजी से यूपी की ओर रुख करेंगे। ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं ने इन जनपदों को विशिष्ट पहचान दिलाने के अलावा अर्थ की संजीवनी भी प्रदान किया है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान हुए रिकॉर्ड एमओयू के परिणामस्वरुप जीबीसी 4.0 में धरातल पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

वाराणसी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
581	142903

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
19245	44215

मथुरा

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
484	30235

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
16587	31680

प्रयागराज

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
460	63618

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
13227	25000

संतकबीरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
92	5480

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1872	3652

श्रावस्ती

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
439	2422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
866	3905

बलरामपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
194	1402

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
438	1851

मुजफ्फरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
249	15549

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
9938	10284

निवेश का बना माहौल

गोरखपुर में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। गीडा पूर्वांचल, नेपाल और सीमावर्ती बिहार की आर्थिक राजधानी है। यहां मार्केट तो है ही, कामगारों की भी कोई कमी नहीं है। हमारी कंपनी 10 करोड़ रुपये के निवेश से पेपर डिस्पोजल यूनिट का विस्तार कर रही है।

-सुधांशु टिबरेवाल, उद्यमी, गोरखपुर

हाल के वर्षों में सरकार ने शहरीकरण को काफी तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार के अवसर बने हैं और शहर का विकास भी हुआ है। प्रयागराज के साथ मथुरा, गोरखपुर, लखनऊ आदि जनपदों में रियल एस्टेट में 750 करोड़ रुपये के निवेश से आवासीय और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जायेंगे।

-सुनील सोलंकी, ओमेक्स लिमिटेड, प्रयागराज

सीतापुर में भी निवेश का माहौल बना है। उद्योगों को राहत दी जा रही है इससे जनपदों के विकास को पंख लगेंगे। स्थानीय स्तर पर उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले कच्चे माल को लेकर सहूलियत होगी। पर्यटन की दृष्टि से नैमिष में बहुत संभावनाएं हैं।

-अजीत कुमार सिंह, उद्यमी, सीतापुर

मुजफ्फरनगर में उद्योगों में निवेश करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योग के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। यहां पेपर मिल, कॉटन यार्न, होटल इंडस्ट्रीज और कृषि यंत्र बनाने व इंजीनियरिंग उद्योग में निवेश हो रहा है।

-पवन कुमार गोयल, आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर

प्रमुख निवेशक कंपनियां

अयोध्या

हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (रियल स्टेट)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 100 लोगों को रोजगार

पक्का लिमिटेड (पेपर मैन्युफैक्चरिंग मशीन)
550 करोड़ रुपये का निवेश, 600 लोगों को रोजगार

मीरजापुर

डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 2500 लोगों को रोजगार

सीतापुर

सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड (लकड़ी)
1500 करोड़ रुपये का निवेश, 3000 लोगों को रोजगार

ग्रीनलैंम साउथ लिमिटेड (लकड़ी/एमडीएफ) 1500 करोड़ रुपये का निवेश, 2000 लोगों को रोजगार

मथुरा

आईएफपी पेट्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि. (रिफाइनरी)
1100 करोड़ रुपये का निवेश, 700 लोगों को रोजगार

केशव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड
(स्टेशनरी गुड्स, इलेक्ट्रिक आइटम, प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग)
1250 करोड़ रुपये का निवेश, 10000 लोगों को रोजगार

मुजफ्फरनगर

भारतीयम बेवरेजज प्रा.लि. (बेवरेज)
600 करोड़ रुपये का निवेश, 500 लोगों को रोजगार

प्रयागराज

जेके सीमेंट लि. (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
400 करोड़ रुपये का निवेश, 250 लोगों को रोजगार

प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी

वरुन बेवरेजज लि. (बेवरेज)
3500 करोड़ रुपये का निवेश, 1000 लोगों को रोजगार

अयोध्या

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
508	145116

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
12915	25000

गोरखपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
630	183738

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
17313	37000



चित्रकूट

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
280	67422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7147	7000



सीतापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
302	29886

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
22172	18000

मीरजापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
243	17166

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7437	15135

कौशाम्बी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
143	1589

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
681	3382

कुशीनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
346	3713

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1169	9133

संक्षेप

रोजगार मेले में 20 युवाओं को सौंपे स्वीकृत पत्र

टिकैतनगर, बाराबंकी। ब्लॉक पूरेडलई के माँ शारदा देवी महाविद्यालय फत्तापुर कला नियामतगंज में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अंतर्गत वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कई कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गये। जिन पर आवेदकों ने बायोडाटा जमा किया। साक्षात्कार के बाद 20 युवाओं को चयन कर स्वीकृत-पत्र वितरित किये गये।

राज्यमंत्री ने किया छात्रों में स्मार्टफोन का वितरण

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। माँ शारदा देवी महाविद्यालय फत्तापुर कला नियामत गंज में मुख्यमंत्री निशुल्क स्मार्टफोन का वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व एमएलसी अंगद सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे राज्यमंत्री व एमएलसी द्वारा 500 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया गया।

आयोजन 9 मार्च को

बहराइच। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

धुरिया बाबा आश्रम का होगा पर्यटन विकास

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच नगर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के श्री गुल्लाबीर मन्दिर, विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत स्थित धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर तथा विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत स्थित श्री राम जानकी मंदिर बटुराहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद अन्तर्गत कुल धनराशि रू. 346.40 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि श्री गुल्लाबीर मन्दिर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि रू. 126.29 लाख हेतु उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि रू. 88.23 लाख तथा श्री राम जानकी मंदिर बटुराहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि रू. 104.87 लाख के लिए भी शासन द्वारा उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण

सोहावल-अयोध्या। तहसील सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोटेदारों को नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण किया गया। सोमवार को तहसील क्षेत्र के 2 ब्लाक सोहावल और मसौधा से जुड़े 165 कोटेदारों को उप- जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी की अध्यक्षता में नई इलेक्ट्रानिक वेइंग मशीन का वितरण किया गया। जिससे कि राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लायी जा सके। इस मौके पर सप्लाई इंसपेक्टर शशांक सिंह चौहान तकनीकी जिला प्रबंधक पवन कुमार वर्मा दीपांकर वर्मा सहित कोटेदार मौजूद रहे।

बच्चों का मन खाली स्लेट की तरह

एसआरएम पब्लिक स्कूल में कल्चरल इवेंट का आयोजन

अयोध्या। शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर अंतर्गत एसआरएम पब्लिक स्कूल में साइंस, स्पोर्ट, और कल्चरल इवेंट का धूमधाम से आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर व माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा पेश किए गए सांस्कृतिक प्रोग्राम व मार्शल आर्ट को देखकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सहित अभिभावकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में कक्षा 7 के छात्र हर्षवर्धन, हर्षित, अंश व रुद्र के द्वारा, ब्लूटूथ द्वारा घर के उपकरणों को नियंत्रित करके दिखाया गया, वहीं कक्षा 8 के छात्र आदित्य, अंशुमन अनिकेत, कृष्ण कावेरी, के द्वारा वॉइस के द्वारा उपकरणों को नियंत्रित करके दिखाया गया। कक्षा 7 की छात्रा आराध्या, वैष्णवी, व अनामिका ने ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट का प्रदर्शन किया वहीं कक्षा पांच के छात्र सूर्या व अनिकेत द्वारा ऐसे उपकरण को प्रदर्शित किया गया जो किसी भी वस्तु को फॉलो कर सकता है। कक्षा 6 के छात्र अंकुश अर्थवान, हरिकेश के द्वारा ऐसे सेंसर लगे उपकरणों को प्रदर्शित किया गया जो खुद ही किनारो व गड्ढों से बचकर निकल सकता है। बच्चों की इस प्रदर्शनी को देखकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनकर ने बच्चों सहित अध्यापकों की खूब तारीफ की। समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि बच्चे खाली स्लेट की तरह होते हैं जिसमें आप कुछ भी लिख सकते हैं इसलिए बच्चों को सकारात्मक विचार दें कोई नकारात्मक विचार घर व स्कूल में ना पैदा होने दें जिससे बच्चा रुचि के साथ पढ़े और आगे बढ़े। विद्यालय के प्रबंधक लक्ष्मी नारायण शर्मा ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। इस समारोह के दौरान प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर संदीप सिंह, प्रधानाचार्य ज्योति, मधु तिवारी, मार्शल आर्ट अध्यापक घनश्याम यादव, रोबोटिक अध्यापक विपिन कुमार दुबे, बृजेश गोस्वामी, वैशाली गुप्ता, नेहा विश्वकर्मा, नीलम शर्मा, मीना, वंदना सिंह, राधेश्याम तिवारी, बोधराज तिवारी व मुकेश पांडे सहित दर्जनों अभिभावक व अतिथि मौजूद रहे।

शौकत अली का भाजपाइयों ने किया भव्य स्वागत

मयाबाजार -अयोध्या। तुगलकाबाद नई दिल्ली से आज अयोध्या प्रभु श्रीराम मन्दिर जन्मभूमि का दर्शन करने अयोध्या आए शौकत अली सर्वपंथ समादर मंच दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, और उनके साथ में दर्शन करने आए दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं में उपस्थित भारत सिंह जिला उपाध्यक्ष दक्षिणी दिल्ली, नागेन्द्र पाल सिंह पूर्व महामंत्री भारतीय संघ प्रमुख दिल्ली का अयोध्या दर्शन के उपरान्त मया बाजार में पहुंचने में मया बाजार के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन सभी लोगों का भव्य स्वागत करते हुए उन सभी लोगों का जलपान कराया। इस अवसर पर मुस्लिम इदरीसी महासभा के मया ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर मुबारक अली इदरीसी, मया मण्डल अध्यक्ष भाजपा शत्रुघ्न मोदनवाल, पूर्व विधायक प्रतिनिधि भाजपा ध्रुव गुप्ता, मोहम्मद नजीर सेक्टर संयोजक दलपतपुर भाजपा, मोहम्मद साबिर मया मण्डल अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, बब्लू सिंह बूथ प्रभारी दलपतपुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अयोध्या दर्शन करने आए मेहमानों का भव्य स्वागत करके उनको जलपान कराया गया।

जीवन प्रथम और अंतिम सांस के मध्य की यात्रा है : डॉ अनीता भटनागर जैन

बाराबंकी। जिला कारागार में महिला कैदियों हेतु मेडिटेशन का कोर्स धात्री फाउंडेशन के तत्वाधान में शुरू कराया गया। पूर्व आई0ए0एस अधिकारी डॉ अनिता भटनागर जैन द्वारा शुरू कराये गए मेडिटेशन में बंदियों को संबोधित करते हुए डॉ जैन ने कहा कि जो घटित हो चुका है उसे बदला नहीं जा सकता। लेकिन वर्तमान और भविष्य को अवश्य बदला जा सकता है। जीवन प्रथम सांस से अंतिम सांस के मध्य की यात्रा है। इस यात्रा के सांसों के खेल को ध्यान के माध्यम से नियंत्रित कर मन प्रसन्नचित्त व तन स्वस्थ रखा जा सकता है। उनके द्वारा कैदियों से किए गए इंटरेक्शन के दृष्टिगत महिला बंदियों के आत्मविश्वास और उत्साह की प्रशंसा की गई। जिसके लिए उन्होंने जेल अधीक्षक कुंदन कुमार को बधाई दी। इस दौरान डॉ0 जैन ने महिला कैदियों को वस्त्र और मिष्ठान भी भेंट किया। इसके साथ ही सुदर्शन क्रिया का कोर्स श्रीमती शशि प्रभा शर्मा प्रशिक्षक आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा कराया जाएगा।

अहमद नईम खान की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन सभागार में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय अहमद नईम खान की 17वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि नईम साहब कहते थे कि अच्छी वकालत के लिए वकील को हमेशा कानून की कताबें पढ़ते रहना चाहिए। बार के पूर्व अध्यक्ष बृजेश दीक्षित ने कहा की अहमद नईम खान सी0आर0पी0सी के अच्छे जानकारी मे थे। बार के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बब्बन ने कहा कि अहमद नईम जूनियर अधिवक्ता का बहुत ध्यान रखते थे और उनकी मदद भी करते थे। कार्यक्रम का संचालन ज्येष्ठपुत्र अधिवक्ता हुमायूं नईम खान ने किया। इस अवसर पर जिला बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री हिसाल बारी किदवई, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी, राजेश प्रताप सिंह, शाकिर अली, शंकर दयाल शर्मा, काशीराम यादव, निशात अहमद, दानिश सिद्दीकी, आमिर खान, पवन कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेश शुक्ला, सुरेश गौतम, नीरज वर्मा, अशोक द्विवेदी, रईस कादरी मौजूद रहे।

एबीवीपी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ममता बनर्जी के संरक्षण में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कुमारगंज चौराहे पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार मिल्कीपुर को सौंपा गया विगत कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ यौन शोषण, उनकी सामूहिक अस्मिता का हनन एवं उनके परिवारों पर सुनियोजित अत्याचार राज्य सरकार द्वारा संरक्षित अपराधियों द्वारा किया जा रहा है। अभाविप मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत है और इसकी कठोरतम भर्त्सना करती है। प्रांत सोशल मीडिया संयोजक नवीन आजाद दुबे ने कहा ममता सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च-स्तरीय जांच केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कराई जाये एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाये। साथ ही संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये। इस विरोध प्रदर्शन में पवन पाण्डेय जिला संगठन मंत्री, ऋषभ मिश्रा प्रांत एग्रीविजन संयोजक, मोहित साहू जिला संयोजक, अनूप मिश्रा प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, संजीव अग्रहरी नगर मंत्री कुमारगंज सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा का एकमात्र लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास : सांसद

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने यहां गांधी सभागार भवन का शिलान्यास किया। करीब 33 लाख 75 हजार की लागत से गांधी सभागार का निर्माण होगा। इस मौके पर सांसद ने कहा कि भाजपा का एकमात्र लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास है। गांधी सभागार का निर्माण जीर्ण-शीर्ण पड़े पंचायत घर के स्थान पर किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंचायत प्रणाली देश समाज के लिए सर्वोत्तम प्रणाली है। इससे समय व धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश व समाज का उत्तरोत्तर विकास ही भाजपा की प्रमाणिकता है। उन्होंने कहा कि सभी सुविधाओं से लैस गांधी सभागार बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग इसका लाभ ले सकें। इस मौके विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार की खूबियां गिनाते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अयोध्या के गौरव के अनुरूप सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाना है। गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, शारदा यादव, डॉ अरुण त्रिपाठी, शिवनरायन तिवारी, रामप्रीत वर्मा, ओम प्रकाश यादव, नंदकुमार सिंह, ध्रुव गुप्ता दिनेश मिश्रा, रणधीर सिंह डब्लू, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, राजेश पाठक, ओमप्रकाश यादव, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

हिस्ट्रीशीटर 235 ग्राम मारफीन के साथ गिरफ्तार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। टिकैतनगर कोतवाल संजीत कुमार सोनकर द्वारा चलाए जा रहे गौकस गैंगस्टर एवं भूमाफिया के खिलाफ अभियान में कोतवाली टिकैतनगर के सुखीपुर क्षेत्र ग्राम मंगरौडा निवासी चांदबाबू पुत्र शब्बीर को 235 ग्राम मा ?फीन के साथ मंगरौडा से तकिया पनसारा रोड पर ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया। चांद बाबू के ऊपर पूर्व में संगीन धाराओं में एनडीपीएस, गौकशी, गैंगस्टर, एससी एसटी सहित 16 मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में कई बार जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 कृष्ण कुमार सिंह, दीवान नरेंद्र यादव मौजूद रहे।

लोस चुनाव में सपा जीत हासिल करेगी : अवधेश प्रसाद

नवनियुक्त पदाधिकारियों का पार्टी नेताओं ने किया स्वागत

अयोध्या। समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद पर नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी जीत हासिल करेगी उन्होंने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में जो विकास का कार्य किया गया है जनता उसे आज भी याद कर रही है उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सबको बहुत बड़ी जिम्मेदारी है की लोकसभा चुनाव जीतने के लिए अभी से ही आप लोग लग जाएं उन्होंने कहा की सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को घोषित करने पर पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास किया है तमाम ऐसी योजनाएं चलाई थी जिसका लाभ जनता को मिल रहा था लेकिन वर्तमान सरकार ने उन योजनाओं को बंद कर दिया उन्होंने कहा की सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव जीतने के लिए अभी से लग जाए जिससे केंद्र में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हो सके उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई भी दिया महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्णा श्रीवास्तव ने कहा ने कहा कि आज जो पदाधिकारी का स्वागत हो रहा है वह सभी पदाधिकारी आज से ही लोकसभा चुनाव जीतने के लिए लग जाए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी में ही कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा सम्मान है कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ने किया चौधरी बलराम यादव के अनुसार इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी मुख्य रूप से जिनका स्वागत हुआ राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा राजा मानसिंह प्रदेश सचिव लाल देव चौरसिया शाहिद हुसैन साहब लाल यादव विजय बहादुर वर्मा अजय रावत सरफराज नसरूल्लाह युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष शोएब खान लोहिया वाहिनी अध्यक्ष अतुल चौधरी अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष विद्याभूषण पासी महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड मंजीत यादव समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद आकिब खान लोहिया वाहिनी महानगर अध्यक्ष अजय यादव जिला सचिव फूलचंद यादव मजदूर सभा प्रदेश सचिव अखिलेश चौबे इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता बलराम मौर्य छोटे लाल यादव नागेश्वर आदि लोग मौजूद रहे।

गरीब महिलाओं को बांटा गया पीडीए खाद्य तेल

अयोध्या। पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक वा गरीब महिलाओं में आत्म सम्मान से जीने वा इस महंगाई में उनके घरों के चूल्हे पर पक रही बिना छौंक के सब्जी दाल में स्वाद लाने के लिए पीडीए ने गांव की गरीब महिलाओं को सरसों खाद्य तेल की शीशी वितरित की है। अयोध्या जनपद के बीकापुर ब्लाक स्थित दो गांव निषाद पुरवा वा बनराजा पुरवा में दिव्यांग सपा नेता पंडित समरजीत ने इन दोनों गावों की गरीब परिवार की महिलाओं के घर घर जाकर खाद्य पदार्थ सरसो का तेल बांटा व कहा की इस देश में देश की आम जनता महंगाई से त्रस्त है गांव में रहने वाले ज्यादातर लोग बेरोजगार है उनके घर का चूल्हा जलना मुश्किल हो रहा है खाद्य पदार्थ तेल से लेकर सब्जी दाल के भाव आसमान को छू रहे हैं जिससे आम घरों में जहां पर चूल्हे जलने मुश्किल हो रहे है तो वहीं कहीं मांग जांच कर चूल्हे जल भी जाते है तो खाद्य तेलों की बढ़ती महंगाई से उनके घरों में बनने वाले दाल में छौंक नही लग पा रही है इस देश में देश के आम लोगो के लिए अगर कोई दल अच्छी सोच रखता है तो वो समाजवादी पार्टी वा सपा मुखिया अखिलेश यादव है और आने वाले देश के आम चुनाव में जनता पीडीए गठबंधन को ही लाएगी क्योंकि गरीब दलित पिछड़े अल्पसंख्यक का वही ध्यान रखेगी।

ओलावृष्टि से बर्बाद हुई किसानों की फसलों का सरकार परीक्षण करवा दे मुआवजा: तनुज पुनिया

बाराबंकी। विगत दिनों में हुई बेमौसम भारी बरसात, तेज हवा और अति ओलावृष्टि ने अन्नदाता की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दैविय आपदा से विकासखण्ड देवां, फतेहपुर, निन्दूरा, बंकी, मसौली सहित सम्पूर्ण जनपद के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सरसों, मटर, अरहर की फसलें पूरी तरह बरबाद हो गयी हैं। तेज हवाओं के चलते गेहूं की फसल खेतों में गिर गयी है। सरकार और जिला प्रशासन तत्काल युद्ध स्तर पर नुकसान का आकलन कर भारी बारिश अति ओलावृष्टि से बरबाद हुए किसान को मुआवजा दें। जनपद के अधिकतर किसान छोटी जोत के है इसलिये सरकार और प्रशासन उन किसानों को भी नुकसान की भरपाई करें जिन किसानों की फसल की बीमा नहीं है। उक्त मांग उत्तर प्रदेश कमेटी के महासचिव एवं इण्डिया गठबन्धन के 53 लोकसभा बाराबंकी क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज संसदीय क्षेत्र में दौरे के दौरान अन्नदाता की फसल के नुकसान का स्थलीय परीक्षण के बाद प्रदेश सरकार से की है। इस अवसर पर रामानुज यादव, अजय रावत, जसवन्त यादव, रामहरख रावत मौजूद रहे।

आयुष्मान भारत गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए साबित हो रही वरदान

अयोध्या। सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को लेकर मोदी-योगी सरकार ने गरीबों के लिए एक महत्वपूर्ण योजना आयुष्मान भारत शुरू की, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बेहतर इलाज के लिए पैसों की चिंता न करनी पड़े। ये योजना प्रभु श्रीराम की नगरी के गरीबों व बेसहारा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत अब गरीब लोग भी प्राइवेट अस्पतालों में चिकित्सा की सुविधा का लाभ ले रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों को पांच लाख रुपए तक का सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में निशुल्क इलाज मिल रहा है। अयोध्या जनपद में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए एवं वितरित किए जा रहे हैं। अब तक अयोध्या जनपद में 8 लाख 37 हजार 700 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं। इस योजना से जनपद के 2 लाख 49 हजार 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य है। जनपद के 2 लाख 20 हजार 338 परिवार ऐसे हैं, जिनके आयुष्मान कार्ड बना जा चुके हैं। पंचायत सहायक, कोटेदार एवम आशाओं द्वारा घर घर जाकर पीएमजेएवाई मोबाइल एप्प के माध्यम से भी कार्ड बनाये जा रहे हैं। इस योजना का लाभ जनपद के 19 निजी अस्पताल व 16 सरकारी अस्पताल दे रहे हैं। इस के अलावा गांव के ग्राम पंचायत भवन पर भी पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जिससे पात्र लाभार्थी आसानी से पंचायत भवन पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकता है। जनपद में फरवरी माह में 41 हजार 608 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड से आच्छादित किया जा चुका है। पिछले महीने में 1 हजार 695 लाभार्थियों ने सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों से मिलाकर इलाज करवाया है और योजना के प्रारम्भ से जनपद में अब तक 39 हजार 435 लाभार्थियों ने सरकारी, प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से चिकित्सीय लाभ लिया है।

सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में विकसित होंगे आंगनबाड़ी केंद्र

बहराइच। आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के 2085 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आर.ओ. यूनिट तथा ईसीसीई सामग्री से आच्छादित कर उन्हें अपग्रेड कर सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। जनपद के 435 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका तथा 550-550 आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग, आर.ओ. यूनिट की स्थापना तथा ईसीसीई की आवश्यक मरम्मतोपरान्त ईसीसीई अन्तर्गत शिशु टेबल, फर्श की चटाई, दरी, तौलने की मशीन, ब्लैकबोर्ड, बच्चों के लिए अभ्यास बोर्ड, सूचना बोर्ड, पुस्तकों इत्यादि की व्यवस्था की जायेगी। जिले के आगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का सर्वे करा कर आवश्यकतानुसार केन्द्रों का चयन किया जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आरओ की स्थापना व रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया गया है उसकी सूची उपलब्ध कराये ताकि कार्यो का सत्यापन करा लिया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर, प्रिंस वर्मा, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश गौतम, नोडल सरयू नहर खण्ड दिनेश कुमार, डीपीएम एनएचएम सरजू खान, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ राजेन्द्र वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

निर्वाचन दायित्वों के लिए प्रशिक्षित किये गये अधिकारी

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा जनपद में गठित मीडिया टीम के सदस्यों को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मीडिया टीम के सदस्यों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया मानीटरिंग सर्टिफिकेशन (एमसीएमसी) के दायित्वों, पेड न्यूज, चुनाव प्रसार सम्बन्धी विज्ञापन, आयोग के दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार, मीडिया प्रबन्धन, स्वीप गतिविधियों के प्रचार-प्रसार इत्यादि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चैरसिया, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ सी.के. वर्मा, जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

संक्षेप

सिलेंडर चोरी करने वाला गिरफ्तार

लालगंज, रायबरेली। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि लालगंज बाईपास ओवर ब्रिज के पास से अभियुक्त मनोज गुप्ता पुत्र केदारनाथ निवासी गुरुबक्शगंज चौराहा कस्बा लालगंज को चोरी के 2 सिलेण्डर सहित गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली ने बताया कि 3 मार्च की रात्रि को अतुल सिंह पुत्र रुद्रपाल सिंह निवासी कोरिहरा थाना लालगंज के घर से 2 सिलेण्डर चोरी हुये थे जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 123-2024 धारा 380-411 के तहत पंजीकृत किया गया था। दौरान जांच पड़ताल मनोज गुप्ता को चोरी के सिलेंडर के सहित पकड़ा गया है।

ट्रैक्टर की टक्कर से शिक्षक घायल

खीरो,रायबरेली। थाना क्षेत्र के खीरों सेमरी मार्ग पर दुबेनखेड़ा गांव के पास मंगलवार को दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने एक शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार शिक्षक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। वही अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क के नीचे खेतों में चला गया।

आवश्यकता है

सूचित किया जाता हैं कि एक होर्मियोपैथी चिकित्सक की आवश्यकता है, संपर्क करें। जी. एच. आर. एफ. लखीमपुर खीरी। फोन न. 9415210372

सूचना

प्रार्थी सिद्धिशंकर तिवारी पुत्र स्व0 शिवपूजन तिवारी ग्राम कोल केशव पो0 एकौना जनपद देवरिया का निवासी है। प्रार्थी ने एक जमीन राऊतपार निवासी शारदा देवी पत्नी स्व रामविलास यादव ग्राम राऊतपार पार पो0 गांगुपार की जमीन खरीदी थी जिनका नाजरी नक्शा की फोटोकापी कराने को दिनांक 26.02.2024 अपने घर कोल केशव से हाटा बाजार गया, फोटोकापी कराने के बाद हाटा बाजार से अपने घर कोलकेशव पहुंचकर देखा कि नक्सा नजरी की मूल प्रति नहीं है। काफी खोजने पर भी नहीं मिला।

सिद्धिशंकर तिवारी
ग्राम कोल केशव
पो0 एकौना, जनपद देवरिया
मो0 :– 9454330012

अभाविप ने ममता सरकार के खिलाफ दिया धरना

राष्ट्रपति को घटना पर संज्ञान लेने हेतु प्रेषित किया गया ज्ञापन

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुशभवनपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार के खिलाफ धरना दिया। कार्यकर्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भवपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है। टीएमसी के नेताओं द्वारा हिंदू कन्याओं का अपरहण कर अत्याचार एवं दुराचार करने के अनेक प्रकरण सामने आए हैं, जो किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। आज इसी संबंध में अभाविप कुशभवनपुर द्वारा ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं राष्ट्रपति को पत्र लिख राज्य सरकार की प्रकरण में संलिप्तता की केंद्रीय एजेंसी द्वारा जांच करवाने, महिलाओं पर हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन करने एवं संबंधित प्रकरण की शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने, पीड़ित महिला को निःशुल्क सहायता उपलब्ध कराने, मनोवैज्ञानिक द्वारा मानसिक रूप से पीड़ित महिलाओं को सहायता दिलवाने एवं भय-मुक्त संदेशखाली बनाने में केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की मांग की है। अभाविप द्वारा संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध पुडुचेरी में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया है। इस मौके पर जिला संयोजक ऋतिक, प्रान्त कार्यसमिति शिवम, कार्यकारिणी तेजस्व, रूद्र, नगर मंत्री आदर्श, सह मंत्री सचिन, जिला कला मंच संयोजक, गौरव, एग्रीविजन संयोजक मृतुन्जय, कुलदीप, सचिन, वैभव, आनंद, सुयस, मधुराम, हर्ष, आशुतोष, आदि मौजूद रहे।

डिजिटलाइजेशन का जारी रहेगा विरोध

- सीएम तक पहुंचाई जायेगी बात : समर बहादुर सिंह

रायबरेली। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की संयुक्त कार्य समिति की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में पूर्व मा. विद्यालय चक अहमदपुर में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के समस्त विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष महामंत्री एवं जनपदीय पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थित देते हुए वर्तमान में विभाग द्वारा डिजिटलाइजेशन के रूप में जबरन थोपी जा रही है। एकतरफा व्यवस्था के संबंध में चर्चा की जिस पर सभी ने सर्वसम्मति से विभागीय कार्य संस्कृति के प्रति आक्रोश व्यक्त किया और निर्णय लिया गया कि विभाग द्वारा पूर्ण संसाधन उपलब्ध कराए जाने तथा महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश को संगठन की ओर से पूर्व में प्रेषित 18 सूत्री मांग पत्र की मांगों को जब तक पूर्ण नहीं किया जाता इस व्यवस्था का संगठन द्वारा बहिष्कार किया जाता रहेगा। बैठक को संबोधित करते हुए संरक्षक समर बहादुर सिंह और जिला अध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि यदि विभाग द्वारा किसी भी शिक्षक के विरुद्ध किसी भी प्रकार की दमनात्मक कार्यवाही की गई तो संगठन पुरजोर विरोध करेगा। बैठक में प्रांतीय नेतृत्व के पूर्व प्रेषित निर्देश कि एक से 5 मार्च तक समस्त संगठन के शिक्षक काली पट्टी बांधकर उक्त व्यवस्था के प्रति विरोध दर्ज कराएंगे की समीक्षा की गई तथा 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को ज्ञापन प्रेषित किए जाने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। विगत वर्षों की भांति वर्ष 2024 में भी सेवा संपन्न हो रहे शिक्षकों के सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी वृहद चर्चा की गई। बैठक में दो अप्रैल की तिथि निर्धारित करते हुए समस्त पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वर्तमान सत्र में सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों की पत्रावलियां शीघ्र लेखा कार्यालय प्रेषित करें ताकि समयान्तर्गत उनके देयकों का भुगतान कराया जा सके। कार्यक्रम का संचालन जनपदीय महामंत्री सियाराम सोनकर ने किया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष शिव शरण सिंह, प्रवक्ता सुनील, उपाध्यक्ष पन्नालाल, उत्तम सोनी, सुरेश कुमार अध्यक्ष अमांवा, राकेश कुमार अध्यक्ष बछरावां, हरिकेश बहादुर अध्यक्ष गौरा, दीपक कुमार अध्यक्ष जगतपुर, अजीत प्रताप अध्यक्ष ऊंचाहार, अंशुमान मिश्रा अध्यक्ष सरेनी, उमाशंकर चौधरी अध्यक्ष सतांव, सूर्य प्रकाश गौतम अध्यक्ष हरचंदपुर, आशीष त्रिपाठी अध्यक्ष नगर, सुरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष शिवगढ़, रघुराज प्रजापति अध्यक्ष छतोह, कुसुम चन्द अध्यक्ष डीह, साधना शर्मा अध्यक्ष सलोन, महामंत्री मो. आजम व अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांगों को वितरित किया गया सहायक उपकरण

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खण्ड प्रतापपुर कमैचा मुख्यालय परिसर समाज कल्याण विभाग के द्वारा भदैया, लंभुआ व प्रतापपुर कमैचा ब्लाकों के दिव्यांगो व्यक्तियों को ट्राई साइकिल एवं व्हील चेयर वितरित किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी मुदित श्रीवास्तव, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल, ब्लॉक प्रमुख सुषमा जायसवाल ने दिव्यांगों को 45 ट्राई साइकिल, 13 व्हील चेयर, दो स्ट्रिक छड़ी वितरित किया गया। व्हील चेयर और ट्राई साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर मुस्कान दिखने लगी। इस मौके पर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष प्रधान मनोज गिरि, प्रधान अमरदेव सिंह, बृजेश मिश्रा, विपिन तिवारी, अरविंद पाल, बृजलाल पाल, आदि लोग मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से बाइक सवार समेत महिला घायल

चांदा, सुलतानपुर। चाँदा क्षेत्र के मानापुर गांव के निवासी शिवकुमार पत्नी राम प्यारे सड़क पार करते समय बाइक से जा टकराई। टक्कर में बाइक सवार भी गिर गया और दोनों जख्मी हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में ले जाया गया। घायल की गम्भीर हालत होने से स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया। बाइक सवार अर्जुन मौर्य पुत्र लालबहादुर वर्ष तातो मुरैनी का मूल निवासी है। जो शफीपुर अपने ननिहाल जा रहा था। जानकारी के अनुसार शिवकुमारी की अधिक गम्भीर होने के कारण ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

विज्ञान प्रदर्शनी से वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होता है विकास : देवेंद्र

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है। प्रदर्शनी के माध्यम से ही विद्यालय के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। आज का युग विज्ञान का युग है। उक्त विचार लंभुआ तहसील क्षेत्र के शारदा पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र पांडेय ने व्यक्त किए।

विज्ञान प्रदर्शनी की शुरूआत प्रबंधक देवेंद्र पांडेय ने फीता काटकर की। प्रदर्शनी के दौरान उन्होंने कहा की वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता एवं नवाचारों को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में रिया, अमन सिंह, पलक, वंश सिंह, उदय विक्रम आदि छात्र-छात्राओं ने रेन अलर्ट, सोलर सिस्टम, वाटर अलार्म, ऑटोमिक एनर्जी, सोलर सिटी, सोलर वॉटर इरिगेशन, ह्यूमन बॉडी, जल संरक्षण, भूकंप, वर्षा जल संचयन, डीएनए आधारित एवं जीवन को सरल तथा सुगम बनाने में उपयोगी तकनीकों पर अनेक मॉडलों का निर्माण कर उनका प्रदर्शन किया। आकर्षक एवं महत्वपूर्ण मॉडलों की प्रशंसा कर प्रबंधक श्री पांडेय ने छात्र वंश सिंह को प्रथम पुरस्कार, गौरी सिंह को द्वितीय पुरस्कार तथा आदर्श रजक को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर संदीप पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, यूबी सिंह, शनि अग्रहरि, गणेश पांडेय, दीपिका पांडेय, सोनम, खुशबू आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

आमने-सामने भिड़ीं कारें, पांच घायल

सुलतानपुर (वीओएल)। नगर कोतवाली क्षेत्र के राहुल चौराहे पर दो कारे आमने सामने भिड़ गईं, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहा चार की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। मंगलवार की अलसुबह कोतवाली क्षेत्र के राहुल चैराहे पर आमने सामने कारो में भिडंत हो गई। कार सवारों में अनमोल सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी मल्होत्रा गली, रमन पुत्र राम प्रसाद सोनी, शुभम उपाध्याय पुत्र विजय उपाध्याय, अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र आदित्य नारायण श्रीवास्तव, अजय बरनवाल पुत्र कपीलदेव निवासीगण गोलाघाट घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए स्वशासी मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहा हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने रमन, अजय कुमार, अजय बरनवाल व शुभम को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर नही मिली है।

आखिर बीमारी से हार गया जावान, हुई मौत

डलमऊ, रायबरेली। भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे अस्तबल मजरे उत्तरपारा गांव निवासी प्रेमचंद मौर्य 56 वर्ष पुत्र देवता दीन सीआरपीएफ में असम के सिलचर में सिपाही के पद पर तैनात था तीन मार्च को किडनी की बीमारी के चलते जवान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई मंगलवार को जवान का पार्थिव शरीर सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा राजकीय सम्मान के साथ डलमऊ के श्मशान घाट पर लाया गया जहां पर जवान के पुत्र नितिन ने अपने पिता को मुखाग्नि देकर नम आंखों से अंतिम संस्कार किया वहीं जवान की मौत की खबर सुनते ही जवान की पत्नी नीलम वा माता रामपति का रो-रो कर बुरा हाल है जवान के एक पुत्र और एक पुत्री है जिसमें से पुत्री निशा की शादी हो गई जवान के पुत्र नितिन कुमार पढ़ाई कर सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा है।

लोकसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक

- डीएम ने की नोडल अफसरों के साथ बैठक, दिये निर्देश

सुलतानपुर (वीओएल)। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में आगामी लोकसभा को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी नियुक्त 33 नोडल व सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में एडीएम गौरव शुक्ला ने सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में अवगत कराया।

उक्त बैठक में मतदान, मतगणना, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति, प्रशिक्षण व्यवस्था, ईवीएम एवं वीवी पैट व सामान्य प्रशिक्षण व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता, निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ, कानून व्यवस्था का पालन, क्रिटिकल पोलिंग स्टेशन, प्रेक्षक, मतपत्र, कंट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ, एमसीएमसी प्रेस मीडिया सेल, परिवहन, फोटो, प्रपत्र एवं लेखन सामग्री, सफाई, पेयजल, स्ट्रांग रूम, सी-विजिल एप वेब व्यवस्था आदि से सम्बन्धित तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को अवगत कराया गया। डीएम ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी गाइडलाइन का अध्ययन सभी अधिकारी अवश्य कर लें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बार्दाश्त नहीं की जायेगी। सीडीओ अंकुर कौशिक ने कहा कि मतदान ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी अनावश्यक बिना किसी वैधानिक कारण के ड्यूटी आदि कटवाने का प्रयास न करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनंदू सुधाकरन, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, सीएमओ ओ0पी0 चैधरी, समस्त एसडीएम, मुख्य कोषाधिकारी अरवन्दि सिंह आदि मौजूद रहे।

अब डाकघरों से होगा पीएम सूर्यघर के लिए पंजीयन

- पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत मिलेगी हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली

सुलतानपुर (वीओएल)। अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लिए निःशुल्क पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है। वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निःशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्यघर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निःशुल्क पंजीयन कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत एक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए केंद्र सरकार द्वारा 30 हजार, दो किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 60 हजार जबकि तीन या उससे अधिक किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 78 हजार की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्रमशः औसतन 0-150, 150-300, 300 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। केंद्र ने हाल ही में बिजली बचाने और विद्युत के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह योजना शुरू की है एवं अंतरिम बजट में लोगों को हर माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। योजना के तहत एक करोड़ घरों पर बिजली के लिए सोलर सिस्टम लगाने का एलान प्रधानमंत्री ने किया था। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे सूर्य की किरणों की मदद से बिजली का उत्पादन होगा। अधिक से अधिक घरों तक इस योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए डाक विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

151 अभ्यर्थी चयनित

रायबरेली। जनपद में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान से विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन विकास खण्ड राही के प्रांगण में किया गया। इस रोजगार मेले में कई निजी कम्पनियों मदरसन सूमी प्रालि, लेन्सकार्ट, पुखराज हेल्थकेयर एवं डॉन बास्को द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में कुल 296 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिसमें से 151 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

खीरो,रायबरेली। थाना क्षेत्र के शिवपुर हुसेनाबाद गांव के पास बीती रात लगभग एक बजे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करायी। मृतक की पहचान सरेनी थाना क्षेत्र के पंचीखेड़ा मजरे देवपुर निवासी अरुण कुमार (30) पुत्र मन्नूलाल के रूप में हुई। पुलिस ने पिता की सूचना पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध टक्कर मारकर हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कराया है। सरेनी थाना क्षेत्र के पंचीखेड़ा मजरे देवपुर निवासी अरुण कुमार बीती रात एक बजे अपनी रिस्तेदारी रामपुर मजरे लोदीपुर से वापस पैदल अपने घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह खीरो सेमरी मार्ग पर शिवपुर हुसैनाबाद गांव के पास पहुंचा। तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करायी। पहचान होने पर परिजनों को घटना की जानकारी दी।

आधी आबादी साकार करेगी 400 पार का सपना

- सुंदरकांड पाठ, मैराथन व कुर्सी दौड़ आयोजित की

जिला संवाददाता (vol)

सुलतानपुर। भाजपा महिला मोर्चा ने शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को शहर के तिकोनिया पार्क में सुंदरकांड पाठ ? और कुर्सी दौड़ का आयोजन किया। इस दौरान महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष मंजू तिवारी के संयोजन में आयोजित शक्ति वंदन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकताओं ने सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। इसके बाद कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें दो दर्जन महिलाओं ने भाग लिया।

पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में महिला मोर्चा की सोशल मीडिया प्रभारी रीना जायसवाल विजेता बनी। दूसरे स्थान पर काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा महामंत्री बबिता तिवारी व तीसरे स्थान पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शहर विधायक विनोद सिंह की पत्नी आशा सिंह ने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों की सराहना करना और धन्यवाद देना था।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को ह्यसुविधा, सुरक्षा, सम्मानह्ल प्रदान किया है। काशी क्षेत्र महामंत्री बबिता तिवारी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उन्होंने मोदी सरकार के आधी आबादी को आरक्षण देने के नारी शक्ति वंदन विधेयक, उज्जवला योजना, मिशन शक्ति, सुकन्या समृद्धि, हर घर जल योजना आदि को गिनाया. उन्होंने कहा अबकी बार 400 पार के नारे को देश की महिलाएं पूरा करके दिखाएंगी। इस बार केंद्र में तीसरी बार भाजपा की ही सरकार बनेगी। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद व कार्यक्रम संयोजक मंजू तिवारी ने सभी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

इस मौके पर अमिता शुक्ला, कोकिला तिवारी, रेनू तिवारी, रेखा चैरसिया, माधुरी मिश्रा, आशा सिंह, तारा अग्रवाल, सुनीता टंडन, मीना गुप्ता, कुसुम दूबे, गीता निषाद, मधू मिश्रा, रीना जायसवाल, रीता निषाद आदि मौजूद रही।

कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि0ख0 मोतिगरपुर, सुलतानपुर में एसएलडब्ल्यूएम योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत आरआरसी, स्क्रैप स्टोर, वाटर टैंक, सेगरीगेशन प्लेटफॉर्म, सोख्ता फिट, वर्मी कंपोस्ट फिट, ई-रिक्शा/ठेला आदि निर्माण कार्य।	6,39,466 रुपये।	बालू, मोरंग, पत्थर (20 एम एम), ईंट, सीमेंट ईंट, सरिया, लोहे की पाइप, स्टील चददर शेड, मिट्टी, ई-रिक्शा/ठेला व अन्य निर्माण सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.-हमजाबाद, वि.ख.-मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	कम्पोजिट विद्यालय पलियागोलपुर में एमडीएम शेड मरम्मत एवं टाइलीकरण कार्य।	1.05 लाख।	टीनशेड, मोरंग, सीमेंट, टाइल्स व अन्य सामग्री।
2.	सामुदायिक शौंचालय पर नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग एवं अन्य कार्य।	2 लाख।	इंटरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, ईंट प्रथम श्रेणी व अन्य सामग्री।
3.	चमनगंज रमजान के घर से पिचरोड तक नाली निर्माण कार्य।	2.50 लाख।	ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री।
4.	पलिया शिवपूजन के घर से बदरी के घर तक खंड़जा मरम्मत कार्य।	2.50 लाख।	ईंट एसओबी व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- पलियागोलपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-05.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अलहदादपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 06.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अलहदादपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 13.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

क्रम सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये में)	सामग्री विवरण
1.	संतोखी के राइसमिल से महेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 100 मीटर x3 मीटर।	5,15,000 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
2	राम करन के घर से सूर्यकांत तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 100 मी0x2.50 मीटर।	4,45,000 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।
3.	फरवरवा इंटरलॉकिंग से शमशान घाट तक मिट्टी एवं खड़ंजा कार्य। माप- 400 मी0x3 मी0।	6,57,000 रुपये।	ईंट, गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामग्री।
4.	पंचायत भवन में टाइल्स कार्य। माप-240 वर्ग मीटर।	4,85,000 रुपये।	टाइल्स, सीमेंट, मोरंग व अन्य सामग्री।
5.	छविलाल के घर से इंद्र कुमार सोनी के घर होते हुए मुस्तफा के घर तक नाली एवं पटिया निर्माण कार्य। माप-90 मीटर	2,40,000 रुपये।	सीमेंट, मोरंग, सरिया व अन्य सामग्री।
6.	पिच रोड से फातिमा के घर तक बंद नाली एवं इंटरलॉकिंग कार्य। माप- 74 मी0x2.40 मी0।	3,80,000 रुपये।	इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री।

नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.-हमजाबाद, वि.ख.-मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत खगियापुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक- 05.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	मुर्तिजा के घर से अय्यूब के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	9.85 घन मी.	6147 नग	19.69 घन मी.	7447 नग	77 बैग	4.1 घन मी.

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03. 2024 तक रूपये मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खगियापुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत खगियापुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

बबली शुक्ला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खगियापुर
विकास खण्ड धौरहरा

कुलदीप
ग्रा0पं0वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत खगियापुर
विकास खण्ड धौरहरा

कार्यालय ग्राम पंचायत देवीपुरवा विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक- 05.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	हजारी यादव के घर से सुन्दर यादव के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	23.89 घन मी.	9713 नग	47.77 घन मी.	18200 नग	162 बैग	6.68 घन मी.
2	आर.सी.सी. रोड से रामकृपाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	27.27 घन मी.	10513 नग	54.53 घन मी.	16188 नग	183 बैग	7.23 घन मी.

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत देवीपुरवा के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत देवीपुरवा के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।।

विरेन्द्र वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवीपुरवा
विकास खण्ड धौरहरा

आशुतोष पाण्डेय
ग्रा.पं.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत देवीपुरवा
विकास खण्ड धौरहरा

संक्षेप

दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाला

हरदोई। क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।युवती के भाई ने पुलिस को लिखित सूचना दी है। थाना पाली के खारा कुंआ निवासी विनोद कुमार पुत्र ताराकृष्ण ने बताया उसने अपनी बहन सरिता देवी का विवाह 22 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज से क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी विपिन दीक्षित पुत्र सत्यप्रकाश के साथ किया था।हैसियत मुताबिक दहेज भी दिया गया था।शादी के दो माह बाद से ही बहन का पति, सास पप्पी देवी,जेठ संजय,जेठानी नीलम, चचिया ससुर प्रमोद और ननद मोनी उसे दो लाख रुपए और चार पहिया वाहन के लिए प्रताड़ित करने लगे।तीन माह से वह मायके में रह रही थी 26 फरवरी को पति के बुलाने पर ससुराल बिलहरी गई थी दूसरे दिन से उन लोगों ने फिर प्रताड़ित कर मारपीट करना शुरू कर दिया।5 मार्च को फिर मारा पीटा उसको सूचना दी तो 112 पर कॉल किए पुलिस ने समझाने का प्रयास किया किंतु उन लोगों ने कोई बात नहीं मानी।और उसकी बहन को घर से निकाल दिया।कोतवाली में घटना की लिखित सूचना दी गई है पुलिस ने जांच शुरू की है।

दुराचार कर जेवर नगदी लूटने का लगाया आरोप

शाहाबाद/हरदोई। कस्बे के एक मोहल्ले की युवती ने मोहल्ले के ही दो युवकों पर घर में घुसकर जबरदस्ती दुराचार कर मारपीट और जेवर व नगदी लूट ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है।पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है। कस्बे के एक मोहल्ले निवासी 22 वर्षीय युवती ने बताया वह सोमवार की शाम को 6 बजे घर पर अकेली थी तभी मोहल्ले के ही दो युवक उसके घर में घुस आए और जबरदस्ती बारी बारी से दुराचार किया।उसके चीखने चिल्लाने पर दोनो ने लात घूंसे से उसकी पिटाई की।बक्से में रखे 10000 की नगदी और सोने की चेन,चांदी की पायल और झाले लूट कर ले गए।उसका पति घटना के वक्त काम पर से लौटा नहीं था।पुलिस को घटना की लिखित सूचना दी गई है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीएमओ ऑफिस से अटैच किए गये सीएचसी अधीक्षक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। गोला सीएचसी अधीक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद उपमुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है। उनके आदेश पर सीएचसी अधीक्षक को सीएमओ कार्यालय से सम्बद्ध कर जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं सीएचसी अधीक्षक ने यह वीडियो चार साल पुराना होने का दावा किया है। सीएचसी अधीक्षक का एक वीडियो वायरल हो रहा है।जिसमें उन्हें हाथ में एक बोतल पकड़े देखा जा रहा है। आरोप है कि सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार सीएचसी में ही शराब का सेवन करते हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वायरल फोटो का संज्ञान आने पर अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से सीएचसी से हटकर सीएमओ कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है और दो सदस्यों की जांच कमेटी गठित की गई है। जो पूरे प्रकरण की जांच करेगी और एक सप्ताह में व्याख्या देगी। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि यह वीडियो वर्ष 2019 का है। सीएचसी तो दूर गोला का भी नहीं है।

आकांक्षा पेटिका का पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है भाजपा चुनावी तैयारी के तहत नए-नए तरीके आजमा रही है। अब आकांक्षा पेटी लेकर भाजपा जनता के बीच उतरी है। भाजपाई आम लोगों से पूछ रहे हैं कि आने वाली सरकार से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं।इसके लिए लोगों के नाम मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस के साथ फार्म भरवाकर पेटी में डलवाए जा रहे हैं।

मंगलवार को नीलकंठ मैदान में एक आकांक्षा पेटी को रखकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें लोग अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में बताने के साथ ही सुझाव व अपेक्षाएं लिखकर डाल सकते हैं। लोगों की आकांक्षों को पार्टी अपने संकल्प पत्र में समायोजित करेगी।

इस मौके पर विधानसभा संयोजक कुलदीप वर्मा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, मण्डल महामंत्री मैलानी अनुज वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, अरविन्द मिश्रा, प्रदीप खतौलिया आदि मौजूद रहे।

जनता की अपेक्षाओं को संकल्प पत्र में शामिल करेगी भाजपाः विजय शुक्ला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों की आकांक्षाओं को अपने संकल्प पत्र में जाडने के उद्देश्य से आकांक्षा पेटी का विधान सभा स्तर पर शुभारम्भ किया है। जिसमें लोग आने वाली सरकार से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं वह लिखकर आकांक्षा पेटी में डाल सकते हैं। यह बात भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार युवा, किसान, मातृशक्ति एवं गरीब परिवार के उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। भाजपा देश की पहली राजनीतिक पार्टी है जो जन जन के मन से संकल्प पत्र बना कर मोदी की गारंटी को पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए संकल्प पत्र तैयार करने के लिए भाजपा द्वारा देश भर से लोगों के सुझाव ले रही है और इन सुझावों के आधार पर ही पार्टी अपना संकल्प पत्र तैयार करेगी। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

7 को आयोजित की जायेगी मतदाता जागरूकता रैलीः सुनील

हरदोई। नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत स्वीप योजनान्तर्गत व्यापक स्तर पर जन जागरूकता फैलाने हेतु यह आवश्यक है कि लोग अपने मताधिकार के प्रति जागरूक हों और आगामी समय में होने वाले लोक सभा निर्वाचन में अपने मत का शत प्रतिशत प्रयोग करने के उद्देश्य से दिनांक 07 मार्च, 2024 की पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन प्रस्तावित है, जिसमें जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार समस्त कलेक्ट्रेट विकास भवन नगर पालिका कोषागार एवं कलेक्ट्रेट कैम्पस में स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों के अधिकारीगणों कर्मचारीगणों की सहभागिता आयोजन को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से अनिवार्य है। अतः जिलाधिकारी महोदय के उपर्युक्त निदेर्शों के अनुपालन में दिनांक 07 मार्च, 2024 की पूर्वान्ह 11 बजे मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से विकास भवन परिसर में एकत्रित रहना सुनिश्चित करें।

सांडी विधायक ने विकसित भारत मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका अभियान का किया शुभारंभ

हरदोई। लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भारतीय जनता पार्टी के सांण्डी विधायक प्रभाष कुमार ने सुरसा में विकसित भारत के लिए संकल्प पत्र के लिए सुझाव एकत्रीकरण अभियान की शुरुआत की। ब्लॉक मुख्यालय पर कार्यक्रम में विधायक प्रभाष कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र को लोगों की भागीदारी व सुझाव से विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र के रूप में बनाने का फैसला लिया गया है।साथ ही पूरे देश से एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव इकट्ठे किए जाएंगे।जिनके आधार पर विकसित भारत के लिए पार्टी का संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत 26 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर की जा चुकी है। सुझाव पत्र में जन-जन की भावना है। धनंजय मिश्रा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि जन-जन की भावनाओं को चाहे युवा हो चाहे महिला हो, रोजगार हो, चाहे गरीब हो, चाहे किसान हो, शिक्षक हो, व्यापारी हो, उद्योगपति हो, आदिवासी हो, दलित हो, छात्र हो, कर्मचारी हो हर एक व्यक्ति के सुझाव हम संकल्प पत्र में लेंगे, उनको समाहित करेंगे और उन सभी सुझावों पर भारतीय जनता पार्टी केंद्र में अपना संकल्प पत्र जारी करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का जहां 26 फरवरी को केंद्र ने शुभारंभ किया था। वहीं उत्तर प्रदेश में ये अभियान 15 मार्च तक चलेगा। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से सुझाव ना भेज सकें तो सुझाव बॉक्स के माध्यम से लिखित रूप में अपने सुझाव इस सजेशन बॉक्स में डाल सकता है। मंडल स्तर पर भारतीय जनता पार्टी इस संकल्प पत्र को जांच करेगी। इस दौरान क्षेत्रीय ग्राम प्रधान व सम्भ्रान्त लोग सहित भाजपा के पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

ग्राम पंचायतों के खाते में स्वास्थ्य निधि के रुपये डंप

कछौना/हरदोई। गांव में बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रतिवर्ष दस हजार की धनराशि ग्राम सभा में सरकार भेजती है। परंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते धनराशि व्यय न होने से खातों में डंप पड़ी रहती है। जिसके कारण ग्राम सभाओं में संक्रामक बीमारियों में इजाफा होने पर ग्राम प्रधान गण धनराशि का रोना रोते रहते हैं। जिसका खामियाजा आमजनमानस को उठाना पड़ता है। पूर्व मामले की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल ने इस धनराशि का सही ढंग से क्रियान्वयन की मांग शासन प्रशासन से की।बताते चलें, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीण स्वच्छता एवं पोषण समितियों के माध्यम से प्रतिवर्ष ग्राम प्रधान और एएनएम के संयुक्त खातों में दस हजार रुपये की धनराशि भेजी जाती है। जिससे ग्रामों में बीमारियों से बचाव, किसी गरीब का अस्पताल पहुंचाने, पोषण व स्वच्छता के छिड़काव व फागिंग आदि कार्य करा सकते हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व बंदर बांट के चलते आम जनमानस को लाभ नहीं मिल पाता है। विकासखंड कछौना की 41 ग्राम सभाओं में धनराशि डंप है। प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर किसलय वाजपेई ने बताया कि समितियों के खातों में धनराशि भेजी जाती है। उसके खर्च होने के बाद ही अगली धनराशि मिलती है। इसके उपयोग में होने वाली बाधाओं के विषय में जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

300 जोड़े एक साथ करेंगे महा रुद्राभिषेक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। महा रुद्राभिषेक के लिए पार्थिव शिव लिंग बनाये जा रहे हैं। अन्य तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर इस बार 300 जोड़े महारुद्र अभिषेक में हिस्सा लेंगे। पंडित रामदेव शास्त्री की देखरेख में मां कात्यायनी सेवा समिति द्वारा पौराणिक शिव मंदिर के निकट नीलकंठ मैदान में समाज सेवी अतुल अग्रवाल के सहयोग से महारुद्र अभिषेक कराएगी।21 वेद शास्त्री द्वारा 300 जोड़ों को रुद्राभिषेक कराया जाएगा, ऐसी व्यवस्था की गई है। रुद्राभिषेक की पूरी पूजन सामग्री समिति के पंडित रामदेव शास्त्री और उनके सहयोगियों द्वारा पूजा स्थल पर ही यजमानों को दी जाएगी। पूजन के लिए पार्थिव शिव लिंग बनाया जाना शुरू कर दिया गया है। 8 मार्च को रात 9 बजे से पूजन शुरू कराया जाएगा और सुबह 5 बजे तक चलेगा। इसका लाइव प्रसारण भी देखा जा सकेगा।

प्रशिक्षण में गठित टीमों ने सीखीं चुनावी बारीकियां

लखीमपुर खीरी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपन्न करने के उद्देश्य से निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण सेल के लिये जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में गठित उड़न दस्ता, स्थैतिक निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, लेखा टीम, वीडियो निगरनी टीम, मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

प्रशिक्षण में वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने को विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया। निर्वाचन के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर बारीकियां भी बताईं। चुनाव से संबंधित विभिन्न एप संचालन को बताया। निर्वाचन में अवरोध उत्पन्न करने वाले परिवहन, वस्तुओं का ट्रांसपोर्टेशन, ड्रग विभाग, आबकारी विभाग, वन विभाग आदि के दायित्व के बारे में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हर एक केस का क्या फॉरमेट है, क्या विवरण अंकित करना है आदि का प्रशिक्षण दिया गया, संदेहास्पद वस्तुओं को पकड़ने व सीज करने की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। बैंक खातों पर निगरानी कैसी की जाएगी, सतर्कता कैसे रखी जायेगी आदि पर जानकारी प्रदान की गई। निर्वाचन में आने वाली चुनौतियों व सन्देह को प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में उड़न दस्ता, स्थायी निगरानी, वीडियो सर्विलांस, वीडियो अवलोकन आदि टीम के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के कर्तव्यों व जवाबदेही को प्रशिक्षण के माध्यम से निश्चित किया गया।

पति ने ट्रेन के आगे लगायी छलांग, मौत

हरदोई। मायके में रह रही पत्नी के विदा न होने पर वहां से वापस लौटे पति ने सोमवार की देर रात को कोतवाली देहात के सेवा गांव के पास अप लाइन पर ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। मामला सोमवार की देर रात का इसका पता होते ही युवक के घर में कोहराम मच गया। बताया गया है कि कोतवाली देहात के धस्सेपुरवा मजरा कौढ़ा निवासी 30 वर्षीय उपदेश पुत्र रामसेवक की शादी करीब तीन साल पहले मझिला थाने के बढ़ैयनपुरवा के गंगासागर की बेटी के साथ हुई थी। मेहनत-मजदूरी करने वाला उपदेश अपने तीन भाइयों में बड़ा था। बताते है कि उसकी पत्नी करीब 20 दिनों से बेटे के साथ अपने मायके में थी। उपदेश उसे विदा कराने गया,लेकिन पत्नी ने विदा होने से मना कर दिया। सोमवार को उपदेश ससुराल से वापस लौटा। कुछ देर घर में रुकने के बाद बाहर चला गया। उसके बाद देर रात में लगभग 11 बजे उसके घर वालों को पुलिस ने हादसे की सूचना दी। उपदेश ने सेवा गांव के पास रेलवे की अप लाइन पोल नंबर-1184 के पास ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। पुलिस सारे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

अशोक रावत ने मीडियाकर्मियों के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं बतायीं

संडीला(हरदोई)।क्षेत्रीय भाजपा सांसद एवं भाजपा के दोबारा बनाए गए प्रत्याशी अशोक रावत ने मीडियाकर्मियों के समक्ष अपनी प्राथमिकताएं बताईं।

पार्टी कार्यालय पर पत्रकारों के समक्ष प्राथमिकताएं गिनाते हुए उन्होंनें कहा कि पिछला चुनाव जीतने पर उन्होंनें सबसे पहले जरजर औरास रोड का निर्माण कराने के साथ साथ क्षेत्र में कई पुल और सड़कों के निर्माण स्वीकृत कराए हैं जिनपर निर्माण कार्य जारी हैं।उन्होंनें कहा कि उनका प्रयास होगा कि बरौनी क्रॉसिंग के पास अंडर पास का निर्माण कराया जाए। उन्होंनें कहा कि कि सेंट थेरेसा बाईपास पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंनें बताया कि संडीला के मशहूर लड्डू को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए वे प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा अयुष्मान योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इसका भी वे प्रयास कर रहे हैं।पत्रकारो ने उनसे आयुषमन भारत की धनराशि सीमा को बढ़ाने, पांच सदस्यों की अनिवार्यता समाप्त करने, दिल्ली के लिए ट्रेन का स्टॉपेज कराने, इलेक्ट्रॉनिक बस सेवा को पुनः शुरू कराने तथा संडीला को जिला बनाने का मुद्दा भी पत्रकारों ने उठाया। जिसपर उन्होंनें संडीला को जिला बनाने के मामले में स्पष्ट मना कर दिया कि यह संभव नहीं हैं।इसी अवसर पर एमएलसी अशोक अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने निष्पक्ष ढंग से सभी को योजनाओं का लाभ दिया है।देश ने विगत 10 वर्षों में अभूतपूर्व तरक्की की है।भारत की अर्थव्यवस्था दसवें से पांचवे स्थान पर आ गयी है तथा मोदी जी के अगले कार्यकाल में विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगी। उन्होंनें कहा कि 5 करोड़ बेघरों को आवास, 7.5 करोड़ लोगों को शौलचाल, 55 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड और 10 करोड़ माताओं बहनों को उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस सिलेंडर प्रदान किए गए हैं। इसी अवसर पर क्षेत्रीय विधायके अलका अर्कवंशी ने कहा कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। यही कारण है कि इसबार भाजपा के वोट प्रतिशत में बढ़ोत्री होने जा रही है।उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक रोडवेज बसें हाईवे निर्माण के कारण रोकी गयीं हैं।जैसे ही निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा वैसे ही बसों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा जबकि एमएलसी अशोक अग्रवाल का कहना था कि क्षेत्र में चार्जिंग प्वाइंट न होने के कारण इन बसों का संचालन बंद किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अस्थाना, प्रदीप जायसवाल, नगर अध्यक्ष नीतीश जायसवाल, डॉ0 जीवन सिंह अर्कवंशी, अतुल तिवारी, राजेश अस्थाना तथा अंगूरी शंकर सिन्हा उपस्थित रहे।

दुर्घटना में घायल को देखने शाहजहांपुर पहुंचे एसडीएम-सीओ, जाना कुशलक्षेम

लखीमपुर खीरी गत दिवस मोहम्मदी गोला सड़क मार्ग पर दिलावलपुर के पास रोडवेज बस और ई-रिक्शा दुर्घटना में घायलों को देखने एवं उनके कुशल क्षेम जानने के उद्देश्य से एसडीएम मोहम्मदी डॉ अवनीश कुमार ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह के साथ जनपद शाहजहांपुर के जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहां दोनों अधिकारियों ने दुर्घटना में घायल को फल देकर उनका हाल-चाल जाना। इसके बाद जनपद शाहजहांपुर के पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर एसडीएम डॉ अवनीश कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों से बात कर हर संभव मदद करने का परिजनों को आश्वासन भी दिया।इस दौरान उन्होंने दुर्घटना में मृतको के परिजनों को ढाढस भी बंधाया।

एबीवीपी ने पुतला दहन कर जताया विरोध

आजमगढ़। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) आजमगढ़ जिले के कार्यकर्ताओं द्वारा पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में हो रहे महिला विरोधी कुकृत्य के विरुद्ध डीएवी पीजी कॉलेज के गेट पर एकत्रित होकर पदयात्रा करते हुए कलेक्ट्रेट चैराहे पर विरोध प्रदर्शन कर ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), पश्चिम बंगाल के उत्तर चैबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा करायेंःडीएम

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों की आधार सीडिंग का कार्य जल्द पूरा किया जाये। पोषाहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाये। सभी केन्द्रो पर हॉट कुक्ड फूड वितरण कराया जाये। हॉट कुक्ड फूड के वितरण का नियमित निरीक्षण किया जाये। सैम व मैम बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। सबसे पुराने सैम व मैम बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाये। ई-कवच पोर्टल पर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर फीडिंग की प्रगति बधाई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भक्तों ने निकाली खाटू जी श्याम बाबा की शोभा यात्रा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा बाबा खाटू श्याम जी की एक विशाल निशान यात्रा निकली गई। मंगलवार को श्याम दीवानी सेवा समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा निशान यात्रा नीलकंठ मैदान से शुरू की गई। भक्तगण हाथों में ध्वज लेकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल रहे थे। यात्रा नीलकंठ मैदान से मोहम्मदी रोड होते हुए कंजा बरम बाबा

देवस्थान पर श्री खाटू श्याम मन्दिर पहुंची, सभी भक्तों ने बाबा श्याम का गुणगान करते हुए अपने अपने निशान बाबा के चरणों में अर्पण किए। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू श्याम दीवानी सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक राजपूत(बोझिया वाले)दिनेश गुप्ता, अजय गुप्ता(महामंत्री),मयंक माहेश्वरी,आकाश राजपूत,सुमित राठोर समेत अन्य तमाम सेवादार मौजूद थे।

मोदी व योगी के संरक्षण में देश व प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसरः सौरभ

मितौली खीरी। विकासखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक प्रमुख सभागार में भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि के रूप में कस्ता विधानसभा भारतीय जनता पार्टी के विधायक सौरभ सिंह सोनू ने एक प्रेस वार्ता में बताया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संरक्षण में देश एवं प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक भारतीयों को मुफ्त राशन तथा प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने का काम किया है।

जल जीवन मिशन के तहत घरों में स्वच्छ जल की आपूर्ति की गई है देश में जनधन खाताधारको को बैंकिंग से जोड़ा गया है। गरीब परिवारों को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन की व्यवस्था कराई गई है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 55 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड देकर उनका स्वास्थ्य लाभ दिलाया गया है। सौरभ सिंह सोनू ने स्पष्ट रूप से बोलते हुए कहा पूर्व सरकारों ने जनता के साथ धोखा किया भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा गरीब युवाओं एवं महिलाओं तथा किसानों के लिए विशेष रूप से योजना बनाकर कार्य किया गया जिस देश एवं प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व के पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और डिजिटल लेनदेन में नंबर वन है। क्षेत्रीय विधायक ने विधानसभा कस्ता के विकास के क्रम में विकासखंड बेहजम की पैला ग्राम पंचायत में एक मॉडल स्कूल इंटर कॉलेज की स्थापना को सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने की बात कही कस्ता विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी पुलो का निर्माण कराया जा रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था क्रम में कैमहरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कराई गई है। कस्ता ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रस्तावित है, शीघ्र निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा भेजी गई आकांक्षा पेटी में नागरिकों के विचार पत्रक डाले गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मितौली सर्वेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कस्ता सुरेश कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष कस्ता जितेंद्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष बेहजम अजय शुक्ला उर्फ छोटू, आदि काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांवों में की कौमी एकता बैठक

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। ब्लॉक बिजुआ के कई गांव में कौमी एकता बैठक की गई। जिसमें सरकार की योजनाएं गिनाई गईं। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने ग्राम भगतापुर में निशान सिंह, रहिमनगर, कुलदीप सिंह, नौगवां में अमरीक सिंह के यहां कौमी एकता बैठक की और सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर जोर दिया। बैठक में लोगों को पार्टी की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री मोदी हाथों को मजबूत कर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता से अपील भी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में आज भारत देश विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। सम्पूर्ण संसार भारत के बढ़ते वैभव को निहार रहा है। इस अवसर पर निशान सिंह, अंग्रेज सिंह, पूरन सिंह, सद्दाम हुसैन अल्वी, अमृत सिंह, निर्मल सिंह केके शुक्ल विधायक प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा, लखविंदर सिंह, सतनाम सिंह, गुरजीत सिंह, निर्मल सिंह, अमित सिंग ज्ञानी, कुलदीप सिंह, दिलबाग सिंह, पलविंदर सिंह समेत तमाम लोग मौजूद थे।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सुंडा टीम रही विजेता

पलियाकलां- खीरी। 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा 39वीं वाहिनी, के कार्यक्षेत्र में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, सशस्त्र सीमा बल, के आदेशानुसार सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले युवाओं के बीच खेल कूद प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए गांव मिर्चिया, सुमेरनगर, किरतपुर, सुंडा आदि के बीच वॉलीबाल मैच का आयोजन सीमाई क्षेत्रों में 29.02.24 से किया गया था जिसमें 04.03.24 को वाहिनी मुख्यालय के प्रांगण में गाँव सुमेरनगर एवं सुंडा के बीच फाइनल मैच का आयोजन किया गया जिसमें सुंडा की टीम को विजेता का ट्रॉफी एवं सुमेरनगर कि टीम को उप विजेता का ट्रॉफी प्रदान किया गया। सुंडा टीम के चेत राम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। फाइनल मैच के दौरान सहायक कमान्डेंट श्री कन्हैया नैथानी, 39वीं वाहिनी के द्वारा सभी प्रतिभागीयों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल कूद शारीरिक क्षमता के साथ साथ मानसिक क्षमता को भी बढ़ाता है।

नेपाल सीमा पर पुलिस व एसएसबी ने संयुक्त रूप से की पैदल गश्त

लखीमपुर खीरी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में मंगलवार को थाना तिकुनिया क्षेत्रान्तर्गत डॉक्टर घाट पर स्थानीय पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा पैदल गस्त किया गया। गस्त के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी कर उनसे पूछताछ भी की गयी। इसके अतिरिक्त इंडो-नेपाल सीमा से लगे जनपद खीरी के अन्य थानों गौरीफंटा, चंदनचौकी व संपूर्णानगर द्वारा एस०एस०बी० के साथ संयुक्त रूप से नेपाल बार्डर पर निरंतर गस्त किया जा रहा है, साथ ही सीमावर्ती थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थापित कवच आउट पोस्टों पर नियुक्त पुलिस बल द्वारा भी भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर चेकिंग व क्षेत्र के ग्रामों के लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

संक्षेप

महिलाओं को योजनाओं के प्रति किया जागरूक

आजमगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव धनंजय कुमार मिश्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी की उपस्थिति मे सखी वन स्टॉप सेंटर में घरेलू हिंसा से पीड़ित एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं के साथ चर्चा किया गया एवं उनका निवारण भी किया गया तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। केंद प्रबंधक सरिता पाल द्वारा सभी हेल्पलाइन नंबर 181, 112, 1098, 1076, 102, 108 के बारे में विस्तृत चर्चा की गई तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक अन्नु सिंह, ममता यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

सात मार्च तक सही करा ले डाटा

जौनपुर । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में इस वित्तीय वर्ष में भारत सरकार एवं राज्य सरकार में मार्किंग का कार्य किया जा रहा है जिस कारण कतिपय छात्र छात्राओं का स्टेट्स शो होने के कारण इन छात्र/छात्राओं का डाटा सस्पेक्ट में चला गया है। उन्होंने समस्त विद्यालयों के प्रबन्धक,प्रधानाचार्य को अवगत कराया है कि जिन छात्र छात्राओं के स्टेट् शो हो रहा है उन विद्यालयों के प्रबन्धक प्रधानाचार्य 07 मार्च तक जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में सम्पर्क कर डाटा सही करा लें।

किसान की हत्या, थानाध्यक्ष निलम्बित



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के नंदगंज चौराहे पर भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने धारदार हथियार से किसान की हत्या कर दी। जबकि पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को लेकर कोतवाल विनय प्रकाश सिंह को निलंबित कर दिया गया है ।मुख्य आरोपी हिरासत में है। हत्या का कारण ग्राम समाज की जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। ऊंचनी कला गांव निवासी पूर्व प्रधान प्रताप सिंह (50) पुत्र अजय सिंह का दबंगों से जमीनी विवाद चल रहा था। चार दिन पहले भी दोनों पक्षों में ग्राम समाज की एक फिट जमीन को लेकर मारपीट हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था ।सोमवार को देर शाम प्रताप सिंह अपने पड़ोसी किसान संजय सिंह उर्फ मुन्ना (55) के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान नंदगंज चौराहे पर दबंगों ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची मड़ियाहूं पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने संजय सिंह उर्फ मुन्ना को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे मृतक के परिजन शव लेकर घर चले गए। गंभीर रूप से घायल प्रताप सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा और एडिशनल एसपी शैलेंद्र सिंह पहुंचे। परिजनों को समझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।

फरियादी की समस्या का समयबद्ध करें निस्तारणः डीएम

मीरजापुर ।जनपद के कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दर्शन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रो से आये एक-एक फरियादियों के पास स्वंय पहुंचकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने उनसे बात करते हुये उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को दूरभाष पर ही निर्देशित करते हुये कहा कि फरियादी की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान देते हुये समयबद्ध व पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को बार-बार जनपद व तहसील मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने कहा कि निस्तारण संतुष्टिपरक हो, गलत रिपोर्ट लगाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा 53 फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर भरत लाल सरोज उपस्थित रहें।

विवाहिता ने की आत्महत्या

मीरजापुर ।थाना चील्ह क्षेत्रांतर्गत ग्राम चंदेल दडिया में विवाहिता ने उग्र कल से उपकार आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि उक्त ग्राम निवासिनी रंजना विंद पत्नी कन्हैया उम्र करीब 30 वर्ष द्वारा पारिवारिक कलह को लेकर सोमवार क रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। घटना की सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारी व थानाध्यक्ष चील्ह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई ।

करोड़ों की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

मीरजापुर ।थाना कोतवाली देहात पुलिस व एस ओ जी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बड़ी सफलता हासिल करते हुए लगभग 23 करोड रुपए कीमत की अवैध अफीम के साथ अंतर राज्य अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया गया ।बताते हैं कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार 4 मार्च को एस.ओ.जी. व थाना कोतवाली देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत बरकछा मोड़ बहद ग्राम बरकछा से चार पहिया वाहन रिनाल्ट फ्ल्यूवेन्स कार संख्या झडी एल 8 सी जेड 9429 से एक अभियुक्त, हेमन्त धानुक पुत्र गोविन्द रामजी निवासी प्लाट नं0- 456, फ्लैट न0- 302 शिवगंगा अपार्टमेन्ट, शिवसिटी, निहालपुर मुण्डी थाना राजेन्द्र नगर, जनपद इन्दौर, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया । वाहन की तलाशी में कुल 22.365 किलो ग्राम अवैध अफीम जिसका अनुमानित कीमत ?23 करोड़ है ,बरामद किया गया ।उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0-46/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया । अफीम तस्करी में प्रयुक्त रिनाल्ट फ्ल्यूवेन्स कार वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि मेरे द्वारा अफीम तस्करी का काम पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है जो कि उत्तर प्रदेश-झारखण्ड के बार्डर से चार पहिया वाहन में कैबिन बनाकर उसमें अफीम छिपाकर मीरजापुर के रास्ते इन्दौर मध्य प्रदेश ले जाकर वहां से देश के विभिन्न प्रांतो में मांग के अनुसार सप्लाई की जाती है ।इस काम के एवज में अच्छी खासी रकम मिल जाती है, जिस पैसे का उपयोग हम अपने भौतिक सुख सुविधा के लिये करते है ।गिरफ्तार अभियुक्त के जामातलासी से एक मोबाइल फोन व एक हजार एक सौ दश रूपए बरामद हुए।

मतदाताओं को दिलायी वोट जरूर डालने की शपथ

आजमगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के प्रति जन सामान्य में मतदान एवं ईवीएम के प्रति जागरूकता के लिए स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने कलेक्ट्रेट भवन में स्थित गांधी हाल में लगे ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र पर डीएवी डिग्री कालेज आजमगढ़ के लगभग 200 छात्र/छात्राओं को मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत क्यू आर कोड के माध्यम से आनलाइन मतदाता पंजीकरण, वोटर हेल्प लाइन ऐप एवं सक्षम ऐप के बारे में बताया। वोटर हेल्प लाइन ऐप में वोटर अपना वोटर लिस्ट मे नाम एवं पोलिंग बूथ के बारे में जानकारी ले सकते हैं। साथ ही छात्र/छात्राओं को ईवीएम/वीवीपैट से वोटिंग करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र/छात्राओं ने ईवीएम के माध्यम से वोटिंग किया, वहीं वीवीपैट की उपयोगिता से भी परिचित हुए, जिसमें छात्र/छात्राओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने सभी छात्र/छात्राओं को डमी बैलट पेपर लगे बैलट यूनिट का बटन दबाकर मतदान करने के तरीके से अवगत कराया गया। इसके साथ ही वीवीपैट में दिए गए वोट का प्रिंट 7 सेकंड तक प्रत्याशी का नाम, क्रमांक तथा चुनाव चिन्ह देखने को लेकर छात्र/छात्राओं को अभ्यस्त कराया गया। सभी छात्र/छात्राओं द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन में अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने हेतु जागरूक करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये स्लोगन वोट जैसा कुछ नहीं-वोट जरूर डालेंगे हम की शपथ ली गयी। सभी उपस्थित छात्र/छात्राओं ने उत्साह से जागरूकता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संजीत बेरा, अनिस सिद्धिकी, डीएवी डिग्री कालेज के अध्यापक-डॉ गीता सिंह, डॉ अरूण कुमार सिंह, डॉ पंकज सिंह, डॉ राजेश कुमार, डॉ सुधांशु श्रीवास्तव, डॉ शैलेन्द्र कुमार यादव, डॉ अजय सोनकर सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

4 सूत्रीय मांग को लेकर आशा बहुओं ने दिया ज्ञापन

पाटन, उन्नाव। आशा बहू व आशा संगिनियों ने मानदेय बढ़ाने एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में धरना प्रदर्शन व बैठक कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से संबोधित ज्ञापन चिकित्सा प्रभारी को दिया। अभिलंब मांगे ना माने जाने पर अनिश्चितकाल

के लिए कलम बंद हड़ताल करने की चेतावनी दी। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर में आशा बहुए व आशा संगिनियों ने बैठक कर अपनी सेवाओं के प्रति सरकार द्वारा किए जा रहे सौतेले व्यवहार को लेकर उन्होंने मंगलवार को स्वास्थ्य केंद्र पर बैठक कर विरोध प्रदर्शन किया। आशा बहुओ व आशा संगिनी जिंदाबाद हमारी मांगे पूरी की जाये। मांगों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए जैसे नारो व स्लोगनो के साथ जमकर नारेबाजी की तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम से संबोधित ज्ञापन चिकित्सा प्रभारी सुमेरपुर को दिया। तथा बताया कि आशा बहुएं व आशा संगिनी लंबे समय से निर्धारित मानदेय पर काम कर रही हैं उन्होंने अपने मान देय को 4000 -5000 से बढ़ाकर 18 हजार रुपया किए जाने तथा राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग की धरना प्रदर्शन के दौरान अपनी चार सूत्रीय मांगों पर ध्यान दिलाया और कहा कि 2006 में जब आशा बहू व आशा संगिनियों का चयन हुआ था। तब कक्षा 8 पास की योग्यता के अनुसार चयन किया गया था। किंतु उनसे मोबाइल पर ऐप द्वारा कार्य कराया जा रहा है ।जिससे हम सभी को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आर्थिक व मानसिक उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। मांगों को अभिलंब ना मानने पर अनिश्चितकाल के लिए कलम बंद हड़ताल की घोषणा भी की। इस मौके पर राजकुमारी, रामा, शिव कुमारी, रेखा, श्यामा, कृष्णा सुशीला व प्रतिमा सिंह सुनीता देवी, मीनू सविता देवी, अनुपमा, सावित्री आदि आशा बहुएं व आशा संगिनी मौजूद रही।

रामपुर और रायपुर में चला मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान

उन्नाव। जनपद के विकासखंडों में मतदान प्रतिशत को शिखर तक ले जाने के लिए तैनात शिक्षक, जिलाधिकारी और बीएसए उन्नाव के आदेशों में कोई कमी नहीं छोड़ रहे। शिक्षकों द्वारा आयोजनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का यह प्रयास कारगर होगा यह बाते रामपुर गढ़ौवा के शिक्षक प्रदीप वर्मा ने

कहीं ।सफीपुर के शिक्षक नेता संजीव संखवार ने रायपुर मुड़हा में अभिभावकों को मतदान की शपथ दिलवाते हुए हस्ताक्षर करवाए। संजीव ने उपस्थित लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना देश हित में महत्वपूर्ण बताया। औरास के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान बच्चों और शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया, जिसमें बहुलता में लोगों ने प्रतिभाग किया। महिलाओं, अभिभावकों, दुकानदारों, फेरीवालों और मजदूर वर्ग के साथ विद्यालय में बैठक कर मत के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में रामपुर गढ़ौवा ग्राम सभा के हिमांचल खेड़ा, खुदियन खेड़ा, एकघरा, मीठेपुर, लोधई के अभिभावकों ने भी प्रतिभाग किया। शशी देवी, रमनजीत कौर और शाहे खूबां एवम् सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप वर्मा ने किया ।संगीता सिंह - बीएसए उन्नाव ने बताया कि अठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं को वोट डालने के तरीकों से परिचित करवाया जाए, उन्नाव को वोट प्रतिशत में सर्वोच्च स्तरतक ले जाने के लिए प्रयास जारी हैं, शिक्षकों का अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो रहा है।

स्टेट हाईवे पर वाहनों के खड़ा होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी

आजमगढ़। आजमगढ़-जौनपुर स्टेट हाईवे पर वाहनों के खड़ा कर दिए के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। वहीं, निर्माण के बाद अधिकांश जगहों पर नाले के ऊपर अतिक्रमण कर लिए जाने से समस्या और विकट होती जा रही है। विभागीय अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए पूर्व में नोटिस जारी कर चुप्पी साध ली। बीते वर्ष आजमगढ़-जौनपुर हाईवे का चैड़ीकरण कराया गया था। साथ ही जलनिकासी के लिए सड़क किनारे आरसीसी नाले का निर्माण भी हुआ था। नाले के निर्माण के कुछ दिनों बाद से ही लोगों ने उस पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। मकानों का बारजा से लेकर सीढ़ी का निर्माण करा दिया गया। इसके अलावा दुकानों के सामान आदि रखकर अधिकांश जगहों पर नाले के ऊपर अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण हटाने के लिए विभागीय अधिकारियों ने कुछ माह पूर्व नोटिस जारी कर चेतावनी दी थी। ग्रामीणों का कहना है कि नोटिस देने के बाद विभागीय अधिकारियों ने चुप्पी साध ली।

सीआईएफ फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

जौनपुर। जफराबाद नगर पंचायत में चुनाव व त्यौहार को देखते हुए नगर में सीआईएफ फ्लैग मार्च किया ।इस मौके पर पुलिस चैकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव, धनंजय राय धनुधारी मिश्रा पुलिस बल जितेंद्र सुमित यादव विपुल शाहिद बारिश भारी संख्या में पुलिस बल भ्रमण में क्षेत्र में कबूलपुर कजगांव सहित क्षेत्र में भ्रमण किया गया।

पेंशन अदालत का आयोजन 22 को

सोनभद्र। वष्ठि कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 22.03.2024 को उनके कार्यालय सभागार में पूर्वाह्न 10:30 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है विनयाचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। उक्त अदालत में निम्न मामले सुने जायेगें राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशनधग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी हो, पेंशन के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के विरूद्ध पेंशनर द्वारा दिये गये प्रत्यावेदन पर पर विचार, सेवानिवृत्त के उपरान्त यदि वेतन आदि का पुनरीक्षण किया गया है, तो तद्नुसार पेंशन पुनरीक्षण के मामले ऐसे प्रकरण जिनके निस्तारण में प्रशासनिक विभाग और पेंशन विभाग में मतभेद हो, तथा ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में लम्बित हो परन्तु पेंशनर उसे अदालत से बाहर निस्तारित कराने के इच्छुक हो तथा ऐसे पेंशनरों के प्रकरण जो उच्च न्यायालय में लम्बित है, प्रकरण लम्बित रहने की स्थिति में उन पर विचार नही किया जा सकता, तथा पेंशनरों की अन्य शिकायतों के संबंध में। पेंशन अदालत में वाद दाखित करने हेतु आवेदन-पत्र का प्रारूप विन्ध्याचल मण्डल, के जिला कोषागारों में उपलब्ध है। उक्त आवेदन-पत्र तीन प्रतियों में भरकर सम्बन्धित जनपद के मुख्यध्वरिष्ठ कोषाधिकारियों के कार्यालय में - 09.03.2024 के अपराह्न 03 बजे तक उपलब्ध करा दें।

होली स्थल की शिकायत के प्रकरण को एसडीएम ने कराया हल

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अंतर्गत ग्राम जमीरपुर में होली स्थल को लेकर की गई। शिकायत पर उप जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर निरीक्षण कर मामला शांत कराया।

तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम जमीपुर में होली स्थल पर अतिक्रमण को लेकर रामावती पत्नी छोटे लाल द्वारा गांव के कई लोगों के खिलाफ होलिका स्थल पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर मंगलवार को उप जिलाधिकारी क्षितिज कुमार थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडे के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जिस स्थान को लेकर प्रार्थिनी ने शिकायत की थी उस भूमि पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के मकान बने पाए गए जो प्रति जमीन है जिस पर लेखपाल से रिपोर्ट मंगाकर वैधानिक कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया जबकि होलिका दहन का स्थान खाली पड़ा हुआ है। जहां पर प्रतिवर्ष होलिका दहन का कार्य संपादित किया जाता है। अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों को शांतिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाने की बात कही तथा निर्धारित स्थल पर ही होली जलाने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी के सहयोग से सुझाए गए इस कार्य की जहां दोनों पक्षों ने स्वीकार किया। वहीं लोगों ने उप जिलाधिकारी के इस कार्य की सराहना की। उप जिलाधिकारी बताया कि जिस स्थान को लेकर प्रार्थी द्वारा बार-बार शिकायत की जा रही है वह नवीन पड़ती है जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक/अनौपचारिक बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागीय अधिकारियों से विकास से जुडे विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गयी साथ ही निर्देश दिए गए कि सभी अधिकारी गण अपनी-अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करें और जनपद के विकास में अपना योगदान दें। सभी लोग अपना उत्कृष्ट योगदान देने में कोताही न करें। उन्होंने कहा कि हम सब को जनसेवा करने का जो अवसर मिला है, उसमें अपना बेहतर प्रदर्शन कर अपने कार्यकाल को यादगार बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित कराएं।

जनसामान्य को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना हमारा मुख्य दायित्व है। सभी कार्यालयाध्यक्ष अपने अधीनस्थों के साथ टीम भावना के साथ कार्य करें और बेहतरीन परिणाम देने का प्रयास करें। सभी अधिकारी गण अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायत स्तर तक के कर्मचारियों के साथ गूगल मीट/सोशल मीडिया के जरिए जुडें. और विभागीय कार्यों की सघन मॉनीटरिंग करें। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपना कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें और पारदर्शिता के साथ जनसामान्य को योजनाओं का लाभ पहुँचाएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में ज्ञानालय/स्थानीय लाइब्रेरी की शुरूआत की जाएगी ताकि गांव के बच्चों को बहुत कम खर्चे में प्रतियोगात्मक शिक्षा उपलब्ध करायी जा सके। सभी अधिकारी गण आपस में बेहतर समन्वय रखें। आम लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनें और त्वरित निदान करने का प्रयास करें। सभी को प्रत्येक स्तर पर हमारा आवश्यक सहयोग प्राप्त होता रहेगा। सभी अधिकारी गण बिना किसी दबाव के शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य करें। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, पीडी कमलेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुगंधा चतुवेर्दी, सहायक निदेशक मस्त्य बी0के0 दुबे, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

काव्य गोष्ठी का आयोजन

सोनभद्र। 4 मार्च जनपद स्थापना दिवस के अवसर पर बसंत उत्सव को समर्पित काव्य गोष्ठी का आयोजन बार एसोसिएशन के सभागार में वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। मुख्यअतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पारस मिश्रा रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि ईश्वर विरागी के वाणी वंदना व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। बार एसोसिएशन सोनभद्र की अध्यक्ष पूनम सिंह ने सोनभद्र के संदर्भ में सारगर्भित वक्तव्य दिया। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र एवं शहीद प्रबंधन स्थल कारारी सोनभद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विचार व काव्य गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए सोनभद्र जनपद आंदोलन से जुड़े अधिवक्ता, सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद चौबे ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद जनपद का सृजन हुआ। काव्य गोष्ठी मे सुधाकर स्वदेश प्रेम जगदीश पंथी

ईश्वर विरागी अजय चतुवेर्दी काका संयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी निदेशक शहीद स्थल करारी सोनभद्र संचालक अशोक तिवारी, कौशल्या कुमारी चौहान, जयराम सोनी, विकास वर्मा, धर्मेश चौहान, दयानंद दयालु, मदन चौबे, अब्दुल हई, सुनीता, दिवाकर द्विवेदी मेंघ समेत अन्य कवियों ने काव्य पाठ करके श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र पांडेय रमेश देव पाण्डेय ओमप्रकाश पाठक जयशंकर तिवारी सरोज कुमारी अमित सिंह समेत बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे देर शाम तक आयोजन चला।

कार्यालय ग्राम पंचायत दुल्हापुर चौबे, विकास खण्ड मोहम्मदी जनपद लखीमपुर (खीरी)

पत्रांक : मेमो. पन्द्रहवाँ वित्त/राज्य वित्त — दिनांक : 03.03.2024

अल्पकालीन निविदा

विकास कार्य/स्वीकृत कार्य अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वित्तिय वर्ष 2023-24 निम्म निर्माण कार्य हेतु पीडब्लूडी की दरों पर सामग्री आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर में पंजीकृत हैं, में मोहर बंद निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

कार्य का नाम :- R.C.C. रोड से जयचन्द के मकान (घर) तक इण्टरलाक निर्माण कार्य

क्रम स.	सामग्री का नाम	अनुमानित मात्रा	धनराशि लाख में
1.	ईंट I बालू, इण्टरलाक, मौरंग, सीमेन्ट, बजरी,ईंट रोड़ी		228150/-

निविदा फार्म/क्रय की जाने वाली सामग्री सम्बोधित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंचायत घर/ग्राम पंचायत दुल्हापुर चौबे से दिनांक 04/03/24 से 08/03/24 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा दिनाक 08/03/24 अपराहन 03 (तीन) बजे तक जमा किये जा सकते हैं। तथा 04 (चार) बजे गठित समय के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा/सभी को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

ग्राम पंचायत अधिकारी

बलबिन्दर कौर
प्रधान
ग्रा. पं. दुल्हापुर चौबे
वि.ख. मोहम्मदी खीरी

कार्यालय ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ — दिनांक- 05.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	मनरेगा अम्बेडकर पार्क जीर्णोधार कार्य	9.61 घन मी.	7427 नग	19.21 घन मी.	4620 नग	100 बैग	6.19 घन मी.

नियम शर्तः-
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत खरवहिया नं. 1 के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1 के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

रामरानी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1
विकास खण्ड धौरहरा

निधि देवी
ग्रा0पं0वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत खरवहिया नं0 1
विकास खण्ड धौरहरा

कार्यालय ग्राम पंचायत कलुआपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ — दिनांक- 05.03.2024

अति अल्पकालीन निविदा

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी0डब्लू0डी0 की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	सामग्री का नाम मात्रा					
		बालू	प्रथम श्रेणी ईटा	रोड़ा 40 एम.एम.	इण्टरलाकिंग टायल्स	सीमेन्ट बैग	मौरंग
1	मोहनलाल के घर से विनोद यादि के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	25.09 घन मी.	11141 नग	50.17 घन मी.	19320 नग	176 बैग	7.66 घन मी.
2	छेद्दु के घर से सरीफ के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	25.16 घन मी.	10570 नग	50.33 घन मी.	19600 नग	173 बैग	7.27 घन मी.

नियम शर्तः-
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में 06.03.2024 से 11.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत कलुआपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 06.03.02.2024 से दिनांक 11.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत कलुआपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 11.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

अमीना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कलुआपुर
विकास खण्ड धौरहरा

धीरज
ग्रा0पं0वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कलुआपुर
विकास खण्ड धौरहरा

संक्षेप

बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

टूंडला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध कारित करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दीक्षित निरीक्षक अपराध कृष्ण स्वरुप पाल मय हमराहीगण द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को मंगलम रिसोर्ट के पास बन्ना रोड पर से महिला से बलात्कार करने के थाना टूंडला मे दर्ज 376 के मुकदमे में वांछित अभियुक्त विष्णु पुत्र गौरेलाल निवासी गोल फाटक टूण्डली माता वाली गली थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद' को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध तमंचा व कारतूस सहित 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को फुट ब्रिज के नीचे आसफाबाद से अभियुक्त सौरभ पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी ओम नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को मय एक अवैध तमंचा 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली नारी शक्ति वंदन यात्रा

टूंडला। नगर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा दीपा चौराहा से प्रारंभ होकर न्यू मार्केट बलदेव रोड रामलीला मैदान होती हुई भारत माता चौक पर संपन्न हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने समाज में महिलाओं को सम्मान दिलाया है। महिला को परिवार की मुखिया बनाया है। महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की योजनाएं महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही हैं। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए योजनाएं बनाकर उनको लागू भी किया गया है। महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू गौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की योजनाओं की बदौलत आज समाज में महिलाएं आगे बढ़ी हैं। ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर क्षेत्र में महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। यात्रा में नीलम दिवाकर महामंत्री लीला मदान आरती सतीजा देवी मधु धामा, आशा देवी, मीनू प्रीति, हनुमंत बघेल नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता शिव शंकर शर्मा क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन आकाश शर्मा, हनी जादौन, विनोद सिंह आदि शामिल रहे।

शिवरात्रि पर बिजली, पानी व सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये

रंगोत्सव के दृष्टिगत समुचित पुलिस बल तैनात किया जाये, कमजोर एवं जर्जर मकानों की जांच करें

मथुरा। डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में शिवरात्रि एवं रंगोत्सव के संबंध में बैठक ली। दिनांक 8 मार्च 2024 को शिवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मन्दिरों के आस-पास क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था रखी जाए तथा चूना का छिड़काव कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में गन्दगी के ढेर न लगे हों एवं प्लास्टिक के पूर्णतः प्रतिबद्ध को सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि जनपद एवं तहसील स्तर पर सभी खंभों, ट्रांसफार्मर, तारों आदि का निरीक्षण कर लिया जाए। गली एवं सड़क पर विद्युत के तार ढीले न दिखाई दें।

श्री सिंह ने कहा कि भीड़ वाले क्षेत्रों में खंभों को प्लास्टिक से कवर कर दिया जाए। उन्होंने जलकर, नगर निगम, जिला पंचायत राज विभाग तथा नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई के साथ-साथ पर्याप्त मात्रा में पेयजल एवं शौचालयों की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने नगर निकाय के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के समय कहीं भी आवारा जानवर सड़कों पर दिखाई न दें। उन्होंने कहा कि स्थानीय पशु पालकों से भी वार्ता कर ली जाए कि उनके जानवर खुले न रहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शिवरात्रि कर दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस, लोक निर्माण, नगर पंचायत के अधिकारियों के साथ बैठक करके इस तरह की योजना बनाई जाए कि किसी भी क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न न हो सके। उन्होंने कहा कि पार्किंग वाले स्थानों को चिन्हित कर लिया जाए और वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा करवाया जाए। शोभा यात्रा के अनुसार रुट चिन्हित करें। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रंगोत्सव की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में लोक निर्माण विभाग को बैरिकेडिंग, बैरियर, पार्किंग स्थलों का निर्माण आदि कार्यों को समयबद्ध रूप से सम्पादित कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की संख्या को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में टॉयलेट्स एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाय और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खोया-पाया केन्द्र एवं सहायता बूथ संचालित करना सुनिश्चित करें। जिला पंचायतराज अधिकारी/नगर पालिका/लोक निर्माण विभाग/नगर पंचायत/नगर निगम अपने अपने क्षेत्रों में व्यापक साफ सफाई का प्रबन्ध तथा कुंडो की सफाई एवं मरम्मत आदि कार्य समय से सम्पादित कराना सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के अतिरिक्त ट्रैफिक प्लान के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि जर्जर इमारतों को चिन्हित कर लिया जाए तथा ऐसी इमारतों पर लोगों को न बैठने दिया जाए। श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्याप्त मात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबन्धन सुनिश्चित किया जाए तथा मेडिकल टीम और एंबुलेंस सेवा ससमय उपलब्ध हो। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री कदापि न हो, इस हेतु सघन अभियान चलाते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में जर्जर पोल एवं ढीले तारों को बदलते हुए सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परिवहन निगम को पर्याप्त संख्या में अच्छी कंडीशन की बसों का संचालन करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पार्किंग व्यवस्था को पिछले वर्ष से बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा पार्किंगों में समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के अधिकारीगण पूर्ण मनोयोग के साथ समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षा के दृष्टिगत रोड़ लाइटिंग, सीसीटीवी, पीए सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। ससमय मेला क्षेत्रों में फायर/अग्निशमन के सभी मानकों को पूर्ण करें। टॉक्सिक गुलाल का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबद्ध हेतु सघन चेकिंग करें।

सांसद प्रतिनिधि और सीडीओ ने लाभान्वित किये दिव्यांगजन

मथुरा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ०प्र०, लखनऊ द्वारा संचालित कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण योजनान्तर्गत लोक सभा क्षेत्र मथुरा के सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना अधिकारी ग्राम्य विकास एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विजय लक्ष्मी मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति में ब्लॉक खण्ड मथुरा के प्रांगण में शिविर आयोजित कर जनपद मथुरा के 80 पात्र दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, 03 पात्र दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 03 पात्र दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, 01 स्मार्टकेन, 01 एम०आर०किट एवं 01 पेयर वैशाखी वितरित किये गये।

जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित

फिरोजाबाद। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं शिवरात्रि, रमजान व होली त्योहारों के प्रारम्भ होने पर जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं सभी त्यौहारों को सादगी एवं भाईचारे के साथ मनाए जाने हेतु जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आई जी रैंज आगरा, जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को थाना रसूलपूर क्षेत्रांतर्गत ताल पैलेस में आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस महानिरीक्षक आगरा रैंज ने बताया कि शांति सुरक्षा की सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जैसा कि सभी जानते है मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार की अपराध पर जीरो टोलरेंस नीति है, इसके लिए आज जिला स्तरीय पीस कमेटी में उपस्थित शहर के जिम्मेदार व संभ्रात नागरिकों को अवगत कराते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति अफवाहों के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करना चाहेगा तो उसे कानून के द्वारा जमींदोज कर दिया जाएगा। शांति कमेटी की बैठक के दौरान जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमान ने जनपद के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं एवं प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है कि दोनों समुदाय के त्यौहार एक साथ पढ़ रहे इससे पूर्व भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर जनपद के सभी लोगों ने अपनी समझदारी एवं भाईचारे से त्यौहारों को मनाया है। उन्होने सभी संभ्रांत नागरिक गणों से अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक सद्भाव की मिसाल कायम करते हुए लोगों के बीच प्रेम व अमन का पैगाम देने का अवाह्न किया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बैठक में आए हुए मुस्लिम समाज के धर्मगुरूओं व शहर के दोनो समुदाय के प्रबुद्धजनों से एक-एक कर इन त्यौहारों के दौरान शहर में उत्पन्न समस्याओं को जाना, जिस पर बताया गया कि शहर में कुछ स्थानों पर जल भराव व गन्दगी, गढढेयुक्त सड़कें, विद्युत, पानी आपूर्ति आदि समस्याऐं रहती हैं। उठाई गई समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने एक-एक समस्या का समाधान देते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रातः काल में किसी भी स्थिति में बिजली की कटौती नही होनी चाहिए, स्ट्रीट लाइटें खराब है तो उन्हे दो दिन में सही कर लिया जाए और जिन चैराहों व प्रमुख स्थानों पर लाइटें नही है वहां पर लाइटें लगवा दी जाऐं। उन्होने बताया कि शिवरात्रि व रमजान एवं होली के त्यौहार के दौरान पानी की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी तथा अभियान चलाकर साफ-सफाई की चाक-चैबंद व्यवस्था की जाएगीं। किसी भी क्षेत्र में पानी न पहुचने की स्थिति में टैंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई दी जाएगी। उन्होने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि वह जर्जर तारों को सही कराए एवं त्यौहारों के दौरान विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराऐं। उन्होने नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारियों, सभी पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां पहले से पूरी कर लें। उन्होने कहा कि अपने क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायत बेहतरीन समन्वय स्थापित करते हुए त्योहारों के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करा लें। इस अवसर पर शहर के जिम्मेदार व संभ्रांत नागरिकों ने भी अपने सुझाव व समस्याऐं एवं विचार अधिकारियों के सम्मुख रखें। बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनों को सभी त्यौहारों की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ आसामाजिक तत्वों से निपटने के लिए तैयार है, किसी भी अप्रिय स्थिति से पूरी सख्ती के साथ निपटा जाएगा। इस दौरान ज्वांइट मजिस्टेज्ट कृति राज, नगर मजिस्ट्रट राजेन्द्र कुमार, एस पी सिटी, एस पी ग्रामीण, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नगर निगम के अधिकारी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विप्रा के कार्यों की उपाध्यक्ष ने की समीक्षा

मथुरा। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के नवागत उपाध्यक्ष एस बी सिंह ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में प्राधिकरण के कार्यो की समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि नगरीय अवस्थापना के अंतर्गत होने वाले सभी 19 कार्यों को तेजी से पूरा कराने के साथ-साथ अवैध निर्माण चिन्हित कर उन पर अभियान चला कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। मंगलवार को विकास प्राधिकरण की व्यवस्था और कार्यों की समीक्षा संबंधी एक विशेष बैठक में उपाध्यक्ष सी सिंह ने प्रोजेक्ट, संपत्ति, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, प्लानिंग, अकाउंट, टेंडर आदि कार्यो की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के उपरांत उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय अवस्थापना निधि के अंतर्गत होने वाले 19 करोड रुपए के निर्माण विकास कार्य तत्काल पूर्ण किए जाएं। संपत्ति विभाग के सभी आवंटन पत्र बिना किसी परेशानी के तत्काल जारी कर दिए जाएं। इसके अलावा उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण के विभिन्न न्यायालय में लंबित केसों की जानकारी ली। इस दौरान उनको हाईकोर्ट में चल रही वाद और काउंटर दाखिल करने तथा अधिवक्ताओं के पास कितने-कितने वाद विचाराधीन के बारे में विशेष कार्याधिकारी प्रसून द्विवेदी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

समीक्षा बैठक में उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि तयशुदा सीमा पर टेंडर के कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। गोवर्धन में 30 गोल्फ कार्ट तत्काल उपलब्ध कराई जाए ताकि बुजुर्ग दिव्यांगजन श्रद्धालु उससे प्रदूषण रहित परिक्रमा कर सके तथा वृंदावन में लगने वाले स्टैचू मूर्ति लगाने के कार्य में भी तेजी लाई जाए। बैठक में सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, मुख्य लेखाधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, एटीपी रिचा कौशिक सहित अन्य अधिकारी अभियंता लिपिक उपस्थित रहे।

विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के साथ स्वच्छ भारत अभियान के प्रति किया जागरूक

फिरोजाबाद। नगर के देवस्थली एकेडमी में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में आयोजित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के साथ बच्चों और अभिभावकों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ नगर पालिका परिषद, सिरसागंज की पालिकाध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार अवस्थी ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। रंजना गुरुदत्त सिंह ने सभी को स्वच्छता के विषय में जागरूक करते हुए बच्चों से आह्वान किया कि वे सबसे पहले अपने बैग स्वच्छ रखकर अन्य सभी को भी जागरूक करें। उन्होंने बच्चों के मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वच्छ भारत अभियान नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। प्रति वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गाँव- गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि के दीक्षांत समारोह में दिये गये 120 पदक

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का नवासीवां दीक्षांत समारोह मंगलवार को विश्वविद्यालय के खंदारी परिसर स्थित शिवाजी मंडपम में संपन्न हो गया। आयोजन की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डा. एन. कलैसेल्वी थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के उच्च एवं तकनीकि शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे। विश्वविदयालय की माननीय कुलपति प्रो. आशुरानी ने दीक्षांत समारोह की औपचारिक शुरूआत की। उन्होंने बताया कि इस 89वें दीक्षांत समारोह में मेधावियों विद्यालयों को 120 पदक दिए जा रहे हैं, जिनमें 105 स्वर्ण और 15 रजत पदक हैं। छात्राओं ने कुल 91 पदक प्राप्त किए हैं, जो 75.6 प्रतिशत है। इनमें 78 स्वर्ण और 13 रजत हैं। वहीं छात्रों को कुल 29 पदक मिलेंगे, जो 24.4 प्रतिशत हैं। इनमें से 27 स्वर्ण और दो रजत पदक हैं। एसएन मेडिकल कालेज की प्राची गुप्ता को सर्वाधिक 10 पदक, शिकोहाबाद के नारायण कॉलेज की छात्रा निवेदिता सिंह को पांच पदक, समाज विज्ञान संस्थान के छात्र श्रेष्ठ वर्धन शुक्ला और सेंट जोंस कॉलज की श्रुति माहेश्वरी को चार-चार पदक प्राप्त हुए। भावना उपाध्याय, ईला अहमद, वंशिका हरपलानी को तीन-तीन और दिव्यांश पचौरी, अंकिता मिश्रा, दीपेंद्र सिंह, काजल जैन, कशिश सिंह, कुमारी डौली, प्रिया राजावत, प्रियम चौरसिया, साधना कुमारी, शिवांगी गुप्ता, श्री जी अग्रवाल, विष्णु कुमार को दो-दो पदक प्राप्त हुए। साथ ही चार डी.लिट्, 97 पीएच. डी. के साथ स्नातक की 1,11,307, परास्नातक की 10663 और प्रोफेशनल कोर्स में 12602 समेत कुल 1,36,833 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गईं। सभी उपाधियों को डिजिलॉकर में सुरक्षित अपलोड कर दिया गया, जिन्हें माननीय राज्यपाल महोदया ने बटन पर क्लिक कर राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी (एनएडी) पर अपलोड की। राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही 30 आंगनबाडी किट,

30 प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को शिक्षण सामग्री के साथ 105 महिला टी.बी. मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। विश्वविद्यालय सामुदायिक रेडियो के माध्यम से सभी शिक्षक व कर्मचारी ने गोद लिया है। ट्रान्सजेंडर सेल का गठन के साथ माननीय राज्यपाल महोदया के हाथों दर्जनभर प्रोजेक्ट का लोकार्पण व शिलान्यास कराया गया। इनमें खंदारी परिसर में छात्र परिषद भवन, नवग्रह वाटिका व आरोग्य वाटिका, विश्वविद्यालय आरोग्य केंद्र, बेसिक विज्ञान विभाग में सौर ऊर्जा संयंत्र, प्रधानमंत्री कौशल विकास कंप्यूटर लैब, कुलाधिपति निलयम, स्कूल ऑफ लाइफ साइंस में पर्यावरण विज्ञान प्रयोगशाला, लेक्चर कैप्चरिंग फेसिलिटी सेंटर, पालीवाल पार्क परिसर में के.एम. मुंशी अभिलेख धरोहर संग्रहालय व शोध केंद्र, छलेसर परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र, महाराणा प्रताप छात्रावास, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम का शिलान्यास किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल महोदय आनंदी बेन पटेल ने संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन करते हुए उनके जीवन आदर्शों से सीखने की अपील की। उनका कहना था इस दीक्षांत का आयोजन नए साल की शुरूआत में हो रहा है, लेकिन इसमें इसे नए सत्र की शुरूआत में लेकर आना है। दीक्षांत समारोह जुलाई में होना चाहिए। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में यह व्यवस्था की गई हैं। यहां भी अमल में लाई जाएगी। इसके लिए हमें सत्र से लेकर प्रवेश, परीक्षा और परिणाम को पटरी पर लाना होगा। ऐसा न होने से विद्यार्थियों को नुकसान हो रहा है और उनका भविष्य भी प्रभावित हो रहा है। लेकिन परीक्षा के बाद परिणाम में देरी कुछ कमियों के कारण हो रही है, जिन्हें अनपढ़ नहीं, पढ़े-लिखे लोग ही कर रहे हैं। अब हमने संकल्प लिया है कि इन गलतियों को हम नहीं दोहराएंगे। ऐसा करने वालों को हम चिह्नित करेंगे और जो लापरवाही करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के विश्वविद्यालय नैक में अच्छा कर रहे हैं, छह विश्वविद्यालयों ने ए प्लस प्लस ग्रेड लाकर 100 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त किया है। आप भी नैक में अच्छा करें, तो आपको भी अधिक अनुदान मिलेगा। मैंने कुलपति को निर्देश दिए हैं कि 15 मार्च तक नैक की सारी तैयारियां पूरी करके मेरे पास आएं और तिथि लें। तैयारी पूरी हैं, तो प्रजेंटेशन दें। नहीं तो आपको जो करना है, वह तो चलता ही रहेगा। हमें व्यवस्थाएं सुधारने के लिए कड़े निर्णय लेने होंगे। सभी कार्य समय पर होंगे, तो विद्यार्थी भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे क्योंकि उनमें क्षमता की कोई कमी नहीं है। कुछ कॉलेजों की लापरवाही और समय से अंक उपलब्ध न कराने से पूरा परिणाम प्रभावित रहता है। इसके लिए हमने अपने कॉलेजों को तीन श्रेणी में बांटा है, अच्छा प्रदर्शन करने वालों को एक, छोटी-छोटी गलतियां करने वालों को बी ग्रेड और लापरवाही करने वाले कॉलेजों को सी ग्रेड में रखा जाएगा। ए ग्रेड वालों को सम्मानित किया जाएगा। बी वालों को मार्गदर्शन दिया जाएगा, जबकि सी ग्रेड वालों प्रत्येक दो कॉलेजों पर एक-एक शिक्षक को तैनात किया जाएगा, जो वहां जाकर उनके कार्यकलापों को सुधारने के लिए जागरूक करेंगे। इसके बाद भी जो नहीं सुधरेगा, उस पर तो कार्रवाई होगी ही। यह पांच लाख विद्यार्थियों के भविष्य का सवाल है।

यमुना ब्रिज स्टेशन पर सीढ़ियों व रैंप के साथ नये फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास

आगरा। यमुना ब्रिज स्टेशन पर 03 मीटर चौड़ा लगभग 8.30 करोड़ रुपए की लागत से नया रेलवे फुट ओवरब्रिज यानी एफओबी बनाया जाएगा। दिनांक 05.03.2024 को यमुना ब्रिज स्टेशन पर सीढ़ियों और रैंप के साथ नए फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान का शिलान्यास प्रो. एस.पी. सिंह बघेल केन्द्रीय राज्यमंत्री, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार व डॉ. धर्मपाल सिंह विधायक, एत्मादपुर, मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के द्वारा शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पहले सिर्फ बड़े स्टेशनों पर ही फुट ओवर ब्रिज या एफओबी (एफओबी) दिखते थे। अब तो छोटे स्टेशनों में भी फुट ओवर ब्रिज बनाया जाने लगा है। इस एफओबी के बनने से यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने में सहूलियत होगी। इसके बनने से यात्रियों को रेल ट्रैक पार कर प्लेटफार्म तक जाने से छुटकारा मिल जायेगा। यमुना ब्रिज स्टेशन पर सीढ़ियों और रैंप के साथ नए फुट ओवर ब्रिज बनने से आम पब्लिक और यात्रियों को सुविधा मिल सकेगी इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल , अपर मंडल रेल प्रबंधक ओपी वीरेंद्र वर्मा , रेलवे अधिकारी ,जेडआरयूसीसी, डीआरयूसीसी, एसआरयूसीसी सदस्य, रेलवे कर्मचारी एवं क्षेत्रीय जनता, मीडिया, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि. में सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के पदों पर भर्ती आज

आगरा। सहायक निदेशक सेवायोजन चन्द्रचूड़े दुबे ने अवगत कराया है कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, साई का तकिया, एम०जी० रोड, आगरा के परिसर में 6 मार्च 2024 को प्रातः 10 बजे से रिलायन्स जियो इन्फोकॉम लि० द्वारा स्नातक अभ्यर्थियों की सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के पदों पर साक्षात्कार द्वारा भर्ती की जायेगी। इस पद हेतु संबंधित क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव व अभ्यर्थी के पास स्वयं की बाईक होना अनिवार्य है। कार्यस्थल जनपद आगरा रहेगा। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 06 मार्च 2024 को प्रातः 10 बजे अपने सभी शैक्षिक प्रमाणपत्रों एवं बायोडाटा सहित मेला स्थल क्षेत्रीय कार्यालय, आगरा परिसर में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं।

बलदेव का विश्व प्रसिद्ध हुरंगा 26 मार्च को, तैयारियां जोरों पर

मथुरा। ब्रज के राजा श्री दाऊजी महाराज का प्रसिद्ध बलदेव का हुरंगा इस बार 26 मार्च को आयोजित होगा। दाऊजी मंदिर में इस आयोजन की तैयारी भव्यता के साथ चल रही हैं। बलदेव में होली का उत्सव परवान चढ़ने लगा है। मंदिर के पुजारी रामनिवास शर्मा ने बताया प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन बलदेव में 26 मार्च को होगा। इसके लिए सभी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। विभिन्न प्रकार के गुलाल, भुड़भुड़ व टेसू के रंग हाथरस सहित अन्य स्थानों से मंगाए जा रहे हैं। होलाष्टक से श्री दाऊजी महाराज को टेसू के रंग लगाकर श्रद्धालुओं पर इस रंग की वर्षा प्रारंभ हो जाएगी। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने बताया श्री दाऊजी के हुरंगा का अपना विशेष महत्व है। इसकी पहचान पूरे विश्व में है। इसमें सभी गोप व गोपिका हुरंगा खेलती हैं। गोपी, गोपों के कपड़े फाड़कर उनके कोड़े बनाकर गोपों की पिटाई करती हैं, तो बड़ा ही आनंद व हर्ष उल्लास छा जाता है। श्री वर्मा ने बताया होली के दौरान जिसने दाऊजी महाराज का हुरंगा नहीं देखा तो समझो उसने ब्रज की होली महोत्सव का आनंद नहीं लिया। होली के आनंद की कल्पना शब्दों में बखान नहीं की जा सकती। कहा भी जाता है ब्रज की होरी को देखकर ब्रह्मा जी भी ललचा गए।

महिलाओं से सामूहिक बलात्कार की घटना के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

मथुरा। मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मथुरा ने पश्चिम बंगाल के उत्तर चैबीस परगना जिले के संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध राष्ट्रपति महोदय को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया एवं टीएमसी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करा। अभाविप मथुरा के विभाग संगठन मंत्री दिव्य भारद्वाज ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं तथा भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है, एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारी हर ओर भ्रष्टाचार कर आम लोगों का हक मार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून व्यवस्था की जर्जर स्थिति से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। संदेशखाली में जिन पीड़िताओं के साथ ज्यादती हुई, उनमें से अधिकांशतः पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रही ज्यादतियों का विरोध अभाविप ने देश के प्रत्येक कोने में किया है। अभाविप मथुरा महानगर विस्तारक गौरव यादव ने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ ज्यादती का घटनाक्रम जब सामने आया तभी से विद्यार्थी परिषद न्याय की मांग को लेकर पूरे देश के शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शन कर रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मानपूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। इस अवसर पर मथुरा विभाग छात्रा प्रमुख निशा निषाद, जिला संयोजक अमन शर्मा, महानगर सहमंत्री हर्ष चैधरी, ऋषभ बरनवाल, बीएसए कॉलेज उपाध्यक्ष देवेश मिश्रा, रामकृष्ण गौतम, एंजेला गौतम, याशिनी दीक्षित, सृष्टि, वर्षा, प्रेरणा आदि उपस्थित रहे।

होली महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन करेंगे स्थानीय कलाकार

मथुरा (मधुसूदन शर्मा)। रंगोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित कराने के लिए ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मथुरा की लठ्ठमार होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। इस अवसर पर देशी-विदेशी आगन्तुकों की भारी भीड़ एकत्र होती है। आगन्तुकों के मनोरंजन के लिए स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया जाता है। इस आयोजन में देश व प्रदेश की गौरवशाली विरासत की झलक प्राप्त होती है। इसके साथ ही कलाकारों को अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही इन कलाकारों को आजीविका प्राप्त होती है। मथुरा रंगोत्सव के अंतर्गत 26 मार्च को बलदेव दाऊजी का हुरंगा आयोजित किया जाएगा, जिसमें मंदिर परिसर में फूलों के रंगो से होली खेली जाती है। उन्होने बताया कि होली रंगों और खुशियों का त्योहार है। फाल्गुन माह में होली पूरे देश में मनाई जाती है लेकिन ब्रज की होली का विशेष महत्व है, क्योंकि इसका संबंध भगवान कृष्ण से माना जाता है। मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, नंदगांव और बरसाना समेत ब्रज क्षेत्र अपनी तरह की अनोखी होली के लिए प्रसिद्ध हैं। मथुरा में 40 दिनों तक चलने वाले रंगोत्सव की शुरूआत बसंत पंचमी से होती है और समापन रंग पंचमी के दिन होता है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ब्रज की होली विश्व प्रसिद्ध है, मथुरा-वृन्दावन की होली के साथ बरसाना की लट्ठमार होली का आकर्षण देश ही नहीं विदेशों में भी है। इसे देखने के लिए विश्वभर के सैलानी आते है और हमारी संस्कृति को दुनियाभर में प्रचारित प्रसारित करते हैं।

चुनाव आयोग की सलाह

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसलिए हमारे चुनावों पर पूरी दुनिया न सिर्फ नजर रखती है बल्कि अपने-अपने देशों में पारदर्शी व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के संबंध में भारतीय लोकतंत्र को मॉडल के रूप में भी प्रस्तुत करती है। इसलिए भारत चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वह न सिर्फ स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से चुनाव कराये बल्कि चुनाव शांति पूर्ण हों और सांविधानिक, लोकतांत्रिक मर्यादा का पालन भी हो। चुनाव आयोग इस दिशा में लगातार प्रयास भी कर रहा है। अनेक चुनाव सुधार, आचार संहिता, चुनाव खर्च की सीमा, नफरत भरे भाषण पर रोक लगाना, यह सब ऐसे कार्य हैं जिससे चुनावों में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नैतिक मर्यादाताओं का पालन बढ़ा है। चुनावों को साफ-सुथरा कराने की दिशा में एक और पहल करते हुए चुनाव आयोग ने आचार संहिता जारी करने से पहले भारतीय निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को सख्त परामर्श जारी करते हुए कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट ना मांगे, भक्त तथा भगवान के बीच संबंधों का उपहास ना उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें, आयोग ने अपने परामर्श में राजनीतिक दलों और नेताओं को इस बात की सख्त हिदायत भी दी है कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना की जगह पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। आयोग के अनुसार चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है। आयोग के परामर्श के मुताबिक, जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है। उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने हाल ही में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए, जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार में शिष्टाचार बनाए रखने और स्टार प्रचारकों एवं उम्मीदवारों खासकर उन लोगों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी की चेतावनी दी है, जिन्हें अतीत में नोटिस जारी किए गए थे। इसके अलावा निर्वाचन आयोग ने पार्टियों का चुनाव अभियान के स्तर को मुद्दों आधारित बहस तक ले जाने का आह्वान किया और कहा कि राजनीतिक दलों और उनके नेताओं को तथ्यात्मक आधार के बिना बयान नहीं देना चाहिए, मतदाताओं को गुमराह नहीं करना चाहिए। परामर्श में सोशल मीडिया गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम करने वाले या उनका अपमान करनी वाली पोस्ट तथा गरिमा पर चोट करने वाली पोस्ट या ऐसी सामग्री साझा नहीं की जानी चाहिए। निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों पर राजनीतिक दल कितना अमल करते हैं यह तो आने वाले चुनावों में ही पता चलेगा। बहरहाल हाल के वर्षों में चुनाव आयोग ने नेताओं की बिगडैल बोल पर लगाम लगाने का प्रयास किया है। कई नेताओं को प्रचार से रोका जा चुका है और चुनाव लड़ने से रोकने तक की कार्रवाई हुई है। इसलिए चुनाव आयोग ने जो परामर्श जारी किया है उसका पालन सभी दलों और उनके नेताओं को करना होगा अन्यथा चुनाव आयोग की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

चुनाव आयोग ने जाति, धर्म व भाषा के आधार पर वोट न मांगने की हिदायत देकर सभी दलों के सामने मर्यादा पालन की लक्ष्मण रेखा खींच दी है।

विचार

मनुष्य का मूल्य उसके काम या कथन से नहीं, बल्कि वह जीवन में क्या बन रहा है इसे देखकर आंकना चाहिए।

–महर्षि अरविन्द.

इस सनातन नियम को याद रखो– यदि तुम प्राप्त करना चाहते हो तो अर्पित करना सीखो।

–सुभाष चन्द्र बोस.

आवश्यकताएं कम करें। आवश्यकताएं जितनी कम होंगी उतना ही अधिक सुख मिलेगा।

–स्वामी रामथीर्थ.

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।

–संस्कृत लोकोक्ति.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग द्वेष शान्त नहीं होते, तब तक मनुष्य इंद्रियों का गुलाम बना रहता है।

–आचार्य विनोबा भावे.

क्या भारत की न्यूक्लियर ताकत सूंघ रहा पाक

संजय श्रीवास्तव

5 अगस्त 2019 को जब नई दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था तब से भारत व पाकिस्तान की राजधानियों में एक दूसरे के हाई कमिश्नर नहीं रहे हैं। अब संबंध बेहतर करने की दिशा में पाक ने पहला कदम यह उठाया है कि हाल ही में उसने साद अहमद वाराइच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स बनाकर भेजा है।

पाकिस्तान सेना के समर्थन से इस्लामाबाद में बन रही पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) की नई नागरिक सरकार के साथ ही नई दिल्ली के साथ 'लो-की एंड लो-रिस्क' (कम-महत्व और कम-जोखिम) के संबंध स्थापित करने के प्रयास भी आरंभ हो गये हैं। इस बीच दो अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम भी हुए हैं। इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर भारत के कस्टम अधिकारियों ने 22 जनवरी 2024 को दो एडवांस्ड कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) अपने कब्जे में किये थे। जीकेडी, इटली द्वारा निर्मित यह सीएनसी चीन के शेकोऊ पोर्ट से कराची पोर्ट की ओर ले जाये जा रहे थे कि भारतीय अधिकारियों ने इन्हें न्हावा शेवा पोर्ट (जेएनपीटी), मुंबई में पकड़ा। दोहरे-उपयोग के सीएनसी पाकिस्तान के परमाणु हथियार कार्यक्रम में इस्तेमाल किये जा सकते हैं, ऐसा डीआरडीओ ने जांच के बाद कहा है। पाकिस्तान ने इन्हें कमर्शियल व प्राइवेट प्रयोग हेतु लेथ मशीन बताते हुए भारतीय कार्यवाही को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का उल्लंघन बताया है। फिलहाल दोनों सीएनसी भारत के कब्जे में हैं और जांच जारी है।

दूसरा यह कि 8 फरवरी 2024 के विवादित आम चुनाव के बाद पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ, 72, को दूसरी बार पाकिस्तान का प्रधानमन्त्री चुना गया है। 336-सदस्यों के सदन में शरीफ को 201 मत मिले जबकि सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (जिसे इमरान खान की पीटीआई का समर्थन प्राप्त है) के प्रत्याशी उमर अय्यूब खान को 92 वोट मिले। चुने जाने के बाद राष्ट्रीय असेंबली को संबोधित करते हुए ने कश्मीर का मुद्दा उठाया और सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने की बात कही। हालांकि पाकिस्तान ने भारत के साथ संबंध सुधारने के प्रयास आरंभ कर दिए हैं, लेकिन अनुमान यह है कि नई दिल्ली इस संबंध में कोई भी ठोस कदम मध्य-मई से पहले नहीं उठायेगी। उस समय तक भारत में लोकसभा के चुनाव हो चुके होंगे। इस तरह नई दिल्ली को सेना समर्थित शरीफ-जरदारी सरकार का मूल्यांकन करने के लिए समय मिल जायेगा। पाकिस्तान की नई सरकार पर वैधता के भी प्रश्न हैं, जिसकी वजह से अमेरिका के सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से आग्रह किया है कि अदालत का फैसला आने तक उसे मान्यता प्रदान न की जाये। भारत भी इस घटनाक्रम पर नजर रख रहा है और यह भी देख रहा है कि पाकिस्तान आतंक पर विराम लगाने के लिए कितना समर्पित है। इस सबका जायजा लेने के बाद ही नई दिल्ली की तरफ से प्रतिक्रिया संभव है।

भारत-पाक संबंध

5 अगस्त 2019 को जब नई दिल्ली ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को हटाया था तब से भारत व पाकिस्तान की राजधानियों में एक दूसरे के हाई कमिश्नर नहीं रहे हैं। अब संबंध बेहतर करने की दिशा में पाकिस्तान ने पहला कदम यह उठाया है कि हाल ही में उसने साद अहमद वाराइच को नई दिल्ली के पाकिस्तान हाई कमीशन में नया चार्ज डी अफेयर्स (सीडीए) बनाकर भेजा है, तीन वर्ष के लिए। पिछले छह माह से एजाज खान अस्थायी सीडीए थे। उनसे पहले सलमान शरीफ सीडीए थे, जो पिछले साल जुलाई में भारत से वापस चले गये थे। 26 फरवरी 2024 को सीडीए की जिम्मेदारी संभालने वाले वाराइच न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के परमानेंट मिशन में इस्लामाबाद के डिप्लोमेट रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय में वह अफगानिस्तान, ईरान व तुर्की डेस्क के डीजी भी रहे हैं। संबंध सुधारने की दृष्टि से जो पाकिस्तान दूसरा कदम उठा रहा है उसका प्रतीकात्मक महत्व होने के साथ ही मौलिक जन संदेश भी है। 2019 के बाद से पहली बार पाकिस्तान अपना राष्ट्रीय दिवस नई दिल्ली में मनायेगा, जोकि वह कोविड-19 व राजनयिक संबंधों में खिंचाव के कारण नहीं मना रहा था। पाकिस्तान का राष्ट्रीय दिवस 23 मार्च को है और पाकिस्तान हाई कमीशन आम तौर से इसका जश्न अपने दूतावास काम्प्लेक्स में मनाता है। मेहमानों की सूची में भारतीय स्ट्रेटेजिक समुदाय और नई दिल्ली में विदेशी डिप्लोमेटिक कोर के सदस्य होते हैं। अखबारी रिपोर्ट्स से मालूम होता है कि इस बार पाकिस्तान अपना राष्ट्रीय दिवस का जश्न नई दिल्ली में 23 मार्च की जगह 28 मार्च को मनायेगा। अगर ऐसा होता है तो पाकिस्तान हाई कमीशन को दिल्ली पुलिस की राजनयिक सुरक्षा और विदेश मंत्रालय के प्रोटोकॉल विभाग के साथ काम करना होगा।

पिछली बार जब पाकिस्तान ने अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया था तो वह पुलवामा हमले व बालाकोट एरियल स्ट्राइक की पृष्ठभूमि में था और तब तत्कालीन हाई कमिश्नर सुहैल महमूद की मेजबानी थी। गौरतलब है कि 2019 से पहले जो भारतीय मेहमान पाकिस्तान हाई कमीशन में उसके राष्ट्रीय दिवस जश्न में शामिल हुए थे, उनमें से अधिकतर से स्थानीय पुलिस ने पूछताछ की थी। यही हाल पाकिस्तानी मेहमानों का भी हुआ था जब इंडियन हाई कमीशन ने उन्हें इस्लामाबाद के होटल में इफ्तार के लिए आमंत्रित किया था। पाकिस्तान द्वारा सीडीए भेजना और नई दिल्ली में अपना राष्ट्रीय दिवस मनाना, दो ऐसे कदम हैं जिन्हें इस्लामाबाद द्वारा नई दिल्ली के साथ राजनयिक संबंध सुधारने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जोकि पिछले पांच वर्षों से तनावपूर्ण बल्कि न के बराबर रह गये हैं। जहां तक नई दिल्ली का दृष्टिकोण है तो भारत चुनावी मोड में है और उसे कम से कम इस साल मई तक कोई जल्दबाजी नहीं है और तब तक चुनावी नतीजे भी स्पष्ट हो जायेंगे। पिछले पांच वर्षों से नई दिल्ली की लाइन 'आतंक और वार्ता साथ नहीं चल सकते' रही है, जिसका अर्थ यह है कि उसने पाकिस्तान की उपेक्षा की नीति अपनायी हुई है। इस मुद्दे को मई तक स्थगित करने से नई दिल्ली को पाकिस्तान की विवादित चुनावी प्रक्रिया के परिणाम के मूल्यांकन करने की राजनयिक जगह व समय भी मिल जाता है।

पाकिस्तान में 8 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय असेंबली के लिए चुनाव हुए थे। इसमें धांधली के गंभीर आरोप लगे। यहां तक कहा गया कि जो प्रत्याशी 70-70 हजार वोट से हार रहे थे उन्हें विजयी घोषित कर दिया गया। जमाअते-इस्लामी के 'विजयी घोषित' प्रत्याशी हाफिज नईम-उर-रहमान ने तो अपनी सीट केवल इसलिए छोड़ दी क्योंकि उनका विवेक बेईमानी से हासिल की गई जीत को स्वीकार नहीं कर रहा था और वह जनता की राय का सम्मान करना चाहते थे। अब पीएमएल-एन (75 सीट) व पीपीपी (54 सीट) ने सेना की मदद से मिलकर गठबंधन सरकार बनायी है, जबकि सलाखों में बंद पूर्व प्रधानमन्त्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई का समर्थन प्राप्त 93 प्रत्याशी विजयी हुए थे। चूंकि इमरान के प्रत्याशी 'आजाद' विजयी माने गये, इसलिए इनके हिस्से में महिलाओं व अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित 70 सीटों में से एक भी नहीं आयी, जिन्हें शरीफ व जरदारी ने आपस में बांटकर सदन में अपना बहुमत 'सिद्ध' कर दिया। शरीफ का प्रधानमन्त्री बनना इमरान खान के अनुसार जनता से विश्वासघात है। इस पृष्ठभूमि में नई दिल्ली की सोच एकदम दुरुस्त है कि मई तक पाकिस्तान की नई सरकार की स्थिरता का सही अंदाजा उसकी 'लो-की एंड लो-रिस्क' पहल पर प्रतिक्रिया करना उचित होगा।

सोशल मीडिया

किसने सोचा था कि भाजपा के ऐसे दिन भी आयेंगे कि कुछ प्रत्याशी टिकट मिलने से पहले कुछ और काम ज्यादा जरूरी बताने का बहाना कर दावेदारी ही छोड़ देंगे। अखिलेश यादव.

आज लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जालोर व सिरोही के कांग्रेस नेताओं से भेंट की, इस दौरान महत्वपूर्ण क्षेत्रीय मुद्दों पर व सामयिक सियासी परिदृश्य पर चर्चा की। अशोक गहलोत.

जिन मार्शलों को बसों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था, वो आज भारतीय जनता पार्टी की गंदी रजनीति के चलते रोड पर प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। ए.केजरीवाल.

संस्कारों का महत्व

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

रिश्वत के नियम का पालन

व्यंग्यलोक

पुलिस के घर चोरी हो गई। इस धार्मिक कार्यक्रम के संपन्न होने पर संभ्रांत चोर परिवार में हंगामा मच गया। तब चोर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई और पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को दंडित करने का निर्णय लिया। उनका आरोप था कि माना कि चारों और अनीति, अन्याय, अत्याचार है। लेकिन अपने चोर भाई को पुलिस के घरों में चोरी करते हुए शर्म क्यों नहीं आई? पुलिस मात्र ही तो अपने भाई हैं। पुलिस ही तो अपने सगे हैं। बाकी सब तो चोरों के पीछे लगे हैं। अगर भाइयों के घर ही चोरी करने जाएंगे तो फिर चोर समाज को कैसे मुंह दिखाएंगे? चोर की बहुत खूब लानत-मनालत की गई। पुलिस के घर चोरी करने वाले चोर को चोर एसोसिएशन में पुलिस भाई के सामने माफी मांग कर चुराई गई सामग्री वापस लौटाने के लिए आदेशित किया। सब चोरों ने मिलकर पुलिस की आरती गाई। पुलिस भाइयों के लिए स्वागत की थाली सजाई। इधर चोर के द्वारा चोरी करने पर पुलिस थानेदार के घर पर खुशियां मनाई गई। थानेदार की पत्नी ने ढिंढ़ोरा पीटा कि उनके घर कोई तो चोर आया। थानेदारनी मोहल्ले में खड़ी होकर व्याख्यान देने लगी। कहने लगी- धन्यभाग है हमारे! जो चोर देवता हमारे घर पधारे! चोरों ने जान लिया कि हम भी कंगले नहीं हैं। हमारे घर भी मालमत्ता है। रोकड़ा है। यह जानकर चोरों ने हम पर धावा बोला है। चोरों ने समाज में हमारी मान मर्यादा बढ़ाई है। मैं तो ऐसे विद्वान और समझदार चोर को सलाम करना चाहती हूं। एक बार उस महान चोर के दर्शन करना चाहती हूं। इसलिए चोर को देखने की गरज से थानेदारनी ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का मन बनाया। वह जल्दी ही पुलिस थाने में गई और अपने घर में हुई चोरी की रपट लिखाने लगी। उसने देखा कि सामने ही उसका पति थानेदार बैठा हुआ है। पास में ही एक नेता लेटा है। नेता के पास बजरी रोड़ा से लेकर तोड़ा-फोड़ा तक का व्यवसाय है। इसमें पुलिस देवता भी स्टेकहोल्डर हैं। पतिदेव थानेदार ने कहा कि चोर को तो पकड़ लेंगे लेकिन इसके लिए नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने की फीस देनी होगी। बात सुनते ही थानेदारनी ने पुलिस थाने के नियमों की पालना करते हुए दो-दो हजार के पांच करारे नोट थानेदार की ओर बढ़ाए। कहा- लीजिए साब! चोर को धर लीजिए। रिश्वत रूल्स का पालन जरूर कीजिए। तत्काल थानेदार ने करारे कुरकुरे नोटों पर झपट्टा मारा। थानेदार ने कहा- अरे! ये नोट तो कल मैंने ही किसी चोर से झटके थे। ये तेरे पास कहां से आए? तो पत्नी ने पति के पेंट से अपनी जेब तराशी धर्म का नियम याद दिलाया। फिर यही हुआ। पुलिस ने चोर को पकड़ने के लिए नियमानुसार रिश्वत रूल्स को फॉलो किया।

राम विलास जॉंगिड़

सफल हीरो, असफल प्रेमी संजीव कुमार के किस्से...


बॉलीवुड

हरिहर जेठालाल जरीवाला जो रुपहले पर्दे पर संजीव कुमार के नाम से विख्यात हुए, उन एक्टर्स में से थे जो स्टार होने के बावजूद धारा के विपरीत तैरना पसंद करते थे। इसलिए उन्हें अपनी जवानी में भी बुजुर्ग व्यक्तियों के किरदार निभाने पर भी कोई आपत्ति नहीं थी। वह फिल्म 'मौसम' में शर्मिला टैगोर के डॉक्टर पिता और फिल्म 'शोले' में जया भादुड़ी के ठाकुर ससुर उस समय बने जब वह 35 वर्ष के भी नहीं थे। इन किरदारों को उन्होंने पर्दे पर विश्वसनीय बना दिया था, जिससे उनकी अभिनय क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसका परिचय उन्होंने फिल्म 'संघर्ष' में दिलीप कुमार के सामने अपनी प्रभावी अदाकारी से पहले ही दे दिया था। बहरहाल, सवाल यह है कि वह जवानी में ही बुढ़ापे के रोल करना क्यों स्वीकार कर लेते थे, जबकि उनके पास हीरो बने रहने के भी पर्याप्त अवसर थे? यह सही है कि एक अच्छा एक्टर हर किरदार को चुनौती के तौरपर स्वीकार करता है और अपने आत्मविश्वास के चलते उसे अपनी छवि खराब होने का डर भी नहीं होता है, लेकिन तबस्सुम के उक्त प्रश्न का संजीव कुमार ने जो उत्तर दिया था वह आश्चर्यजनक था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत की भी एकदम सही भविष्यवाणी कर दी थी।

संजीव कुमार ने कहा था, मैं कभी बूढ़ा नहीं होने का क्योंकि अपने परिवार के अन्य पुरुषों की तरह मैं भी 50 वर्ष से अधिक जिंदा रहने वाला नहीं हूं। इसलिए मैं पर्दे पर ही बुढ़ापे को अनुभव करना चाहता हूं। संजीव कुमार की भविष्यवाणी सही साबित हुई। 6 नवम्बर 1985 को मुंबई में उनका दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उस समय वह मात्र 47 वर्ष के थे। गौरतलब है कि उनके दादा शिवलाल जरीवाला, उनके पिता जेठालाल जरीवाला, उनके बड़े भाई किशोर जरीवाला, उनके छोटे भाई निकुल जरीवाला ... सभी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हो गई थी और वह भी अपने जीवन का 50वां बसंत देखने से पहले। इसे बहुत लोग संयोग या रहस्यमय श्राप कहेंगे, लेकिन वैज्ञानिक दृष्टि से यह विरासत में मिलने वाला जेनेटिक रोग है, जिसकी जानकारी संजीव कुमार को थी। संजीव कुमार का जन्म 9 जुलाई 1938 को सूरत में हुआ था। एक सर्वे में उन्हें भारतीय सिनेमा का सातवां महानतम एक्टर वोट किया गया था। 'दस्तक' व 'कोशिश' के लिए उन्हें दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह अपने आपमें दिलचस्प है कि ग्लैमर की दुनिया में सफल व रईस अदाकार होने के बावजूद संजीव कुमार अविवाहित ही रहे। हालांकि उन्होंने स्वयं भी विवाह प्रस्ताव दिए और उन्हें भी शादी करने के प्रस्ताव मिले। संजीव कुमार एक मुस्लिम लड़की को अपना दिल हार बैठे और उससे शादी करना चाहते थे। लेकिन उनकी मां एक मुस्लिम को अपनी बहू बनाने के लिए किसी भी कीमत पर तैयार नहीं थीं। संजीव कुमार के अनुसार, अगर वह अपने परिवार में सबसे छोटे होते तो अपने प्रेम के लिए बगावत कर बैठते, लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियों को समझते हुए वह अपनी मां की जिद के आगे झुक गये। वह मुस्लिम लड़की कौन थी? अपने शुरूआती करियर में संजीव कुमार ने अनेक मुस्लिम लड़कियों के साथ फिल्में की थीं। उनके भतीजे उदय जरीवाला व रीटा राममूर्ति गुप्ता ने अपनी पुस्तक 'संजीव कुमारः द एक्टर वी आल लव्ड' में उस लड़की का नाम सायरा बानो लिखा है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि संजीव कुमार को गलतफहमी हो गई थी और उनकी वह केवल एकतरफा दीवानगी थी। कुछ लेखकों का अंदाजा है कि वह लड़की शबाना आजमी थीं। इस संदर्भ में भी अनेक दलीलें हैं, जिनकी अब पुष्टि करना कठिन है, अगर शबाना आजमी ही कुछ कहें तो अलग बात है, लेकिन वह एक दूसरे के अभिनय से प्रभावित होना व आपसी दोस्ती होने से अधिक कुछ कहती नहीं हैं। संजीव कुमार और नूतन ने भी एक दूसरे को प्रेम पत्र लिखे। नूतन उनके लिए अपनी शादी तक तोड़ने के लिए तैयार थीं। यह बात भी आगे न बढ़ सकी क्योंकि संजीव कुमार में किसी का घर तोड़कर एक तलाकशुदा के साथ अपना घर बसाने का साहस नहीं था। फिल्म 'सीता और गीता' की शूटिंग के दौरान संजीव कुमार का दिल हेमा मालिनी पर आ गया। उन्होंने हेमा मालिनी के सामने सशर्त विवाह का प्रस्ताव रखा, जिसे हेमा मालिनी ने इसलिए स्वीकार नहीं किया। सुलक्षणा पंडित तो संजीव कुमार के प्यार में इतनी दीवानी थीं कि उन्होंने स्वयं उनसे शादी करने का प्रस्ताव रखा। इसे संजीव कुमार ने शालीनता के साथ ठुकरा दिया। वह अभी तक सिंगल हैं और संजीव कुमार को भी अपनी जिंदगी में कोई हमसफर नहीं मिला।

- कैलाश सिंह.

आपकी बात

महंगाई पर हो बहस

बीते कई सालों से महंगाई आम जनता के लिए मुसीबत बनी हुई है। ऐसे में यह जरूरी है कि चुनावों के समय इस पर सार्थक बहस हो और पार्टियां महंगाई रोकने का एक रोडमैप सामने रखें। डीजल, पेट्रोल, शिक्षा, रसोई गैस ने आम आदमी के बजट को पहले से ही बिगाड़ कर रख दिया है। जैसे-तैसे अपना बजट जोड़कर और अवश्यक जरूरतों में कटौती कर लोग काम चला रहे हैं। दूध के दाम तो आसमान पर पहुंच गये हैं। दूध और दुग्ध उत्पाद ऐसा है कि इसका उपयोग सबको करना ही पड़ता है। सुबह बच्चों को दूध पीने के लिए सुबह-सुबह चाहिए, तो दिन में कई बार चाय, कॉफी, दही, छाछ आदि की जरूरत पड़ती है। कुल मिलाकर दूध एवं दुग्ध उत्पादों का हर आम और खास लोग उपयोग करते हैं। इसलिए इसकी महंगाई का प्रभाव बहुत व्यापक होगा। दूध के दाम बढ़ने से हर घर का महीने में डेढ़-दो सौ रुपये का बजट बढ़ गया है। लेकिन फिर भी आम आदमी को दूध लेना ही पड़ेगा क्योंकि दूध, दही, चाय, कॉफी आदि हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हैं और इससे अलग नहीं हुआ जा सकता है। इस बात को कंपनियां अच्छी तरह समझती हैं। डेयरी कंपनियां यह बात जानती हैं कि लोगों को चाहे कम कीमत चुकानी पड़े या फिर अधिक, इसका कोई विकल्प नहीं है। दूध खरीदना ही पड़ेगा और इसी स्थिति का फायदा कंपनियां उठा रही हैं। यह एक तरह से एकाधिकारी व्यापार की प्रैक्टिस है क्योंकि कुछ बड़ी कंपनियों का ही दूध की आपूर्ति में एकाधिकार है और वे अपने हिसाब से पशुपालकों को भुगतान करती हैं और अपने हिसाब से मूल्य तय करती हैं। कभी सरकार के द्वारा दूध की न्यूनतम लागत या एमएसपी तय नहीं की जाती है। इससे डेयरी कंपनियां दुग्ध उत्पादकों को एक तरफ कम पैसे देती हैं और दूसरी तरफ ग्राहक से अधिक वसूली करती हैं। जिस तरह से दूध के दाम 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा दिया है उससे अब गरीबों के लिए तो दूध का इस्तेमाल कठिन हो गया है।

सर्वेश कुमार सिंह, लखनऊ.

शहबाज का कश्मीर राग

'रस्सी जल गयी लेकिन ऐंटन नहीं गयी' यह कहावत शायद पाकिस्तान के लिए ही बनी है। तभी तो हर मोर्चे पर परेशान पाकिस्तान अपनी समस्या सुलझाने के बजाय कश्मीर राग गाता रहता है। मजे की बात यह है कि पाकिस्तान के नये प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बहुमत पाते ही कश्मीर राग छेड़ दिया है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है। आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, लेकिन फिर भी वह अपनी जनता पर ध्यान देने के बजाय कश्मीर राग गाता है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

संक्षेप

युवती ने मां की डांट पर लगायी फांसी

बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के बड़ागांव मजरा जयपालपुर में मंगलवार सुबह घर से लगभग 500 मीटर दूर स्थित जंगल में 18 वर्षीय युवती ने आत्म हत्या कर ली। पुष्पा पुत्री रामपाल केवट ने नीम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुत्री की तलाश करते में संतोष कुमारी जंगल में पहुंची तो देखा कि बेटी फांसी पर झूली हुई है। मां ने आनन-फानन परिजनों को सूचना दी और थाना पहुंचकर घटना की जानकारी दी। पुष्पा तीन बहनों व तीन भाइयों में सबसे छोटी थी। मां संतोष कुमारी ने बताया कि काम न करने को लेकर डांट दिया था तभी क्रोधा वेश में आकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। थानाध्यक्ष पैलानी संदीप सिंह पटेल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

जबरन कब्जे को लेकर सीएम को भेजा पत्र

बांदा। भूमि मे अवैध तरीके से अतिक्रमण रोकने के लिए पीड़ित ने मुख्यमंत्री व जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली देहात क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी अजीत प्रताप सिंह पुत्र राजकरन सिंह का कहना है कि गाटा संख्या 1193 रकबा 0.240 हेक्टेयर व अन्य रकबा पत्नी गीता सिंह के नाम दर्ज है। इस मामले पर बीती 15 फरवरी को लेखपाल ने जांच कर रिपोर्ट लगाई थी। इसके बावजूद विपक्षी भोलिया पत्नी स्वर्गीय भूपत सिंह व पुत्र जसवंत सिंह उर्फ कल्लू सिंह आदि ने जबरन कब्जा कर रखा है। पीड़ित के कब्जा करने से मना करने पर गाली व जान से मारने की धमकी देते हैं। इससे पीड़ित का परिवार बेहद मानसिक रूप से परेशान हैं। पीड़ित ने बताया कि शिकायत के बाद राजस्व निरीक्षक जौरही ने भी जांच कर अधिकारियों को आख्या दी है लेकिन दबंग परेशान करने पर उतारू है। अजीत प्रताप सिंह ने इस मामले पर उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

अपराध निरोधक सम्मेलन मे डिप्टी सीएम ने की शिरकत

बांदा। उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के प्रांतीय महासम्मेलन के मुख्य अतिथि व संरक्षक उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी जिलों, मंडल एवं जोनल के पदाधिकारियों व सदस्यों को बीते दिनों संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण के लिए शासन कृतसंकल्प है। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य वीपी पांडेय ने बताया कि लखनऊ मे आयोजित कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने जनपद में थाना कमेटियों का गठन करें। पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रत्येक थाना में बैठकों का आयोजन करें। जहां कहीं भी परेशानी आए आप उनसे मिलकर बताएं। जिले से महासम्मेलन मे लखनऊ पहुंचे लगभग एक सैकड़ा से अधिक सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार जताया। जिला अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव एवं जेल पर्यवेक्षक वीपी पांडेय ने महासम्मेलन में बोलते हुए अपराध समीक्षा की आख्या प्रस्तुत की। बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में बीते 17 दिसंबर को पुलिस लाइन में बैठक हुई थी। जिला कमेटी को योगदान देने का पुलिस अधीक्षक ने संकल्प दोहराया था। उप मुख्यमंत्री ने एक दर्जन सदस्यों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर विशेष समारोह में सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी जेपी तिवारी ने बताया कि सदस्यों ने इस दौरान उप मुख्यमंत्री को चित्रकूटधाम रेंज मुख्यालय वाले बांदा नगर की अतर्रा चुंगी पुलिस चौकी के भवन निर्माण करवाने का ज्ञापन दिया। उप मुख्यमंत्री ने तत्काल भवन निर्माण करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने महासम्मेलन में कमेटी की प्रशंसा की।

अभिभावकों को दिया गया प्रशिक्षण

ललितपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर संसाधन केंद्र नगर ललितपुर में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न दिव्यांगता से संबंधित परामर्श दिया गया। साथ ही अपने बच्चों को विद्यालय में पढ़ने हेतु अवश्य भेजें व सामान्य बच्चों व स्पेशल बच्चों में किसी प्रकार का कोई भेदभाव ना करें। जिसमें निम्न स्पेशल एजुकेटर के द्वारा परामर्श दिया गया। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर शिवकुमार मौर्य, शशिकला मौर्य एवं अभयराज सेन स्पेशल एजुकेटर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

मंडलायुक्त ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने के निर्देश

ललितपुर। नवागंतुक आयुक्त, झांसी मण्डल, झांसी विमल दुबे ने जनपद भ्रमण के दौरान श्री वर्णी जैन इण्टर कॉलेज एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रोड़ा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्णी जैन इण्टर कॉलेज में उपलब्ध मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी निर्वाचन को देखते हुए मतदेय स्थल बनने वाले प्रत्येक बूथों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा लें, पोलिंग पार्टियों के ठहरने हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें। उन्होंने विद्यालय के कक्षों का निरीक्षण किया, सम्बंधित स्टाफ से छात्रांकन आदि की जानकारी लेते हुए बच्चों का शैक्षिक स्तर परखा। कमिश्नर ने शिक्षकों को निर्देश दिये कि बच्चों के शैक्षिक स्तर को और अच्छा करने के लिए नवाचार करें।

इसके उपरान्त उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय रोड़ा का निरीक्षण किया, यहां मण्डलायुक्त ने कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों से प्रश्न पूछे, इस दौरान बच्चों का शैक्षिक स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया, जिस पर उन्होंने शिक्षकों को शैक्षिक स्तर सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय के कक्षों का निरीक्षण करते हुए बच्चों से वार्ता की तथा शिक्षकों को उचित प्रबंधन के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अधिकारी अपने अनुभव से जनता को संतुष्ट करें : कमिश्नर

ललितपुर। नवागंतुक आयुक्त झांसी मण्डल विमल दुबे का जनपद ललितपुर में प्रथम आगमन पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया व दशावतार मंदिर की तस्वीर भेंट की, तत्पश्चात आयुक्त ने कलैक्ट्रेट सभगार में जनपद ललितपुर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को प्रगति बढ़ाने व विभागीय योजनाओं में नवाचार करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि हमें पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करना है, यदि कोई व्यक्ति हमारे कार्यालय में अपनी समस्या लेकर आता है तो अपने अनुभव व व्यक्तिगत प्रयासों से सुनिश्चित करें कि वह संतुष्ट होकर ही जाए। हमें अपने अनुभव से ललितपुर जिले को नम्बर वन जिला बनाना है, जनपद में आईजीआरएस पर शिकायतों की स्थिति शून्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्यालय में एसओपी (स्टेण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) व चैकलिस्ट बनाकर कार्य करें, इससे आपकी क्षमता और कार्य की गुणवत्ता में अभूतपूर्व बदलाव आयेगा और आपके तत्काल निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि होगी। उन्होंने निर्देश दिये कि आगामी निर्वाचन के दृष्टित जो भी दायित्व अधिकारियों को सौंपे गए हैं, उनमें किसी भी स्तर पर शिथिलता नहीं होनी चाहिए, भारत में चुनाव एक पर्व की तरह सम्पन्न होता है, इस दौरान लोगों में काफी उत्साह होता है, इसके पूरी गंभीरता और सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

डीएम ने लोस चुनाव के संबंध में दिए निर्देश

महोबा। आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में समस्त जोनल एवं नोडल अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सभी जोनल एवं सेक्टर अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की गयी और सम्बन्धित अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नें कहा कि ईवीएम, वीवीपेट के मास्टर ट्रेनर योग्य होने चाहिए और ट्रेनिंग बिल्कुल सही तरीके से होनी चाहिए और सारे जरूरी पॉइंट्स ट्रेनिंग में नोट करवाये जाए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ियों में जीपीएस लगाए जाने के निर्देश दिए। क्रिटिकल बूथ, बेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, लॉ एंड ऑर्डर विधानसभावार किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ अगली मीटिंग में उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि इवीएम की सारी गाइडलाइन की जानकारी नियमानुसार कर लें, इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय नारायण मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्तिथ रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के उद्धेश्य से जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर महोबा दुर्ग विजय सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ हिरासत में लिया गया। उक्त मोटरसाइकिल थाना कोतवाली नगर महोबा में पंजीकृत मुअसं 113/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित थी। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुजीत कुमार जायसवाल, कांस्टेबल राहुल अग्निहोत्री शामिल रहे।

रुपये के लेन-देन पर वृद्ध पर किया हमला, मौत

ललितपुर। ग्राम खिरिया उबारी में पैसों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों ने एकराय होकर वृद्ध के साथ मारपीट कर दी।

मारपीट बाद घायल वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया था। वहीं पुलिस ने इस मामले में पांच हमलावरों को हिरासत में लिया है। नाराहट पुलिस ने बताया कि ग्राम खिरिया उबारी निवासी राहुल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि गांव के रमेश, देवेन्द्र व मुकेश पुत्रगण कंछेदी व फूलचंद्र पुत्र भबूदी और शंकर पुत्र जनकू ने एकराय होकर उसके 65 वर्षीय पिता भगवानदास के साथ गाली-गलौज करते हुये मारपीट कर दी थी। मारपीट से घायल उसके पिता की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। सूचना मिलने पर नाराहट पुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौका मुआयना किया गया था और नाराहट पुलिस ने मृतक का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया था। घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस ने टीमें बनाकर पांच अभियुक्तों को हिरासत में लिया है।

क्षतिग्रस्त फसलों का जल्द दिलाया जाये मुआवजा : सपा

ललितपुर। बीते दिनों जिले में अचानक हुई भीषण बारिश व ओलावृष्टि नें फसलों को बुरी तरह बर्बाद कर दिया है। समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद के अनेक गांवों में बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि हुई। जिससे फसलें बर्बाद हो गयी है। पकने के कगार पर खड़ी फसल तेज हवा चलने व ओलावृष्टि से जमींदोज हो गई है। आंधी के चलते पेड़ टूट गए हैं। दलहनी, तिलहनी फसल व गेहूं की फसल जमींदोज हो गई है। आंधी पानी से फसल बर्बाद हो गई है। ललितपुर के कई गांवों में तेज आंधी के साथ बरसात व ओलावृष्टि हुई है। ऐसे में किसानों का भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा राशि दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों से बिचैलियों को दूर किया जाए। ताकि किसानों को योजनाओं का सीधे तौर पर लाभ मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव किसान, नौजवानों की हितैषी पार्टी रही है, जब जब उनके अधिकारों पर कुठाराघात होगा, तब तब सपा उनके साथ खड़ी होकर संघर्ष करती रहेगी। इस दौरान प्रान्तीय सचिव आल्हा प्रसाद निरंजन, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, पूर्व जिला महासचिव लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, हरीबाबू शर्मा, सोन सिंह यादव डुलावन, तुलसीराम अहिरवार, मोहम्मद अनवर खान, मूरत सिंह यादव, अरशद मंसूरी, आकिब मंसूरी, हरी सिंह यादव जिजयावन, सूरज भान यादव, राजकुमार यादव, नरेन्द्र सिंह यादव, मोहम्मद इखलाक मंसूरी, जयराम सेन, राजकुमार, परवेश पठान, गौरव विश्वकर्मा, राजेश गंधर्व सहित अनेकों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मंदिर पर हुये व्यय के भुगतान को भटक रहे समिति सदस्य

ललितपुर। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में शासन प्रशासन द्वारा इस दिन को भव्यता प्रदान करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गयी, जिसके अंतर्गत प्रशासन द्वारा चिन्हित किये गए मंदिरों पर प्रशासनिक मदद से भव्य आयोजन कर मिष्ठान वितरण करवाया गया था जिसके अंतर्गत कस्बा मड़ावरा के तीन मंदिरों शाला जी मंदिर, पुराना बाजार स्तिथ पटकान मंदिर एवं मोती महाराज मंदिर को चयन कर आयोजन हेतु 25,25 हजार रुपये देने की बात की गयी थी।

एएसपी ने पोलिंग बूथों व तैयारियों का लिया जायजा

बांदा। लोकसभा चुनाव कुशलतापूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र ने मंगलवार को थाना कमासिन क्षेत्र के कई पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने फोर्स के रहने के स्थानों को देखा और व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश थानाध्यक्ष कमासिन को दिए। उन्होने कहा कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाओ को दुरूस्त कर लें। एएसपी ने गांवों मे घूमकर लोगों से बातचीत की और भयमुक्त होकर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। बातचीत कर चुनाव के दौरान स्थानीय स्तर पर आने वाली समस्याओं के बारे मे जानकारी की। उन्होने क्रिटिकल ग्राम नारायणपुर पंचायत भवन मे लोगों से बातचीत की तथा हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी ली। यहां दो हिस्ट्रीशीटर भोला पुत्र सियाराम व गुलाब पुत्र रामदास मौजूद मिले, उन्हे जरूरी हिदायद दी। इसके पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने कमासिन थाना क्षेत्र मे पंडित केदारनाथ राजाराम महाविद्यालय व जयदेव इंटर कालेज का निरीक्षण किया। बताते चलें कि अपर एसपी बीते कई दिनो से जनपद के दूर दराज के इलाकों मे पहुंचकर आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

समाजवादी छात्र सभा ने विवि का किया घेराव

बरेली। रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय में समाजवादी छात्र सभा ने विश्वविद्यालय में चल रही अनियमितताओं के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय के रजिस्टार को ज्ञापन सौपा।प्रशासनिक भवन पर जमा हुए समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी मनमानी पर उतारू है। समाजवादी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष अवनीश मिश्रा नें छात्रसंघ चुनाव का मुद्दा उठातें हुए कहा कि आगामी सत्र से छात्र संघ चुनाव बहाल नहीं किए गए तो छात्र आंदोलन पर विवश होंगे। अवनीश नें आरोप लगाया कि विभिन्न कोर्सो के फॉर्म विश्वविद्यालय 15 से 20 दिन के लिए खोलता है उसके बाद मन माने तौर पर लेट फीस वसूली जाती है। विद्यार्थियों से यूएफएम के नाम पर 500 रुपए फीस ली जा रही है उसको दोष मुक्त किया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय से मांग की मध्यमवर्गीय छात्रों के लिए सेल्फ फाइनेंस कोर्सेज की फीस कम की जाए। अंकतालिका संशोधन समेत माइग्रेशन व प्रोविजनल डिग्री की ऑनलाइन सुविधा हो साथ ही पीएचडी कोर्स के लिए प्रवेश जल्द से जल्द कराया जाए। इसके अलावा छात्रों नें मांग उठाई कि जिलेभर में तमाम ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने खेल के क्षेत्र में प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन किया है। ऐसे विद्यार्थियों के हक में बीपीएड, एमपीएड की सरकारी सीट शुरू की जाए। अपनी मांगों को लेकर छात्र सभा के पदाधिकारी ने रजिस्टर को ज्ञापन सौपा।इस दौरान ज्ञापन देने वालों में समाजवादी छात्र समाज जिला अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष फरहान अली, नसीम सिद्दीकी, एजाज अहमद अमरीश यादव, सुरेश यादव, नसीम अहमद, गौरव मिश्रा, आमिर खान, फैज प्रधान, जावेद यार खान, अभिषेक यादव समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

ललितपुर। वित्तीय वर्ष 2023-24 में खेल निदेशालय लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला खेल कार्यालय के तत्वाधान में स्पोर्ट्स स्टेडियम पर आयोजित हो रही जिला स्तरीय सीनियर बैडमिन्टन, एथलेटिक्स व तीरंदाजी (पुरूष/महिला) एवं सीनियर क्रिकेट (पुरूष) प्रतियोगिता के अन्तर्गत खेले गये मैचों का परिणाम घोषित किया गया। इसमें क्रिकेट में ललितपुर व ललितपुर एकेडमी के मध्य खेला जाएगा सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच। जिसमें निशी क्रिकेट एकेडमी बनाम राज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें राज क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 134 रनों लक्ष्य रखा, जिसमें सर्वाधिक 31 रन गिन्नी ने बनाये। जवाबी बल्लेबाजी में निशी क्रिकेट एकेडमी लक्ष्य पीछा करते हुये मात्र 119 रनो पर ढ़ेर हो गयी, जिसमें सर्वाधिक रन आदित्य ने 48 रन बनाये। अन्तत राज क्रिकेट क्लब टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल मैच स्पोर्टस स्टेडियम ललितपुर बनाम इण्डियन क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 103 रनों का लक्ष्य रखा, जिसका पीछा करते हुये इण्डियन क्रिकेट क्लब की टीम मात्र 90 रनों पर सिमट गयी। स्पोर्ट्स स्टेडियम ललितपुर की टीम ने फाईनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाईनल मैच ललितपुर एकेडमी बनाम राज क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया, जिसमे ललितपुर क्रिकेट एकेडमी की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुये 108 रनों लक्ष्य रखा। जवाबी बल्लेबाजी में राज क्रिकेट क्लब की टीम 95 रन ही बना सकी तथा ललितपुर एकेडमी ने फाईनल में जगह पक्की की।

शिक्षकों का पांचवें दिन भी विरोध रहा जारी

बांदा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर जिले मे शिक्षकों का लगातार विरोध जारी है। इसी के चलते जिले के पूर्व माध्यमिक शिक्षकों ने मंगलवार को डिजिटलाइजेशन व बिना संसाधन मुहैया कराए जबरन कार्य कराए जाने को लेकर पांचवे दिन काली पट्टी बांधकर सभी ब्लाकों मे विरोध जताया। पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के समर्थन मे उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों ने भी विरोध जताया है। इनका कहना है कि यदि शासन ने शिक्षक साथियों की मांगे नही मानी तो मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन 11 मार्च को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के सभी ब्लाक अध्यक्ष, मंत्री तथा शिक्षक बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देंगे। बबेरू ब्लाक इकाई ने संगठन के आवाहन पर क्षेत्रीय विधायक विशंभर सिंह यादव को ज्ञापन व मांग पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों मे मंडल उपाध्यक्ष शमीम खान, जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष केत रामपाल, सुभाषचंद्र, भूपेन्द्र सिंह, रमेश सिंह ब्लाक अध्यक्ष बबेरू, रवि करण सैनी, मंत्री विद्याभूषण सिंह, छविनाथ पाल, उमेश वर्मा, रामचंद्र के अलावा बड़ी संख्या मे शिक्षक मौजूद रहे।

कोर्ट ने माना ,2010 के दंगों के मास्टर माइंड हैं मौलाना तौकीर

ज्ञानवापी पर आदेश देने वाले जज का एक और चर्चित फैसला

बरेली। करीब चौदह साल पहले बरेली में हुए दंगे का मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा खां थे। अदालत ने कड़ा रुख अख्तियार किया है और अपने दस पेज के एक विस्तृत फैसले में मौलाना तौकीर रजां को दंगा भड़काने वाला माना है। उनको 11 मार्च को तलब किया गया है। साथ ही उस वक्त के पुलिस और प्रशासन के अफसरों के काम करने के तरीकों पर भी सवाल उठाये गए हैं। फैसले में साफ साफ कहा गया है कि बरेली और शासन स्तर के अधिकारियों ने विधिक रुप से काम ना करके सत्ता के इशारे पर बरेली के 2010 के मास्टर माइंड का सहयोग किया। अदालत ने इस आदेश की कापी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजने के भी निर्देश दिए हैं। फैसला देने वाले जज अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम रवि कुमार दिवाकर हैं, जो वाराणसी में चर्चित ज्ञानवापी प्रकरण पर भी फैसला सुना चुके हैं। उन्होंने अपने इस फैसले का जिक्र इस फैसले में भी किया है। अदालत से आये इस चर्चित फैसले ने बरेली के साल 2010 के जख्मों को फिर से ताजा कर दिया है। साल 2010 बरेली दंगे की चपेट में था। हर तरफ कोहराम था और हिंदू और मुस्लमानों का एक वर्ग एक दूसरे के खिलाफ जहर उगल रहा था। उस वक्त प्रदेश में बसपा की सरकार थी। अदालत के फैसले की कहानी दो मार्च 2010 को हुए मुकदमें से शुरू होती है। मुकदमा प्रेमनगर के थाना प्रभारी निरीक्षक करन सिंह की ओर से बरेली के 178 लोगों के खिलाफ नामजद व हजारों के खिलाफ अज्ञात में दर्ज किया गया था। आदेश के मुताबिक एफआईआर में साफ है कि एक धार्मिक समुदाय के लोग आगजनी, ईंट पत्थर और हथियारों के साथ बरेली की शांति व्यवस्था को छिन्न भिन्न कर रहे थे। तत्कालीन एडीएम सिटी राममोहन सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह, एसपी सिटी राकेश जौली जब मौके पर पहुंचे तस्ट्रेट मनोज सिंह, एसपी सिटी राकेश जौली जब मौके पर पहुंचे तब बलवाई भड़काऊ नारे लगा रहे थे। डीएम ने तुरंत कर्फ्यू लगा दिया।

केस डायरी और काटे गए पर्चो के हवाले से फैसले में कहा गया है कि आईएमसी के अध्यक्ष तौकीर रजा खां ने हिंदुओं को यह कह कर ललकारा कि अभी आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस को नहीं जाने दिया तो हिंदुओं के खून की नदियां बहा दूंगा। घर और दुकानों को तहस नहस करके आग के हवाले कर दूंगा। मौलाना को गिरफ्तार किया गया। फैसले में उस वक्त के बारावफात के जुलूस और कोहाड़ापीर पर हुई तकरीरों का भी जिक्र किया गया है। गवाहों की गवाही को भी लिखा गया है। केस डायरी, पर्चे और गवाहों के बयानातों में शहर के उस वक्त के भयावह माहौल की पूरी स्याह तस्वीर को सामने रखा गया है। कई बयानों और गवाहों के हवाले से यह पुष्टि की गई है कि मौलाना ने कोहाड़ापीर पर भड़काऊ भाषण भी दिया। जिससे भीड़ अनियंत्रित हो गई और दंगा फैल गया।

फैसले में कहा गया है कि दंगाइयों ने गुद्दड़ बाग और चाहबाई में अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते हुए गैर मुस्लिमों की दुकानों में तोड़फोड़ की, आग लगाई। मुस्लिम समाज के माकनों दुकानों पर छोटे छोटे हरे झंडे लगे थे, भीड़ बिना झंड़ो वाली दुकानों और मकानों में आग लगा रही थी। अदालत ने कहा है कि सभी बयानों से साफ है कि बरेली के दंगों के मुख्य मास्टर माइंड मौलाना तौकीर रजा खां ही थे। वह बरेली की प्रमुख दरगाह आला हजरत के परिवार से सम्बंधित हैं। आला हजरत दरगाह की मुस्लिम समाज में बहुत मान्यता है, वह एक धर्मगुरू की हैसियत रखते हैं तथा आईएमसी के अध्यक्ष भी हैं। उनका मुस्लिम समाज पर काफी प्रभाव है।

फैसले में कहा गया है कि जब कोई धार्मिक व्यक्ति सत्ता की कुर्सी पर बैठता है तब उसके अच्छे परिणाम होते हैं, दार्शनिक प्लेटो ने अपने ग्रंथ रिपब्लिक आफ फिलास्फर किंग में कहा है कि हमारे नगर राज्यों में तब तक कष्टों का अंत नहीं होगा जब तक कि दार्शनिक राजा ना हो। आज न्याय का मतलब कानून है प्लेटो के समय में यह धर्म था।

अभाविप ने ममता बनर्जी का फूंका पुतला

बांदा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को दहन किया। अभाविप ने कहा कि उनका 75 वर्षों से राष्ट्रीय हित में संघर्ष करता चला आ रहा है। पश्चिम बंगाल के संदेश खली का मामला सामने आया है। इससे पहले भी विभिन्न उत्पीड़न के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए ममता बनर्जी सरकार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। अभाविप के पदाधिकारी कार्तिकेय गुप्ता ने ममता बनर्जी सरकार का पुतला दहन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में प्रभारी अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन मे कहा है कि विद्यार्थी परिषद छात्र हितों के साथ राष्ट्र हितों एवं सामाजिक कार्यों में लगातार अग्रणी रहा है। दिव्यांशु मिश्रा ने बताया कि ममता बनर्जी सरकार के संरक्षण में स्वपोषित गुंडे, नेता, महिला उत्पीड़न को बढ़ावा दे रहे हैं। इस दौरान ज्योत्सना गुप्ता, अनामिका बेदी, आशीष अवस्थी, स्वतंत्र साहू, श्लोक द्विवेदी, युवराज सिंह, अभय साहू, यश केसरवानी, रोहन द्विवेदी, राघव तिवारी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

त्रिपुरा में पांच प्रतिशत अतिरिक्त डीए की घोषणा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को पांच प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता (डीए) देने की मंगलवार को घोषणा की। साहा ने विधानसभा में यह ऐलान करते हुए कहा कि इस फैसले से राज्य के 1,06,932 कर्मचारियों और 82,000 पेंशनभोगियों को लाभ होगा। महंगाई भत्ते में यह बढ़ोतरी एक जनवरी से लागू होगी। साहा ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बाद राज्य सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा। इसके लिए 500 करोड़ रुपये के वित्तपोषण की जरूरत होगी।

फ्लेक्सी फ्यूल वाहनों पर जीएसटी घटाने पर विचार कर रहा भारी उद्योग मंत्रालय

नयी दिल्ली। भारी उद्योग मंत्रालय फ्लेक्सी फ्यूल वाहनों (एफएफवी) पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) घटाने के अनुरोध पर विचार कर रहा है। इन वाहनों पर जीएसटी की दर इस समय 28 प्रतिशत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न हितधारकों और अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श कर रहा है। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद वित्त मंत्रालय को इस बारे में प्रस्तुति दी जाएगी। इसके बाद जीएसटी परिषद इस मुद्दे पर फैसला करेगी। उन्होंने कहा, हमें फ्लेक्स फ्यूल वाहनों पर जीएसटी कम करने के अनुरोध मिले हैं। हम विभिन्न हितधारकों और विभिन्न मंत्रालयों के विचारों को जानने के लिए इस मुद्दे पर बैठकें कर रहे हैं। हमें मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं। कुछ लोगों का कहना है एफएफवी पर मौजूदा 28 प्रतिशत कर में कमी जरूरी है। अधिकारी ने नाम न छपने की शर्त पर बताया, हमें यह समीक्षा करने के लिए कहा गया है कि एफएफवी पर जीएसटी को कम करने की जरूरत है या नहीं। फ्लेक्स फ्यूल पेट्रोल और मेथनॉल या एथनॉल को मिलाकर बना एक वैकल्पिक वैकल्पिक ईंधन है। एफएफवी एक से अधिक प्रकार के ईंधन से चल सकते हैं।

मुझे फंसाया और गिरफ्तार किया जा सकता है : जरांगे

छत्रपति संभाजीनगर। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को अपनी गिरफ्तारी की आशंका जतायी और कहा कि वह भाजपा की राह में कांटा हैं। जरांगे ने साथ ही यह दावा भी किया कि उनके खिलाफ एसआईटी जांच रिपोर्ट तैयार है। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पिछले सप्ताह सरकार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और जरांगे द्वारा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ की गई विवादास्पद टिप्पणी की व्यापक जांच का निर्देश दिया था। जरांगे ने बीड जिले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे एक विश्वसनीय स्रोत से पता चला कि एसआईटी की रिपोर्ट तैयार है। मुझे यह भी पता चला है कि मुझे गिरफ्तार किया जाएगा। उस व्यक्ति ने मुझसे कहा कि मैं भाजपा के रास्ते में कांटा हूं, इसलिए वे चाहते हैं कि मैं 10 प्रतिशत आरक्षण पर सहमत हो जाऊं, अन्यथा वे मुझे फंसा देंगे। पिछले महीने, महाराष्ट्र विधानमंडल ने शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला एक विधेयक पारित किया था। हालांकि, जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत समुदाय के लिए आरक्षण की मांग कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि 36 विधायकों की एक बैठक हुई थी और मराठा समुदाय के विधायकों को उनके खिलाफ बोलने के लिए कहा गया था।

उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बने अंकित

लखनऊ। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अंकित तिवारी उप्र युवा कांग्रेस मध्य को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बनाया। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने अंकित तिवारी को उप्र युवा कांग्रेस मध्य का प्रदेश अध्यक्ष कार्यवाहक नियुक्त किया है। अंकित तिवारी इसके पहले युवा कांग्रेस के लखनऊ के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव रहते हुए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा पार्टी के कार्यक्रमों एवं आन्दोलनों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया है।

हिंदू देवताओं का अपमान इंडिया गठबंधन के राजनीतिक एजेंडे की पहचान: भाजपा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ए राजा की हिंदुत्व और भगवान राम के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर विपक्षी इंडिया गठबंधन पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि सार्वजनिक रूप से भारत के लोकाचार का अपमान करना और हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित करना उसके राजनीतिक एजेंडे की पहचान बन गई है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि द्रमुक सांसद राजा ने तमिल में अपने हालिया भाषण में कहा है, भारत एक राष्ट्र नहीं है। इसे अच्छी तरह समझो। भारत कभी भी एक राष्ट्र नहीं है। एक राष्ट्र का अर्थ है एक भाषा, एक परंपरा, एक संस्कृति। तभी, यह एक राष्ट्र है। भारत एक राष्ट्र नहीं बल्कि एक उपमहाद्वीप है। प्रसाद ने द्रमुक नेता की कथित टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आरोप लगाया, यह माओवादी विचारधारा है। प्रसाद के मुताबिक राजा ने यह भी कहा, अगर यह आपका जय श्री राम है, अगर यह आपकी भारत माता की जय है, तो हम जय श्री राम और भारत माता को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। तमिल स्वीकार नहीं करते। आप जाइए और कहिए कि हम राम के शत्रु हैं। भाजपा नेता ने मांग की कि कांग्रेस और इंडिया के अन्य घटक दल आगे आएं और कहें कि क्या वे द्रमुक नेता की टिप्पणी से सहमत हैं। प्रसाद ने आरोप लगाया, हम इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने पूछा, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका (गांधी वाद्रा), मल्लिकार्जुन खरगे... क्या आप इसे (राजा की टिप्पणी को) सही मानते हैं? भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि भारत की पहचान को बदनाम करना और भारतीय आस्था का अपमान करना इंडिया गठबंधन की आदत और राजनीतिक एजेंडा बन गया है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि सार्वजनिक रूप से भारत के लोकाचार का अपमान करना, हिंदू देवताओं को अपमानित करना और भारत के मूल विचार पर सवाल उठाना विपक्षी गठबंधन के राजनीतिक एजेंडे की पहचान बन गया है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ अनुचित स्वतंत्रता लेते हैं।

एसबीआई का ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही सरकार: खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉन्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया। पिछले महीने अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार चुनावी बॉन्ड के माध्यम से अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने के लिए हमारे देश के सबसे बड़े बैंक को ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड की मोदी सरकार की काला धन रूपांतरण योजना कौ असंवैधानिक, आरटीआई का उल्लंघनै और अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया था और एसबीआई को 6 मार्च तक दाता विवरण प्रस्तुत करने के लिए कहा था, लेकिन भाजपा चाहती है कि इसे लोकसभा चुनाव के बाद किया जाए। उनके मुताबिक, इस लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म होगा और एसबीआई 30 जून तक डेटा साझा करना चाहता है। खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा इस फर्जी योजना की मुख्य लाभार्थी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मोदी सरकार आसानी से भाजपा के संदिग्ध सौदों को नहीं छिपा रही है, जहां राजमार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, बिजली संयंत्रों आदि के अनुबंध इन अपारदर्शी चुनावी बॉन्ड के बदले मोदी जी के करीबियों को सौंप दिए गए थे? खरगे ने कहा कि विशेषज्ञों का कहना है कि दानदाताओं की 44,434 स्वचालित डेटा प्रविष्टियों को केवल 24 घंटों में प्रकट और मिलान किया जा सकता है, फिर इस जानकारी को एकत्रित करने के लिए एसबीआई को 4 महीने और क्यों चाहिए? उनके अनुसार, कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट रुख रहा है कि चुनावी बॉन्ड योजना अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और समान अवसर को नष्ट कर देने वाली थी।

भुगतान न करने पर एलन मस्क पर मुकदमा

न्यूयॉर्क। ट्विटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और मुख्य कानूनी अधिकारी विजया गड्डे सहित कंपनी की पिछली नेतृत्व टीम ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। इसमें कहा गया गया है कि अरबपति कारोबारी ने उन्हें बिना किसी कारण के निकाल दिया और 12.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बकाये का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

अग्रवाल, गड्डे, ट्विटर के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी नेड सेगल और जनरल काउंसिल सीन एडगेट ने कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय में टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख और एक्स कॉर्प के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि मस्क के मन में अग्रवाल, गड्डे, सेगल और एडगेट के लिए बहुत अधिक गुस्सा है, क्योंकि इन लोगों ने मस्क के ट्विटर सौदे से पीछे हटने की कोशिस करने के दौरान ट्विटर के सार्वजनिक शेयरधारकों के हितों का जोरदार प्रतिनिधित्व किया। मुकदमे में यह भी कहा गया है कि उनके प्रयासों के चलते मस्क ने जीवन भर बदला लेने की कसम खाई है। अग्रवाल ने 2011 से 2022 तक ट्विटर में काम किया और 29 नवंबर, 2021 से 27 अक्टूबर, 2022 तक मंच के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रहे।

वित्तीय भेदभाव सहकारी संघवाद के लिए चुनौती: मंत्री

तिरुवनंतपुरम। केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का केरल के साथ वित्तीय भेदभाव सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा न होकर सहकारी संघवाद के लिए भी बड़ी चुनौती पेश करता है। इसके साथ ही बालगोपाल ने केंद्र सरकार से केरल समेत सभी राज्यों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बालगोपाल ने कहा कि केरल के खिलाफ केंद्र सरकार का वित्तीय भेदभाव सिर्फ एक राजनीतिक नारा नहीं है, बल्कि सहकारी संघवाद का सवाल है और राज्यों के हितों की रक्षा करना केंद्र सरकार का कर्तव्य है। वित्तीय मामलों पर केरल के खिलाफ कथित भेदभाव के लिए मौजूदा केंद्र सरकार को लगातार चुनौती देने वाले केरल के वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय भेदभाव के मुद्दे को अब कर्नाटक और अन्य गैर-भाजपा शासित राज्य भी उठा रहे हैं। इन राज्यों को केंद्र के हाथों अपना गला घोंटा हुआ महसूस हो रहा है। जब बालगोपाल से पूछा गया कि क्या वित्तीय मामलों पर राज्यों के खिलाफ केंद्र का कथित भेदभाव आगामी लोकसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के लिए एक चुनावी मुद्दा बनेगा, तो उन्होंने कहा, यह एक राजनीतिक मुद्दे से कहीं अधिक है। यह सहकारी संघवाद का सवाल है। उनका यह बयान केरल सरकार की तरफ से उच्चतम न्यायालय में दायर एक मामले के संदर्भ में आया है, जिसमें कर राजस्व का अपना उचित हिस्सा जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की अपील की गई है। बालगोपाल ने कहा, अब सब कुछ शीर्ष अदालत के फैसले पर निर्भर करता है। केंद्र सरकार ने हमें कई चीजों से वंचित कर दिया है, एक राज्य के तौर पर हमें अपने अधिकार से दूर रखा गया है। विकास के लिए वित्त जरूरी है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि केरल सरकार को शीर्ष अदालत से बहुत सकारात्मक परिणाम मिलेगा। इस मामले की सुनवाई जल्द ही होने वाली है।

राहुल और कांग्रेस दिशाहीन

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दावा किया कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधौ दिशाहीनै हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि वायनाड से सांसद गांधी ऐसे में देश को कैसे दिशा देंगे।

गांधी की चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा और शाम को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की उनकी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर, चौहान ने कहा कि बगुला भक्ति (नकली भक्ति) से कुछ नहीं होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता चौहान ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस और राहुल गांधी दिशाहीन हैं। वह देश को कैसे दिशा देंगे जब वह पार्टी और खुद को दिशा नहीं दे सकते। आगामी आम चुनाव के लिए मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा द्वारा मैदान में उतारे गए चौहान मंगलवार को 64 वर्ष के हो गए। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत में योगदान देना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पेड़ लगाकर पर्यावरण को बचाना तथा महिलाओं और लड़कियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इससे पहले चौहान ने भोपाल के स्मार्ट पार्क में पौधारोपण किया। लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, दो मार्च को राजस्थान के धौलपुर जिले से मध्य प्रदेश में प्रवेश कर गई। मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी और गुना से होते हुए यह मंगलवार को शाजापुर पहुंची।

पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ का बजट

चंडीगढ़। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है।

चीमा ने राज्य विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। उन्होंने कहा कि दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ रुपये कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं। बजट में फसल विविधीकरण योजनाओं के लिए 575 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। चीमा ने कहा, मैं वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,04,918 करोड़ रुपये के कुल बजट व्यय का प्रस्ताव करता हूं। प्रभावी राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा क्रमशः 2.77 प्रतिशत और 3.80 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में क्रमशः 3.13 प्रतिशत और 4.12 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि सरकार ने मालवा नहर परियोजना का प्रस्ताव दिया है, जिसका मकसद भूजल पर निर्भरता को कम करना और रबी फसल के दौरान ब्यास-सतलुज नदी के पानी का अधिकतम उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि नई मालवा नहर परियोजना के दायरे में लगभग ।,78,000 एकड़ क्षेत्र आएगा। इससे बठिंडा, फरीदकोट, फिरोजपुर और मुक्तसर जिलों के किसानों को लाभ होगा। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने मेहनती किसानों को खेती में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं और आप सरकार भविष्य में भी ऐसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करती रहेगी। उन्होंने कहा, हमारी सरकार हर तरह से अपने अन्नदाताओं के लिए प्रतिबद्ध है और उनके लिए लगातार समर्थन के तहत हमने वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि के लिए बिजली सब्सिडी के रूप में 9,330 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं मृदा और जल संरक्षण के लिए 194 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान का प्रस्ताव करता हूं। इसमें सिंचाई के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता देने की नाबार्ड की दो नई परियोजनाएं शामिल हैं। वित्त मंत्री ने शिक्षा क्षेत्र के लिए 16,987 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा भी की।

चालू वित्त वर्ष में अब तक 88.07 करोड़ टन कोयले का उत्पादन

नयी दिल्ली। भारत ने चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में 88.07 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया है और अब यह एक अरब टन के उत्पादन लक्ष्य से सिर्फ 11.93 करोड़ टन ही दूर है। वित्त वर्ष 2022-23 में देश का कुल कोयला उत्पादन 89.3 करोड़ टन रहा था।

चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार ने एक अरब टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य रखा हुआ है। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अप्रैल, 2023 से फरवरी, 2024 के दौरान देश का कुल कोयला उत्पादन 12 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 88.07 करोड़ टन (अनुमानित) हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 78.53 करोड़ टन था। इस दौरान फरवरी महीने में कोयला उत्पादन 12 प्रतिशत बढ़कर 9.66 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले 8.63 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि पिछले महीने सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन एक साल पहले के 6.87 करोड़ टन से आठ प्रतिशत बढ़कर 7.47 करोड़ टन (अनुमानित) हो गया। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक कुल कोयला लदान 11 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 88.24 करोड़ टन हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 79.44 करोड़ टन था। भारत दुनिया में कोयले के शीर्ष पांच उत्पादकों एवं उपयोगकर्ताओं में से एक है।

पेज एक का शेष

यूपी पुलिस

परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने की शिकायतें मिली थी। अगले छह महीने के अंदर फिर से परीक्षा करने का निर्देश दिया था। शासन को उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों तथा आयोग की रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया था कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी छह माह में फिर से कराई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए थे कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक और दंडात्मक कार्रवाई के लिए मामले की जांच राज्य की एसटीएफ को संदर्भित सौंपी जाए। एसटीएफ शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

राजभर, दारा चौहान

अति पिछड़ी जाति तथा अनिल कुमार अनुसूचित जाति (दलित) और सुनील शर्मा ब्राह्मण (अगड़ा) समाज से आते हैं। राष्ट्रीय लोक दल के प्रमुख जयंत सिंह चौधरी ने शनिवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी और औपचारिक रूप से राजग में शामिल हो गए थे। हाल तक विपक्षी दलों के समूह इंडिया का हिस्सा रहे जयंत सिंह पिछले कुछ समय से भाजपा के निकट होते दिख रहे थे और उनके पितामह पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न दिये जाने के बाद यह करीबी बढ़ती गयी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद 16 जुलाई 2023 को राजग में अपनी वापसी की घोषणा की थी। राजभर ने 2017 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन बाद में उनके रिश्ते खराब हो गये और वह योगी सरकार से इस्तीफा दे दिया था। राजभर ने 2022 में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और पिछले वर्ष सपा से गठबंधन तोड़कर पुनः राजग का हिस्सा बन गये। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली सरकार में वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान ने 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले मंत्री पद और भाजपा से इस्तीफा देकर सपा का दामन थाम लिया और 2022 में वह मऊ जिले की घोसी से विधानसभा सदस्य चुने गये थे। बाद में वह सपा और विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में लौट आये। घोसी उपचुनाव चौहान के इस्तीफे के कारण आवश्यक हो गया था। सितंबर 2023 में दारा सिंह चौहान घोसी उपचुनाव में सपा के सुधाकर सिंह से 42,759 वोटों के अंतर से हार गए थे और इसके बाद भाजपा ने उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया। घोसी पहले वह मधुबन विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे।

डेढ़ करोड़

बोडा की साइट तक एक्वालाइन मेट्रो कॉरिडोर के विस्तार परियोजना की डीपीआर तैयार की जाएगी। कैबिनेट ने जायका सहायतित आगरा जल संपूर्ति (गंगा जल) परियोजना को जल्द पूरा करने के लिए पुनरीक्षित लागत के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश कर्मचारी राज्य बीमा अस्पतालों में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन मिलने वाले भोजन की दर में बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने

ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर सके। पीठ ने सरकार को एक आवेदन दायर करने का निर्देश दिया और सरकार ने बाद में आवेदन के जरिए, आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया। सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने पीठ को सूचित किया कि उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ आज दोपहर बाद उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की गई है। सराफ ने उच्च न्यायालय से फैसले पर उचित समय तक स्थगन का अनुरोध किया।

पीठ ने हालांकि यह कहते हुए रोक लगाने से इनकार कर दिया कि उसने एक विस्तृत फैसले में कहा है कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपना मामला साबित करने में विफल रहा और उन्हें बरी कर दिया। अदालत ने कहा, हमने पहले ही आरोपियों को बरी कर दिया है और यदि किसी अन्य मामले में आवश्यकता नहीं हुई तो उन्हें तुरंत रिहा करने का निर्देश दिया है। हम उक्त आदेश को नहीं रोक सकते, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को प्रभावित कर सकता है। हम स्थगन के आवेदन को खारिज करते हैं। अपने फैसले में, उच्च न्यायालय ने कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत आरोपियों के खिलाफ आरोप लगाने के लिए अभियोजन पक्ष द्वारा प्राप्त मंजूरी को भी अमान्य करार दिया। अदालत ने कहा, अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। पीठ ने कहा, निचली अदालत का फैसला कानून के स्तर पर खरा नहीं उतरता है, इसलिए हम उक्त निर्णय को रद्द करते हैं। सभी आरोपियों को बरी किया जाता है। शारीरिक असमर्थता के कारण व्हीलचेयर पर रहने वाले 54 वर्षीय साईबाबा 2014 में मामले में गिरफ्तारी के बाद से कारागार में बंद हैं। वर्ष 2017 में, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले की एक सत्र अदालत ने कथित माओवादी संबंधों और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसी गतिविधियों में शामिल होने के लिए साईबाबा, एक पत्रकार और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक छात्र सहित पांच अन्य लोगों को दोषी ठहराया था। सत्र अदालत ने उन्हें यूएपीए और भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया था। उच्च न्यायालय की एक अन्य पीठ ने 14 अक्टूबर, 2022 को इस बात का संज्ञान लेते हुए साईबाबा को बरी कर दिया था कि यूएपीए के तहत वैध मंजूरी के अभाव में मुकदमे की कार्यवाही अमान्य थी।

सड़क हादसों में

अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने रामदीन (65), नेता (40) एवं रजनीश (27) को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए फर्रुखाबाद के सरकारी अस्पताल भेजा गया है। वहीं, कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-दो पर बारात से वापस आ रही तेज रफ्तार कार एवं खड़े एक ट्रक में टक्कर हो जाने से सात वर्षीय बच्ची सहित तीन लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। सिराथू के क्षेत्राधिकारी (सीओ) अवधेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी कस्बा से एक बारात फतेहपुर जिले के हथगांव गई थी। उन्होंने कहा कि आज सुबह बारात से वापस लौटते समय चालक को झपकी आ जाने के कारण कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। कार में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने दिव्यांशी (सात), हरेंद्र शर्मा (55) तथा राजकुमार (45) को मृत घोषित कर दिया।

फेसबुक व इंस्टाग्राम

में भी काफी यूजर्स के अकांउट अचानक लॉग आउट हो गये और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पहले तो लोगों ने समझा कि यह किसी प्रकार का कोई साइबर अटैक है। लेकिन कंपनी द्वारा आधिकारिक बयान आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

140 करोड़ भारतीय

नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने सोमवार को राज्य में आदिलाबाद से 56,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की थी। इसका उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि आज संगारेड्डी शहर में 7,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की गयी हैं। इन परियोजनाओं में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे कई प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने हैदराबाद में नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन (सीएआरओ) केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इसे नागरिक उड्डयन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) गतिविधियों को और बेहतर करने के लिए हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर स्थापित किया है। इसका उद्देश्य स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिए घरेलू और सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन क्षेत्र को एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करना है। इस पर 350 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। मोदी ने तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग-65 के 29 किलोमीटर लंबे पुणे-हैदराबाद खंड को छह लेन बनाने की आधारशिला भी रखी। यह परियोजना तेलंगाना के प्रमुख औद्योगिक केंद्र पाटनचेरु के पास पशमिलारम औद्योगिक क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छह नयी स्टेशन इमारतों के साथ सनतनगर-मौला अली रेल लाइन के दोहरीकरण और उसके विद्युतीकरण का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने घाटकेसर-लिंगमपल्ली से मौला अली-सनतनगर के बीच पहली एमएमटीएस (मल्टी-मोडल परिवहन सेवा) ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखायी। यह ट्रेन सेवा पहली बार हैदराबाद-सिकंदराबाद शहर क्षेत्रों में लोकप्रिय उपनगरीय ट्रेन सेवा को नए क्षेत्रों तक बढ़ाएगी। उन्होंने इंडियन ऑयल पारादीप-हैदराबाद उत्पाद पाइपलाइन का भी उद्घाटन किया। कुल 4.5 एमएमटीपीए की क्षमता वाली ।,212 किलोमीटर लंबी उत्पाद पाइपलाइन ओडिशा (329 किमी), आंध्र प्रदेश (723 किमी) और तेलंगाना (160 किमी) राज्यों से होकर गुजरती है। यह पाइपलाइन पारादीप रिफाइनरी से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम, अतचुतापुरम और विजयवाड़ा और तेलंगाना में हैदराबाद के पास मलकापुर के डिलीवरी स्टेशन तक पेट्रोलियम उत्पाद का सुरक्षित और किफायती परिवहन सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री ने

किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे। मोदी ने ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।

पूरा देश ही मोदी परिवार है : सीतारमण

पटना। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवार को लेकर राजद नेता लालू प्रसाद द्वारा की गई टिप्पणी के लिए उनकी आलोचना करते हुए कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री का परिवार है। सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह सही है। पूरा देश उन्हें अपना परिवार मानता है। पूरा देश प्रधानमंत्री का परिवार है। इस तरह के तुच्छ बयान देना सही नहीं है और यह बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, उन्होंने (लालू ने) दशकों तक राजनीति के क्षेत्र में काम किया है और राज्य के मुख्यमंत्री रहे हैं। लोगों को उनके (लालू) जैसे वरिष्ठ नेता से इस तरह की टिप्पणी की उम्मीद नहीं है। राजनीति में मर्यादा बनाये रखनी चाहिए। भाजपा ने प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने पर राजद प्रमुख को करारा जवाब दिया है। रविवार को पटना में अपनी जन विश्वास महारैली के दौरान लालू प्रसाद ने कटाक्ष किया था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं? वह राम मंदिर के बारे में डींगें हांकते रहते हैं। वह एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं।

संक्षेप

सिर में चोट लगने से पाक जूडो खिलाड़ी की मौत

कराची। पाकिस्तान के खैबर पख्तूंख्वा की एक युवा महिला जुडोका की प्रतिस्पर्धा के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। 20 वर्ष की फिजा शेर अली को मरदान में यूथ टैलेंट हंट के दौरान 44 किलोवर्ग के मुकाबले में सिर में चोट लगी थी। पाकिस्तान जूडो महासंघ के एक अधिकारी ने कहा कि वह पेशावर में बीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और ट्रायल के लिये मरदान आई थी। वह इस खेल में नई थी। उन्होंने बताया कि वह मैच के दौरान तुरंत गिर गई और फिर उठ नहीं सकी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इससे कुछ दिन पहले ही 16 वर्ष की एक टेनिस खिलाड़ी की भी आईटीएफ जूनियर मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

पाकिस्तानी मुक्केबाज साथी के बैग से पैसे चुराकर फरार

कराची। पाकिस्तान का एक मुक्केबाज अपने साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद इटली में गायब हो गया है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह खुलासा किया। जोहेब रशीद ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गया था। महासंघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इटली में पाकिस्तान दूतावास को इसकी जानकारी दी और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा, जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिये बहुत शर्मनाक है। वह वहां ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। जोहेब ने पिछले साल एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नासिर ने बताया कि महिला मुक्केबाज लौरा इकराम अभ्यास के लिये गई थी और जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली। इसके बाद वह होटल से गायब ही हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है लेकिन वह किसी के संपर्क में नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान का कोई खिलाड़ी विदेश जाकर यूं गायब हुआ हो।

धर्मशाला में इंग्लैंड और प्रशंसकों को घर जैसा माहौल

धर्मशाला। भारत दौरे पर नतीजे इंग्लैंड के अनुरूप नहीं रहे लेकिन उनके प्रशंसकों के समर्थन में कोई कमी नहीं आयी है और इस गुरुवार से शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट मैच के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक यहां पहुंचे हैं। टेस्ट मैच शुरू होने से दो दिन पहले ही हजारों की संख्या में प्रशंसक इस पर्वतीय शहर में पहुंच गये है। बार्मी आर्मी ने श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड के प्रशंसकों को लगातार सहायता प्रदान की है, लेकिन हिमालय की खूबसूरत पृष्ठभूमि के बीच टेस्ट क्रिकेट देखने की संभावना ने उनके और अधिक प्रशंसकों को आकर्षित किया है। दिल्ली हवाई अड्डे से धर्मशाला के लिए सुबह की तीन उड़ानें इंग्लैंड के प्रशंसकों से भरी थी। इनमें से एक विमान में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा कुछ भारतीय प्रशंसकों के साथ मौजूद थे। गग्गल हवाई अड्डे पर पहुंचने पर इंग्लैंड के प्रशंसक पृष्ठभूमि में बर्फ से ढके पहाड़ों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए। साल के इस समय असामान्य रूप से सर्द मौसम इंग्लैंड के प्रशंसकों को घर जैसा महसूस करा रहे है। लिवरपूल से यहां आये एक प्रशंसक ने कहा, इस तरह का मौसम हम अप्रैल और मई में इंग्लैंड में देखते हैं। यह हमारे लिए गर्मियों की शुरुआत जैसा लगता है और हम इसे पसंद कर रहे हैं। यह जगह बिल्कुल आश्चर्यजनक है। श्रृंखला अगर 2-2 की बराबरी पर होती तो यह और रोमांचक होता। प्रशंसकों के साथ इंग्लैंड के खिलाड़ियों को भी यह जगह और यहां का मैदान काफी रास आ रहा है। टीम के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के बीच में मिलने वाले समय के दौरान यहां के बर्फ से ढके हुए पर्वतों को निहारते दिखे। अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने को तैयार जॉनी बेयरस्टो ने भी माना कि यह दुनिया के सबसे खूबसूरत मैदानों में से एक है। उन्होंने कहा, यह बिल्कुल आश्चर्यजनक है, मुझे नहीं लगता कि दुनिया में इससे अधिक सुंदर मैदान है। केप टाउन (न्यूलैंड्स मैदान) मेरी पसंदीदा जगहों में से एक है। लेकिन जब आप यहां के बर्फ से ढके पहाड़ों और यहां के माहौल को देखे तो यह काफी अविश्वसनीय है। यहां की पिच भारत के अन्य मैदानों की तरह सपाट है लेकिन सर्द मौसम के कारण तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, जाहिर तौर पर दिन की शुरुआत में नमी के कारण तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी लेकिन बाद में यह स्पिनरों के लिए भी मददगार होगा। बेयरस्टो का भी मानना है पिच से किसी भी टीम को अनुचित लाभ नहीं मिलेगा।

आंकड़ों का दुर्लभ संयोग : अश्विन और बेयरस्टो एक ही साथ पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते दिखेंगे। ऐसा पहला मौका साल 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये मैच में आया था जब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को हासिल किया था। दक्षिण अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100 वां टेस्ट खेला था। इस इकलौता मौका है जब तीन खिलाड़ियों ने एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। इसके बाद 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट में अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह केवल दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के ठीक एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच के दौरान एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया है। वह हाल ही में खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 500 विकेट का आंकड़ा पार करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में भारत पहले ही 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

भारतीय मुक्केबाजों का खराब प्रदर्शन जारी

बस्तो अर्सिज़ियो (इटली)। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर यहां चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में अपनी चुनौती पेश कर रहे चाहर सोमवार को यहां ईरान के 2021 के एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज करके वापसी की लेकिन तीसरे राउंड में वह यह प्रदर्शन बरकरार नहीं रख पाए। मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड का समय बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और भारतीय मुक्केबाज को नॉकआउट कर दिया। इस तरह से भारत के अभी तक जो चार मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए।

सपना कश्यप बनी यूपी सीनियर महिला हैंडबॉल की कप्तान

- 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम करेगी प्रतिभाग

लखनऊ। कानपुर की सपना कश्यप को हाथरस (उत्तर प्रदेश) में 7 से 12 मार्च 2024 तक होने वाली 52वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए घोषित उत्तर प्रदेश की सीनियर महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। उपकप्तान गोरखपुर की आरती यादव होंगी।

उत्तर प्रदेश की चयनित टीम की घोषणा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित शिविर की समाप्ति के बाद उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने की। इसी के साथ संघ के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने टीम में चयनित खिलाड़ियों को किट प्रदान करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम ने इस चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में कांस्य पदक जीता था। इस बार टीम में 7 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल है। खिलाड़ियों ने शिविर में कड़ी मेहनत की है और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उनके बेहतर प्रदर्शन का विश्वास है।

उत्तर प्रदेश सीनियर महिला हैंडबॉल टीम
सपना कश्यप -कप्तान, विशाल्या (कानपुर), आरती यादव- उपकप्तान, प्रिया, निक्की, ज्योति चौहान, समद्धिसिंह, युक्ता (गोरखपुर), रितु पाल, आफरीन, खुशबू (लखनऊ), अंकिता, सुनीता, राधना, कनीजफातिमा (बस्ती), सताक्षी, तेजस्विनी सिंह, आकांक्षा सिंह, रागिनी शर्मा (एसएसबी), आराधना त्रिपाठी, मुस्कान तिवारी (अयोध्या), मुख्य कोच : मो. तौहीद (लखनऊ), कोच : अंकिता रत्न (लखनऊ), हिना खातून (बलरामपुर)।

मुंबई इंडियन्स को हराकर दिल्ली कैपिटल्स शीर्ष पर

नयी दिल्ली। कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराकर तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स की पारी को आठ विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की यह पांच मैचों में चौथी जीत है और टीम आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई की टीम की यह पांच मैचों में दूसरी हार है। डब्ल्यूपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए यह मुंबई की पहली हार है।

फ्रेंच ओपन: सात्विक-चिराग और त्रिसा- गायत्री का जीत से आगाज

पेरिस। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी मंगलवार को यहां मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की। मलेशिया की इस जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह आठ मैचों में पांचवीं जीत है। साल 2022 की चैम्पियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह दोनों महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है।



सेंसेक्स में गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में चार कारोबारी सत्रों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 195 अंक के नुकसान में रहा। वहीं एनएसई निफ्टी 22,400 के नीचे आ गया।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच आईटी और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) के शेयरों में नुकसान से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 195.16 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,677.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय सेंसेक्स 460.04 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 49.30 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,356.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए थे। सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद घरेलू बाजार आज सीमित दायरे में रहा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में बयान से पहले वैश्विक स्तर पर सतर्क रुख का असर घरेलू बाजार पर दिखा। चीन से कोई महत्वपूर्ण प्रोत्साहन उपायों के अभाव में धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस चार-चार प्रतिशत से अधिक नुकसान में रहीं। इसके अलावा, नेस्ले, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर में भी गिरावट रही।

रुपया 82.89 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 82.89 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशों में अपने प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने तथा शेयर बाजार की कमजोर धारणा के बीच रुपये में गिरावट देखी गई। बाजार सूत्रों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विदेशी कोषों की सतत निकासी के कारण रुपया दबाव में रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 82.88 से 82.93 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 82.89 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।

वृद्धि के लिए व्यावसायिक सत्यनिष्ठा महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली। अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि के लिए व्यावसायिक सत्यनिष्ठा बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कंपनियों की पहली जिम्मेदारी ऐसे बहीखातों को तैयार करने की है, जिन पर भरोसा किया जा सकता है। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरमैन ने जोर देकर कहा कि लगातार सतर्कता बरतने की जरूरत है, ताकि पारदर्शिता और शासन व्यवस्था का प्रत्येक तत्व ठीक से और पूरी क्षमता से काम करे। वह यहां राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण द्वारा पारदर्शी वित्तीय रिपोर्टिंग और लेखापरीक्षा गुणवत्ता - कॉरपोरेट प्रशासन के स्तंभ विषय पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

भूषण ने कहा, कंपनियों की पहली जिम्मेदारी ऐसे बहीखातों को तैयार करने की है, जिन पर भरोसा किया जा सकता है। कई मामलों में, कमजोर लेखा प्रथाओं के कारण वित्तीय घोटाले हुए हैं। यदि रिकॉर्ड सही तरह से नहीं रखे गए हैं, वित्तीय परिणाम सटीक नहीं हैं, तो पूरे कारोबारी माहौल को नुकसान होता है।

उन्होंने कहा कि अगर वित्तीय स्थिति निष्पक्ष रूप से नहीं बताई गई, तो संस्थानों और निवेशकों से पैसा जुटाना मुश्किल हो जाता है। सम्मेलन में एनएफआरए के चेयरमैन अजय भूषण प्रसाद पांडेय ने कहा कि जब नियामक ने काम शुरू किया, तो उसने निरीक्षणात्मक नजरिए की जगह प्रवर्तन नजरिए पर ध्यान केंद्रित किया, क्योंकि उस दौर में वक्त की मांग यही थी।

बेरोजगारी दर घटकर 3.1 % पर

नयी दिल्ली। सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर तीन प्रतिशत पर आ गई।

कर्नाटक सरकार पर बरसे नड्डा

आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने का लगाया आरोप

एजेंसी

चिकोडी (कर्नाटक)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने पाकिस्तान समर्थक नारे के मुद्दे पर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और उसके नेतृत्व पर जोरदार निशाना साधते हुए मंगलवार को सवाल किया कि क्या वे पाकिस्तान की भाषा बोलने के लिए पार्टी चला रहे हैं और क्या वे भारत में पड़ोसी देश के प्रतिनिधि हैं। पिछले सप्ताह शहर के लोकप्रिय रेस्तरां द रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट का जिक्र करते हुए भाजपा नेता ने कर्नाटक में कांग्रेस और उसकी सरकार पर आतंकवादियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता सैयद नासिर हुसैन के समर्थकों ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में उनकी जीत का जश्न मनाते हुए विधान सौध में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। घटना का एक वीडियो टीवी चैनलों पर प्रसारित किया गया और यह सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया।

फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की रिपोर्ट में नारे लगाये जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने सोमवार को घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। नड्डा ने यहां बूथ स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, विधानसभा चुनाव के नतीजे हमारे पक्ष में नहीं आए हैं, लेकिन अब तक आपको और कर्नाटक की जनता को भी यह एहसास हो गया होगा कि जिस सरकार को उन्होंने चुना है वह उन्हें धोखा दे रही है और उन्हें गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया, अगर कर्नाटक में कुछ भी मुफ्त उपलब्ध है तो वह आतंकवाद है, आतंकवादियों को प्रोत्साहन और संरक्षण मिल रहा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा, कैसी स्थिति आ गई है। विधान सौध में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे हैं और कांग्रेस के मुख्यमंत्री (सिद्धरमैया) और उपमुख्यमंत्री (डी. के. शिवकुमार) मूकदर्शक बने हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां से आते हैं? क्या वह इसी राज्य से नहीं हैं? सांसद वह व्यक्ति हैं जो उनके (खरगे के) बगल में बैठते हैं, जिसकी जीत पर (राज्यसभा चुनाव में) पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाते हैं।

वंशवाद वाली पार्टियां देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं : शाह

जलगांव (महाराष्ट्र)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सवाल किया कि वंशवाद को बढ़ावा देने वाली और आंतरिक लोकतंत्र से रहित पार्टियां देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं। उत्तरी महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक युवा रैली में बोलते हुए उन्होंने लोगों से उन पार्टियों को वोट देने का आग्रह किया जो लोकतंत्र को मजबूत करें।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, जो पार्टियां अपने संगठनों में लोकतंत्र के बजाय वंशवादी राजनीति (परिवारवाद) को बढ़ावा देती हैं, वे देश के लोकतंत्र को कैसे मजबूत कर सकती हैं? उन पार्टियों को वोट दें जो लोकतंत्र को मजबूत करें। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक वोट देने का मतलब भारत और नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए

वोट देना है। उन्होंने कहा, भाजपा को वोट देने का मतलब युवाओं के शानदार भविष्य के लिए मतदान करना है।

संक्षेप

ट्रंप ने नॉर्थ डकोटा कॉकस में मिली जीत

बिस्मार्क (अमेरिका)। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी का उम्मीदवार चुने जाने की प्रक्रिया के तहत डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को नॉर्थ डकोटा कॉकस के चुनाव में जीत हासिल की। पूर्व राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत निक्की हेली के खिलाफ 12 कॉकस स्थलों पर हुए मतदान में पहला स्थान प्राप्त किया। इस नतीजे से ट्रंप वापस जीत की पटरी पर लौट आए हैं। इससे पहले उन्हें रविवार को डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया के प्राइमरी चुनाव में हेली से हार का सामना करना पड़ा था। व्हाइट हाउस पहुंचने की दौड़ में शामिल दोनों उम्मीदवारों ने अब सुपर ट्यूजडे पर अपनी नजरें गड़ा दी हैं जब 16 राज्यों में मुकाबलों के नतीजे आएंगे। सुपर ट्यूजडे अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के चयन के लिए प्राइमरी चुनाव प्रक्रिया का वह दिन होता है, जब सबसे अधिक राज्यों में प्राइमरी और कॉकस चुनाव होते हैं।

मालदीव के राष्ट्रपति ने जताया भारतीय सैनिको के खिलाफ कड़ा विरोध

एजेंसी

माले। भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा , यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आयी एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक

उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी। एक समाचार पोर्टल एडीशन डॉट एमवी ने बताया कि उन्होंने बा द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे।

न्याय यात्रा में लगे मोदी-मोदी के नारे

एजेंसी

शाजापुर (मप्र)। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को जब मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर से गुजर रही थी तो उनका मोदी-मोदी के नारे के साथ

राहुल नारा लगाने वालों से मिले

स्वागत किया गया। कांग्रेस नेता ने अपना काफिला रोककर नारे लगाने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। गांधी को आगे बढ़ने से पहले अपने वाहन से भाजपा कार्यकर्ताओं को फ्लाइंग किस देते हुए देखा गया। गांधी की यात्रा ने

शनिवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी शासित मध्य प्रदेश में प्रवेश किया।

विदेश मंत्री ने द. कोरिया के पीएम से द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

एजेंसी

सियोल। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में यहां आये हैं। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, सियोल में आज दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा कल होने वाली संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं।

जयशंकर की इस यात्रा से पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का मौका भी प्रदान करेगा।

दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से मुलाकात करने से पहले जयशंकर ने वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार चांग हो-जिन से भेंट की तथा उनके साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परस्पर हित के विषयों तथा सम-सामयिक क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर सार्थक वार्ता की। उन्होंने एक्स पर लिखा, मेरी दक्षिण कोरिया की यात्रा की अच्छी शुरुआत हुई। आज सियोल में राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक चांग हो-जिन से मिला। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परस्पर हित तथा सम-सामयिक क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर उनके साथ सार्थक वार्ता हुई। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्री ऐन डूकजेउन से भी भेंट की।

उ. कोरिया ने अमेरिका-द. कोरिया को धमकाया

एजेंसी

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को उसके खिलाफ हमले की साजिश बताते हुए मंगलवार को कहा कि वह जवाबी कार्वाई करने से पीछे नहीं हटेगा। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं ने फ्रीडम शील्ड नामक एक कंप्यूटर-सिम्युलेटेड (ऐसी मशीन जो प्रशिक्षण या अनुसंधान के उद्देश्य से वांछित वातावरण का अनुभव देती है) कमांड पोस्ट और युद्ध क्षेत्र में प्रशिक्षण का 11 दिवसीय अभ्यास शुरू किया। सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में

उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वह एक संप्रभु राष्ट्र के लिए सैन्य खतरा पैदा करने की साजिश के लिए

युद्धाभ्यास पर ऐतराज

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी निंदा करता है। बयान में एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया कि उत्तर कोरिया अपने शत्रुओं के कृत्यों पर नजर रखेगा और इसकी जवाबी कार्वाई में आवश्यक कदम उठाएगा।

यूक्रेन ने काला सागर में रूसी युद्धपोत पर ड्रोन हमला

एजेंसी

कीव। यूक्रेन ने मंगलवार को दावा किया कि उसने उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काले सागर में एक और रूसी युद्धपोत को डुबो दिया है। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे के पीछे के लक्ष्यों को निशाना बनाना जारी रखे हुए है। रूसी प्राधिकारियों ने दावे की पुष्टि नहीं की। यूक्रेन सैन्य खुफिया एजेंसी ने कहा कि एक विशेष अभियान इकाई ने बड़े गश्ती जहाज सर्गेई कोतोव को चालक रहित मगुरा वी5 से रात को नष्ट कर दिया। उसने कहा कि मगुरा वी5 यूक्रेन में डिजाइन और निर्मित था और विस्फोटक से लैस था। यूक्रेन ने कहा गश्ती जहाज को केर्च जलडमरूमध्य के पास निशाना बनाया गया और वह कथित तौर पर क्रूज मिसाइल और लगभग 60 चालक दल को ले जा सकता था। यूक्रेन के दावे को तत्काल स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका और फरवरी 2022 में रूस द्वारा अपने पड़ोसी यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किये जाने के बाद शुरू हुई लड़ाई की दुष्प्रचार एक विशेषता रही है।

इंटरटेनमेंट...

अजय देवगन ने शेयर किया 'मैदान' का नया पोस्टर

मुंबई। अजय देवगन ने आज अपनी आगामी फिल्म 'मैदान' का नया पोस्टर आउट किया है। उन्होंने कैप्शन लिखा- एक व्यक्ति, एक टीम, एक राष्ट्र और उस अटूट विश्वास की असाधारण कहानी का गवाह बनें जिसने फुटबॉल के इतिहास पर एक अविश्वसनीय छाप छोड़ी! आगे अजय देवगन ने फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट- 7 मार्च भी बताई। 'मैदान' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में अजय देवगन फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के किरदार में दिखेंगे, जो कि माना जाता है भारतीय फुटबॉल के संस्थापक हैं। सैय्यद अब्दुल रहमान ने 1950 से 1963 तक भारतीय फुटबॉल टीम के कोच और प्रबंधक के रूप में काम किया था। 'मैदान' में अजय देवगन के



अलावा प्रियामणि और गजराज राव जैसे एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। ये फिल्म बोनी कपूर और जी स्टूडियोज के बैनर तले रिलीज होगी। अजय देवगन ने ये कैप्शन लिखकर फिल्म का पोस्टर आउट किया। फिल्म का पोस्टर आउट होते ही यूजर्स ने अपने रिएक्शन दिए। जहां एक यूजर ने लिखा- 'मैदान' ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित होगी। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- अजय देवगन मेरे पसंदीदा एक्टर हैं। उनकी फिल्म सुपरहिट होगी। खबरों की मानें तो 'मैदान' की अनाउंसमेंट 2018 में की गई थी। 2019 में इस फिल्म की रिलीज की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा ना हो सका। मेकर्स फिर 'मैदान' को 2023 में रिलीज करना चाह रहे थे। हालांकि पिछले साल 'टाइगर 3', 'एनिमल', 'डंकी' जैसी रिलीज की वजह से एक बार फिर इस फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी गई। अब फाइनली 'मैदान' ईद के मौके पर रिलीज होगी। अजय देवगन जल्द ही 'शैतान' में भी दिखाई देंगे। 'शैतान' पिछले साल रिलीज हुई गुजराती फिल्म 'वश' की रीमेक है। फिल्म की कहानी काले जादू और वशीकरण पर बेस्ड है। जहां माधवन 'शैतान' के रूप में दिखाई देंगे। वहीं अजय देवगन अपने परिवार को काले जादू से बचाते दिखाई देंगे।

अंबानी प्री-वेडिंग पार्टी में शाहरुख के मजाक पर बवाल

जामनगर। जामनगर में तीन दिनों तक चले अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इसी बीच एक वीडियो सामने आया है जिसमें शाहरुख साउथ के सुपरस्टार राम चरण को 'इडली राम चरण' कहकर बुला रहे हैं। शाहरुख के इस कमेंट को लेकर सोशल मीडिया पर उनका विरोध किया जा रहा है। यह वीडियो इवेंट के दूसरे दिन का है जब तीनों खान स्टेज पर परफॉर्म कर रहे थे। तीनों ने पहले इस गाने का हुक स्टेप करने की कोशिश की और फिर राम चरण को यह स्टेप सिखाने के लिए स्टेज पर बुलाया। इस दौरान शाहरुख ने माइक पर मजाक करते हुए कहा, ह्यनारकुंडा नारचप्पा इंडवंदिनी भेंड इडली राम चरण कम हेयर।

बैंक की जॉब छोड़ ग्लैमर फील्ड में आना चैनेंजिंग रहा

मुंबई। शेमारू उमंग पर हाल ही में टीवी शो 'चाहेंगे तुम्हें इतना' टेलीकास्ट हुआ है। इसमें भोपाल की रहने वाली स्वाति शर्मा मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में स्वाति से शो और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें हुई। जवाब- मेरे किरदार का नाम आशी है। इस किरदार में भावनाओं की कई परतें मौजूद हैं। शुरूआती एपिसोड्स में इमोशनल सीन को शूट करते वक्त मैं ग्लिसरीन पर निर्भर रहा करती थी, लेकिन अभय भार्गव सर ने मुझे अपने किरदार को गहराई से महसूस करने की सलाह दी। नतीजतन, मैंने न केवल पर्दे पर बल्कि असल जिंदगी में भी आशी के साथ जुड़ना शुरू कर दिया। जिस तरह आशी का अपने बाबा के साथ मजबूत रिश्ता है, उसी तरह मैं भी अपने पिता के साथ एक खास रिश्ता साझा करती हूं। जवाब- 'चाहेंगे तुम्हें इतना' में मेरा किरदार मेरे स्वभाव से अलग है। यह एक बहू और ससुर की कहानी है। आशी मेरी लाइफ से बिल्कुल अलग है। शो में ससुर अपनी बहू आशी को बेटी की तरह मानते हैं। शादी के बाद पढ़ाई करा रहे हैं।

'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। रणदीप हुड्डा स्टारर 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में लीड रोल प्ले करने के साथ ही रणदीप इससे अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू भी कर रहे हैं। फिल्म में रणदीप के अलावा अंकिता लोखंडे और अमित सियाल अहम रोल में नजर आएंगे। यह 22 मार्च को हिंदी और मराठी में रिलीज होगी। फिल्म में एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे फीमेल लीड रोल प्ले कर रही हैं।

फिल्म में सावरकर के बचपन से लेकर उनके आखिरी दिनों तक की कहानी बयां की जाएगी। साढ़े 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर में सावरकर के जीवन की कई अहम घटनाओं का जिक्र किया गया है। इस ट्रेलर में सावरकर के अलावा महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह जैसे कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जवाहर लाल नेहरू और जिन्ना जैसे राजनेता नजर आ रहे हैं। अंकिता इस फिल्म में वीर सावरकर की पत्नी यमुनाबाई की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में रणदीप के अलावा भी कई कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म में रणदीप के अलावा भी कई कलाकार अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। ये वो कहानी नहीं है। ये सागर तो भारत माता के

चरण धोता है.. पूरी दुनिया घुमाकर मुझे फिर से तुम्हारे पास ले आएगा। फौज में भर्ती हो जाओ और ट्रेनिंग लो, फिर समय बताएगा कि उस बंदूक की नली किस तरफ घुमानी है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com